CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 18°C
न्यूनतम : 08°C

हल्द्वानी, बुधवार 28 जनवरी 2026 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 153 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | माघ शुक्ल पक्ष 9 विक्रमी सम्वत् 2082 | 8 शाबान 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



गणतंत्र दिवस परेड में विपक्ष को अपमानित किया गया: खड़गे — पेज 2



पाकिस्तान के टी-20 विश्वकप में खेलने पर अंतिम फैसला 2 फरवरी तक — खेल टाइम्स



सनातन, संत, सत्ता और संग्राम — सम्पादकीय




न्यूजीलैंड के खिलाफ 4-0 की बढ़त पर भारत की नजरें — खेल टाइम्स

## संक्षिप्त समाचार

### सुप्रीम कोर्ट ने पेड़ों की कटाई में हस्तक्षेप से किया इन्कार

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को अहमदाबाद में रिवरफ्रंट विकास परियोजना के दूसरे चरण के लिए पेड़ों की कटाई में हस्तक्षेप करने से इन्कार कर दिया। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई, न्यायमूर्ति आर. महादेवन और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ अहमदाबाद के हंसोल गांव के एक निवासी द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें परियोजना के लिए बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई पर चिंता जताई गई थी। न्यायालय ने राहत देने से इन्कार करते हुए कहा कि जो पेड़ काटे गए वे मुख्य रूप से जंगली झाड़ियां और स्वत: उगने वाले पेड़ थे, जिन्हें दोबारा उगने में अधिक प्रयास की आवश्यकता नहीं होगी। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि विकास और पर्यावरण को साथ-साथ चलना होगा।

### रक्षा प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में तेजी से सोचें वैज्ञानिक : राजनाथ

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने वैज्ञानिकों से तेजी से बदल रही प्रौद्योगिकी के साथ तारतम्य बनाने का आह्वान करते हुए कहा है कि उन्हें 'सर्वाइवल ऑफ द फास्टेस्ट' के सिद्धांत यानी जो तेजी से सोचता है, निर्णय लेता है और प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल करता है वही आगे रहता है पर चलना होगा। स्वदेशी प्रौद्योगिकी के महत्व पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने यह सिद्ध कर दिया है कि स्वदेशी प्रणालियां भारत की संचालन तैयारियों को सशक्त बना रही हैं। श्री सिंह ने गणतंत्र दिवस परेड में विशेष अतिथि के रूप में भाग लेने वाले रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के वैज्ञानिकों तथा तकनीकी कर्मियों से मंगलवार को यहां मुलाकात की।

### मनरेगा को बर्बाद कर सरकार का मकसद मज़दूरों को ग़ुलाम बनाना है : राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना-मनरेगा को सोच समझकर खत्म किया है और इस योजना को बर्बाद करने का उनका मकसद मजदूरों को गुलाम बनाना है। श्री गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर मंगलवार को एक पोस्ट में कहा कि मोदी सरकार का मनरेगा को बर्बाद करने का मकसद गरीब श्रमिकों को बर्बाद करना है। इस तरह की पहल कर सरकार मज़दूरों को ग़ुलाम बनाने की कोशिश कर रही है।

### बजट की तैयारियों का अंतिम चरण शुरू

**नई दिल्ली।** केंद्रीय बजट की तैयारी प्रक्रिया के अंतिम चरण का प्रतीक 'हलवा' समारोह मंगलवार को यहां नॉर्थ ब्लॉक के बजट प्रेस में आयोजित किया गया। केंद्रीय बजट 2026-27 के अंतिम चरण के लिए आयोजित इस कार्यक्रम में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी और मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। पारंपरिक 'हलवा समारोह' का मतलब है कि बजट तैयार करने की प्रक्रिया अंतिम चरण में पहुंच गई हैं।

# यूजीसी के नए नियम के खिलाफ याचिका दायर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में हाल ही में अधिसूचित 'विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (उच्च शिक्षण संस्थानों में समानता को बढ़ावा देना) विनियम, 2026' के नियम 3(सी) को चुनौती दी गई है।

याचिका में तर्क दिया गया है कि इस प्रावधान के तहत 'जाति-आधारित भेदभाव' की परिभाषा गैर-समावेशी है। नियम 3(सी) 'जाति-आधारित भेदभाव' को केवल 'अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के सदस्यों के विरुद्ध जाति या जनजाति के आधार पर होने वाले भेदभाव के रूप में परिभाषित करता है। याचिकाकर्ता विनीत जिंदल ने आरोप लगाया है कि यह प्रावधान संस्थागत सुरक्षा और शिकायत निवारण तंत्र को विशेष रूप से केवल एससी, एसटी और ओबीसी श्रेणियों तक सीमित करता है। इस प्रकार, यह अन्य जाति समूहों के उन व्यक्तियों को बाहर कर देता है, जिन्हें जाति के आधार पर भेदभाव का सामना करना पड़ सकता है। याचिका में दावा किया गया है कि यह नियम अपने वर्तमान स्वरूप में गैर-एससी/एसटी/ओबीसी व्यक्तियों को शिकायत निवारण और संस्थागत सुरक्षा उपायों तक पहुंच से वंचित करता है।

- सुप्रीम कोर्ट में दी उच्च शिक्षण संस्थानों में समानता को बढ़ावा देना विनियम, 2026' के नियम 3 (सी) को चुनौती



## यूपी गैंगस्टर एक्ट और भारतीय न्याय संहिता के प्रावधानों में टकराव पर उप्र सरकार तलब

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश गैंगस्टर्स एवं असामाजिक क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1986 और भारतीय न्याय संहिता, 2023 (बीएनएस) की धारा 111 (संगठित अपराध) के बीच कथित संवैधानिक असंगति के मुद्दे पर उत्तर प्रदेश सरकार से जवाब तलब किया है न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ यूपी गैंगस्टर एक्ट के तहत आरोपी कई व्यक्तियों द्वारा दायर रिट याचिकाओं के एक समूह की सुनवाई कर रही थी।

22 जनवरी को मामले की सुनवाई के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता अमित आनंद तिवारी, सिद्धार्थ दवे, विनय नवारे, अमित कुमार और संजय कुमार पाठक ने राज्य के कानून और हाल में लागू केंद्रीय कानून के बीच संवैधानिक टकराव का मुद्दा उठाया था। याचिकाओं में यूपी गैंगस्टर एक्ट की धारा 3 (दंड), धारा 12 (विशेष न्यायालयों द्वारा मुकदमे की प्राथमिकता), धारा 14 (संपत्ति की कुर्की), धारा 15 (संपत्ति की सुपुर्दगी), धारा 16 (संपत्ति अर्जन के स्वरूप की जांच) और धारा 17 (जांच के बाद आदेश) को चुनौती दी गई है। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश गैंगस्टर्स एवं असामाजिक क्रियाकलाप (निवारण) नियम, 2021 की कुछ धाराओं-नियम 16 (3), 22, 35, 37(3) और 40 को भी असंवैधानिक बताया गया है।

### पश्चिम बंगाल में दो गोदामों में आग आठ की मौत

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के साउथ 24 परगना जिले में दो गोदामों में आग लगने से 8 लोगों की मौत हो गई। कई मजदूर लापता हैं। पुलिस के मुताबिक आग सुबह करीब 3 बजे लगी। दमकल की 12 गाड़ियों ने करीब 7 घंटे की मशक्कत के बाद सुबह 10 बजे आग पर काबू पाया। हालांकि गोदाम के कुछ हिस्सों में देर शाम तक धुआं और आग की लगी रही। शाम करीब 5 बजे तीन शव मिले। बाद में तलाशी के दौरान पांच और शव बरामद किए गए। बारुईपुर पुलिस जिला एसपी शुभेंदु कुमार ने बताया कि सभी शव इतनी बुरी तरह झुलसे हैं कि पहचान संभव नहीं है।

# दुनिया में दो अरब आबादी का सबसे बड़ा साझा बाजार बनेगा

## भारत-ईयू मुक्त व्यापार संधि की घोषणा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारत और यूरोप के 27 देशों के समूह यूरोपीय संघ (ईयू) ने मंगलवार को ऐतिहासिक मुक्त व्यापार संधि की घोषणा की, जिससे दुनिया में दो अरब लोगों की संयुक्त आबादी का अब तक का सबसे बड़ा साझा मुक्त बाजार बनेगा। इस समझौते के तहत 99 प्रतिशत भारतीय उत्पादों को प्राथमिकता के आधार पर यूरोपीय संघ के देशों में प्रवेश मिलेगा।

आधुनिक वैश्विक व्यापार व्यवस्था में उथल-पुथल मचाने वाली अमेरिका जैसे कुछ प्रमुख देशों की हाल की एकतरफा कार्रवाइयों के भारी दबाव के बीच भारत और ईयू के बीच इस ऐतिहासिक समझौते की घोषणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेएन ने राजधानी में एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में की। इस दौरान वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने यूरोपीय आयोग के व्यापार आयुक्त मार्कोस सेफकोविच के साथ समझौते के संपन्न होने की घोषणा संबंधी दस्तावेजों का आदान-प्रदान किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी यहां हैदराबाद हाउस में यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेएन के साथ 16वें भारत- ईयू शिखर सम्मेलन के बाद संयुक्त वक्तव्य में इस समझौते की जानकारी देते हुए कहा कि आज भारत ने अपने इतिहास का अब तक का सबसे बड़ा मुक्त व्यापार समझौता संपन्न किया है। आज 27 तारीख है और यह सुखद संयोग है कि आज ही के दिन यूरोपीय संघ के 27 देशों के साथ भारत ये मुक्त व्यापार समझौता कर रहा है। यह सिर्फ व्यापार समझौता नहीं है।



- समझौते के तहत 99 प्रतिशत भारतीय उत्पादों को प्राथमिकता के आधार पर यूरोपीय संघ के देशों में प्रवेश मिलेगा
- उथल-पुथल मचाने वाली कुछ प्रमुख देशों की एकतरफा कार्रवाइयों के भारी दबाव के बीच ऐतिहासिक समझौता

### लेएन और कोस्टा की भारत यात्रा ऐतिहासिक क्षण : मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेएन और यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो लुइस सैंटोस दा कोस्टा के गणतंत्र दिवस परेड के मुख्य अतिथि बनने तथा भारत के साथ मंगलवार को हुए समझौतों के समय उनकी मौजूदगी ऐतिहासिक अवसर है। श्री मोदी ने मंगलवार को यहां हैदराबाद हाउस में दोनों पक्षों के बीच हुए समझौतों के दस्तावेजों के आदान प्रदान के बाद कहा कि यूरोपीय संघ के अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेएन और यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो लुइस सैंटोस दा कोस्टा की भारत में यह मौजूदगी ऐतिहासिक क्षण है।

### यह केवल शुरुआत है, द्विपक्षी रणनीतिक संबंध और मजबूत होंगे: ईयू प्रमुख

**नई दिल्ली।** यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेएन ने भारत और यूरोपीय संघ के बीच व्यापार समझौते को एक नए इतिहास की शुरुआत करार देते हुए कहा है कि दोनों पक्ष अपने रणनीतिक संबंधों को भविष्य में और मजबूत बनाएंगे। उन्होंने पीएम मोदी द्वारा मंगलवार को इस समझौते की घोषणा के बाद सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि भारत और यूरोप आज इतिहास बना रहे हैं।

# यूजीसी के नए नियमों का कड़ा विरोध

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** देशभर में जनरल कैटेगरी के स्टूडेंट्स और सवर्ण जाति के लोगों का यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन (यूजीसी) के नए नियमों को लेकर विरोध तेज हो गया है। नई दिल्ली में यूजीसी हेडक्वार्टर के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। प्रदर्शनकारियों को कैंपस के अंदर घुसने से रोकने के लिए बड़ी संख्या में बैरिकेड्स लगाए गए हैं। उत्तर प्रदेश के लखनऊ, रायबरेली, वाराणसी, मेरठ, प्रयागराज और सीतापुर में छात्रों, युवाओं और कई संगठनों ने जगह-जगह प्रदर्शनों में हिस्सा लिया।

रायबरेली में भाजपा किसान नेता रमेश बहादुर सिंह और गौरक्षा दल के अध्यक्ष महेंद्र पांडेय ने सवर्ण सांसदों को चूड़ियां भेजी हैं। यूपी में बरेली के सिटी मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री ने नए नियमों के विरोध में इस्तीफा दे दिया है। यूजीसी के नए नियमों को लेकर कुमार विश्वास ने तंज कसा। सोशल मीडिया पर लिखा कि चाहे तिल लो या ताड़ लो राजा, राई लो या पहाड़ लो राजा, मैं अभागा 'सवर्ण' हूं... मेरा रोंया-रोंया उखाड़ लो राजा। लखनऊ यूनिवर्सिटी के छात्रों ने यूजीसी के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन किया। यूजीसी ने 13 जनवरी को अपने नए नियमों को नोटिफाई किया था। इसका नाम है- प्रमोशन ऑफ इक्विटी इन हायर एजुकेशन इंस्टीटड्यूशन रेगुलेशन्स, 2026।श इसके तहत कॉलेजों और यूनिवर्सिटी में जाति आधारित भेदभाव को रोकने के लिए विशेष समितियां, हेल्पलाइन और मानिटरिंग टीमें बनाने के निर्देश दिए हैं। ये टीमें खासतौर पर एसी, एसटी और ओबीसी छात्रों की शिकायतों को देखेंगी। सरकार का कहना है कि ये बदलाव उच्च शिक्षा संस्थानों में निष्पक्षता और जवाबदेही लाने के लिए किए गए हैं। हालांकि नियमों को जनरल कैटेगरी के खिलाफ बताकर विरोध हो रहा है। आलोचकों का कहना है कि सवर्ण छात्र 'स्वाभाविक अपराधी' बना दिए गए हैं।




- यूजीसी हेडक्वार्टर के बाहर सुरक्षा बढ़ाई, बैरिकेड्स लगाए गए
- उप्र में सवर्ण सांसदों को चूड़ियां भेजीं

## किसी के साथ भेदभाव नहीं होगा

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के नए नियमों पर हो रहे विवादों पर कहा है कि किसी के साथ भेदभाव या अत्याचार नहीं होने देंगे।

श्री प्रधान ने यूजीसी के नए नियम 'उच्च शिक्षण संस्थानों में समानता को प्रोत्साहित करने के नियम-2026' पर उठे विवादों पर मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि किसी के साथ भेदभाव नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि भेदभाव के नाम पर किसी को इसका दुरुपयोग करने नहीं दिया जाएगा। इस मामले में जो भी व्यवस्था होगी वह संविधान के दायरे में होगी। यूजीसी को लेकर जो व्यवस्था आई है वह सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में है। उल्लेखनीय है कि देश के उच्च शिक्षण संस्थानों में जातिगत भेदभाव को जड़ से मिटाने के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने 13 जनवरी को नई नियमावली लागू की है।

### सरकार सभी मुद्दों पर चर्चा के लिए तैयार: रिजिजू

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि सरकार नियम प्रक्रियाओं के तहत काम करती है और वह सभी मुद्दों पर चर्चा करने के लिए तैयार हैं। श्री रिजिजू र्न कहा कि बजट सत्र में हर चर्चा बजट पर ही केंद्रित होना चाहिए यह नियम कहता है। बजट सत्र में सबसे पहले राष्ट्रपति का अभिभाषण होता है उसके बाद अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा की जाती है।

# हवाएं चलीं, ओले भी गिरे, दिल्ली-एनसीआर में बढ़ी ठंड

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** देश के पहाड़ी राज्यों जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड में बर्फबारी जारी है। स्ट्रॉन्ग वेस्टर्न डिस्टरबेंस के कारण उत्तर-पश्चिमी राज्यों पंजाब, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान समेत अन्य राज्यों में बारिश के साथ ओले गिर रहे हैं। साथ ही 30-60 किमी की रफ्तार से हवा भी चल रही है।

हिमाचल के मंडी में केओली पंचायत में 3-4 फीट तक जमी बर्फ के बीच दूल्हा-दुल्हन 7 किलोमीटर पैदल चलकर घर पहुंचे। पहले दूल्हा पैदल चलकर ससुराल पहुंचा था। शादी के बाद उसी रास्ते से दुल्हन को साथ लेकर लौटा। इधर, उत्तर प्रदेश में आगरा समेत 7 जिलों में तेज बारिश हुई, जो रुक-रुककर जारी है। बागपत में बारिश के अलावा ओले भी गिरे। 10 से ज्यादा शहरों में 30 किमी की रफ्तार से हवा भी चल रही है। मध्य प्रदेश के 5 जिलों में मंगलवार को बारिश हुई। 28 जिलों में बारिश का अलर्ट है। वहीं राजस्थान के कई जिलों में ओले गिरे। जयपुर समेत कई जिलों में बारिश जारी है। बिजली गिरने से सीकर में महिला और कोटा में एक युवक की मौत हो गई। दिल्ली-एनसीआर के कई इलाकों में बारिश हुई है। इसके अलावा दिल्ली में तेज बारिश का रेड अलर्ट है। वहीं उत्तर भारत को प्रभावित कर रहे पश्चिमी विक्षोभ के कारण मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी में ठंड का असर और बढ़ गया। सुबह से दिल्ली के कई हिस्सों में हल्की बारिश हुई, जिसके रुक-रुक कर दिन भर होने के आसार हैं। इससे राजधानी में सर्दी और बढ़ गई। मौसम विभाग के अनुसार, सफदरजंग में न्यूनतम तापमान आठ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि पालम में यह 9.2 डिग्री सेल्सियस रहा। बादलों और ठंडी हवाओं के कारण सुबह के समय ठंड का एहसास अधिक रहा। मौसम विभाग ने बताया कि 26 से 28 जनवरी के बीच एक सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र को प्रभावित करेगा, जिससे व्यापक बारिश और बर्फबारी होने के आसार हैं। सत्ताइस जनवरी को कुछ स्थानों पर भारी बर्फबारी, वर्षा और ओलावृष्टि भी हो सकती है। जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के कई इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश और बर्फबारी के आसार हैं। इन क्षेत्रों में 27 जनवरी को कहीं-कहीं भारी वर्षा या हिमपात भी हो सकता है। पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ के कुछ हिस्सों में 27 जनवरी को गरज के साथ बारिश, बिजली गिरने और 40-50 किमी प्रति घंटे, कुछ समय के लिए 60 किमी प्रति घंटे तक की रफ्तार से तेज हवाएं चलने का अनुमान है। उत्तर-पश्चिम भारत के मैदानी इलाकों, जिनमें पश्चिमी उत्तर प्रदेश और राजस्थान शामिल हैं, में हल्की से मध्यम बारिश के साथ आंधी-तूफान आने का अनुमान है। पूर्वी उत्तर प्रदेश में 28 जनवरी को बारिश के आसार हैं। मौसम विभाग ने यह भी कहा कि 30 जनवरी की रात से एक और पश्चिमी विक्षोभ उत्तर-पश्चिम भारत को प्रभावित कर सकता है, जिससे एक और बारिश का दौर आ सकता है।



- राजस्थान में बिजली गिरने से दो लोगों की मौत
- पश्चिमी विक्षोभ के असर से ठंड में हुआ इजाफा

# नगर मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री निलंबित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** उत्तर प्रदेश में बरेली के नगर मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री को सरकार ने अनुशासनहीनता के आरोप में सोमवार देर रात निलंबित कर दिया है। उन्हें जिलाधिकारी शामली कार्यालय से सम्बद्ध कर दिया गया है, जबकि जांच अधिकारी कमिश्नर बरेली भूपेंद्र एस. चौधरी बनाए गए हैं।

उत्तर-प्रदेश शासन नियुक्ति अनुभाग 7 से जारी आदेश में कहा गया है कि अलंकार अग्निहोत्री ने प्रथम दृष्ट्या अनुशासनहीनता की है, जिसके चलते तत्काल प्रभाव से उन्हें निलंबित किया गया है। उल्लेखनीय है कि गणतंत्र दिवस पर बरेली सिटी मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री ने अपने पद से इस्तीफा देकर प्रशासनिक और राजनीतिक गलियारों में भूचाल ला दिया था। अपने तीखे और भावनात्मक वक्तव्य में उन्होंने न केवल तंत्र पर गंभीर आरोप लगाए, बल्कि ब्राह्मण समाज कथित अपमान, प्रयागराज माघ मेला घटना और यूजीसी रेगुलेशंस 2026 को लेकर केंद्र सरकार पर सीधा हमला बोला। उन्होंने कहा कि जब वे स्वयं पद छोड़ रहे हैं, तो यह उनके (ब्राह्मण) समाज के जनप्रतिनिधियों के लिए भी आत्ममंथन का समय है।

- शामली से किया संबद्ध, जांच अधिकारी कमिश्नर बरेली भूपेंद्र एस. चौधरी बनाए गए

## संक्षिप्त समाचार

### अविमुक्तश्वरानंद के समर्थन में साधु संतों ने शुरू की धूनी साधना

**प्रयागराज।** प्रयागराज माघ मेले में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के अनशन के समर्थन में मंगलवार को साधु संतों ने एक अनूठी साधना शुरू कर दी है। महामंडलेश्वर कंप्यूटर बाबा की अगुवाई में बड़ी संख्या में संतों ने शिविर के सामने धूनी साधना शुरू कर दिया है। वैष्णव संत वसंत पंचमी से गंगा दशहरा तक अपने चारों तरफ आग जलाकर कठिन तपस्या करते हैं, इसे ही धूनी तापना कहते हैं और इससे संत शरीर की ताप सहने की क्षमता बढ़ाते हैं, धूनी तापकर संतों ने शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का समर्थन किया। पिछले दस दिनों से त्रिवेणी मार्ग स्थित शिविर के बाहर पालकी पर बैठे स्वामी अविमुक्तेश्वरा नंद मेला प्रशासन से ससम्मान गंगा स्नान कराने की मांग कर रहे है। गौरतलब है कि मौनी अमावस्या पर पालकी के साथ स्नान करने संगम नोज जा रहे स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को मेला प्रशासन ने रोका था। प्रशासन ने संगम नोज पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ का हवाला देते हुए पैदल जाने का अनुरोध किया था।

### कफ सिरप मामले में शुभम का करीबी विकास नर्वे गिरफ्तार

**वाराणसी।** कोडीन युक्त कफ सिरप तस्करी मामले में मुख्य सरगना शुभम जायसवाल के सबसे करीबी सहयोगी विकास सिंह नर्वे को वाराणसी पुलिस और स्पेशल जांच टीम (एसआईटी) ने सिद्धार्थनगर जिले में नेपाल बॉर्डर के निकट से गिरफ्तार कर लिया है। अपर पुलिस उपायुक्त (अपराध शाखा) सरवणन टी. ने बताया कि नर्वे को उस समय गिरफ्तार किया गया, जब वह नेपाल भागने की फिराक में था। गिरफ्तारी के बाद विकास सिंह को वाराणसी लाया जा रहा है।

## पंचायत चुनाव टलने पर वर्तमान ग्राम प्रधानों को प्रशासक बनाने की मांग

**लखनऊ, वार्ता**

ग्राम प्रधान संगठन उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष कौशल किशोर पाण्डेय ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर मांग की है कि यदि किसी कारणवश ग्राम पंचायत चुनावों की तिथि आगे बढ़ाई जाती है, तो राजस्थान सरकार की तर्ज पर वर्तमान ग्राम प्रधानों को ही प्रशासक नियुक्त किया जाए।

मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन में उन्होंने कहा है कि यदि राज्य सरकार समय पर पंचायत चुनाव कराती है, तो संगठन इसका स्वागत करेगा। लेकिन अपरिहार्य परिस्थितियों में चुनाव टलने की स्थिति में ग्राम स्तर पर विकास कार्यों की निरंतरता बनाए रखने के लिए यह व्यवस्था आवश्यक है। कौशल किशोर पाण्डेय ने कहा कि वर्तमान में ग्राम पंचायतों के माध्यम से अनेक जनकल्याण कारी योजनाएं संचालित हो रही हैं। यदि प्रशासकीय व्यवस्था में रिक्तता आती है, तो ग्रामीण विकास प्रभावित हो सकता है। ऐसे में मौजूदा ग्राम प्रधानों को अस्थाई प्रशासक बनाए जाने से गांवों में चल रहे विकास कार्य बाधित नहीं होंगे और जनता को आवश्यक सेवाएं मिलती रहेंगी। उन्होंने विश्वास जताया कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश सरकार जनहित को सर्वोपरि रखते हुए इस मांग पर सकारात्मक निर्णय लेगी। संगठन ने यह भी अनुरोध किया है कि इस संबंध में की गई कार्यवाही से उन्हें अवगत कराया जाए।

## गणतंत्र दिवस परेड में विपक्ष को अपमानित किया गया: खड़गे

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ संसद के दोनों सदनों, राज्यसभा तथा लोकसभा में विपक्ष को नेताओं को तीसरी पंक्ति में बिठाया गया: कांग्रेस अध्यक्ष

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने आरोप लगाया है कि मोदी सरकार जानबूझकर विपक्ष को अपमानित करने का काम करती है और इसी का परिणाम है कि गणतंत्र दिवस परेड के दौरान संसद के दोनों सदनों, राज्यसभा तथा लोकसभा में विपक्ष को नेताओं को तीसरी पंक्ति में बिठाया गया।

खड़गे ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में मंगलवार को लिखा कि सरकार ने संविधान, कांग्रेस, विपक्ष और उनका अपमान किया है। ऐसा क्यों किया गया, इस बात का सरकार से उन्हें जवाब चाहिए। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि संविधान का अपमान करने वाले लोग, दो विपक्ष के नेताओं को गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान तीसरी पंक्ति में बैठाते हैं। ये सरासर गलत है, जानबूझकर विपक्ष और कांग्रेस का अपमान किया जा रहा है। खड़गे ने कहा कि मैं सीनियर मोस्ट लीडर हूं। मेरे और राहुल गांधी जी के पास कैबिनेट रैंक है, लेकिन हमें गणतंत्र दिवस समारोह में तीसरी लाइन में बैठा दिया गया, जहां स्टेट मिनिस्टर और बच्चे बैठे थे। इतना ही नहीं, हमने अपने सेक्रेटरी को भेजकर जगह तलाश की, उनके जरिए पास का इंतजाम किया। राष्ट्रपति भवन के एक कार्यक्रम संबंधी विवाद पर उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति भवन में स्वागत के दौरान गांधी ने पारंपरिक उत्तर-पूर्वी पटका पहन लिया था, वहीं जब हम खाने के लिए बैठे, तो उन्होंने पटका मोड़कर रख लिया। असलियत में भाजपा ये सिर्फ चुनाव के लिए कर रही है। भाजपा की हमेशा किसी न किसी बहाने से कांग्रेस और राहुल गांधी को बदनाम करने की कोशिश रहती है। उसके सारे आरोप गलत हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने नॉर्थ ईस्ट से 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' निकाली, वहीं नरेन्द्र मोदी मणिपुर जाने से भी डरते रहे। ऐसे में भाजपा के लोगों को गांधी और कांग्रेस पर आरोप लगाने का कोई हक नहीं है। मैं इसकी निदा करता हूं। भाजपा सिर्फ फिजूल का मुद्दा बना रही है।

### विपक्षी का सरकार पर विधायी एजेंडा देने में विफल रहने का आरोप

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने संसद का बजट सत्र शुरु होने से पहले मंगलवार को यहां हुई सर्वदलीय बैठक में सरकार पर विधाई एजेंडा देने में 'विफल' रहने का आरोप लगाते हुए उसकी आलोचना की है। लोकसभा में कांग्रेस के मुख्य ह्विप के. सुरेश ने बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा कि सर्वदलीय बैठक में विभिन्न नेताओं ने सरकार पर विधेयकों की रूपरेखा में विधाई एजेंडे नहीं देने के आरोप लगाए, जिसमें सरकार की तरफ से बैठक में शामिल मंत्रियों ने कहा है कि एजेंडा बाद में प्रसारित किया जाएगा। सुरेश ने कहा कि सरकार किसी विधेयक को लाने से पहलने विधेयक की प्रतियां भी समय पर उपलब्ध नहीं कराती है। गौरतलब है कि सरकार ने बजट सत्र के कल से शुरू हो रहे सत्र से पहले दोनों सदनों में कामकाज का सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के मकसद से मंगलवार को यहां सर्वदलीय बैठक बुलाई। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह ने की। बजट दो चरणों में होगा, जिसके पहले चरण में एक फरवरी को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण संसद में बजट पेश करेंगी।

## सेवानिवृत्त न्यायाधीशों को मानदेय और यात्रा सुविधा न देने पर अदालत खफा

# सुप्रीम कोर्ट ने लगाई बीसीआई को फटकार

**नई दिल्ली।**



■ राज्य बार काउंसिल चुनावों की निगरानी के लिए नियुक्त सेवानिवृत्त न्यायाधीशों को समुचित सुविधाएं उपलब्ध न कराने पर सवाल उठाए

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) को कड़ी फटकार लगाते हुए राज्य बार काउंसिल चुनावों की निगरानी के लिए नियुक्त सेवानिवृत्त उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों को समुचित मानदेय और यात्रा भत्ता उपलब्ध न कराए जाने पर सवाल उठाए। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई, न्यायमूर्ति आर. महादेवन और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने यह मुद्दा वरिष्ठ अधिवक्ता वी. गिरि के मौखिक उल्लेख के बाद उठाया। गिरि सुप्रीम सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित उच्चाधिकार प्राप्त निगरानी समिति के सदस्य हैं। गिरि ने पीठ को बताया कि उच्चाधिकार प्राप्त निगरानी समितियों के सदस्यों को दिया जाने वाला मानदेय उनकी गरिमा और पद के अनुरूप होना चाहिए, क्योंकि इनमें कई पूर्व मुख्य न्यायाधीश और उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश शामिल हैं। उन्होंने कहा कि जब यह विषय बीसीआई के समक्ष रखा गया, तो परिषद ने जवाब दिया कि ऐसा भुगतान 'बहुत अधिक' होगा और व्यवहा. रिक नहीं है। गिरि ने अदालत से हस्तक्षेप की मांग करते हुए आग्रह किया कि या तो इस संबंध में उचित निर्देश दिए जाएं, या फिर न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) सुधांशु धूलिया को आवश्यक कदम उठाने के लिए अधिकृत किया जाए। उन्होंने इस संदर्भ में बीसीआई द्वारा न्यायमूर्ति धूलिया को भेजे गए जवाब को भी पीठ के समक्ष रखा। इसके अलावा गिरि ने यह भी बताया कि बीसीआई ने राजस्थान बार काउंसिल चुनावों के लिए एक अलग समिति गठित कर दी है, यह कहते हुए कि सुप्रीम सुप्रीम कोर्ट के 18 नवम्बर 2024 के आदेश में राजस्थान का उल्लेख नहीं था। उन्होंने दलील दी कि यह कदम अदालत के निर्देशों की भावना और मंशा दोनों के विपरीत है और बताया कि उक्त समिति पहले ही चुनावों की अधिसूचना जारी कर चुकी है। पीठ ने बीसीआई के इस रुख पर सवाल उठाते हुए उसके वकील से पूछा कि राजस्थान को आदेश से बाहर क्यों रखा गया और अदालत को सूचित किए बिना अलग समिति क्यों बनाई गई। सुप्रीम सुप्रीम कोर्ट ने बीसीआई को निर्देश दिया कि वह अगले दिन तक इस पर स्पष्टीकरण दे। पीठ ने समिति के सदस्यों को यात्रा भत्ता न दिए जाने पर भी कड़ी नाराजगी जताई। मुख्य न्यायाधीश ने टिप्पणी की, आपने चुनाव शुल्क यह कहकर तय किया कि उससे चुनाव कराने के लिए पर्याप्त धन जुटेगा। अब आप सेवानिवृत्त न्यायाधीशों से कह रहे हैं कि आप उन्हें मानदेय या यात्रा भत्ता नहीं दे सकते। वे क्या करें? क्या उनके पास अपना विमान है? गिरि ने आगे बताया कि समिति के सदस्यों को यात्रा की बुकिंग अपने खर्च पर करनी पड़ रही है और उपलब्ध कराई जा रही सुविधाएं पूर्व उच्च न्यायालय न्यायाधीशों और विशेष रूप से पूर्व मुख्य न्यायाधीशों के अनुरूप नहीं हैं।

### महाकालेश्वर मंदिर में वीआईपी दर्शन व्यवस्था में दखल से सुप्रीम कोर्ट का इन्कार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने उज्जैन स्थित श्री महाकालेश्वर मंदिर में 'वीआईपी दर्शन' की व्यवस्था को चुनौती देने वाली याचिका पर मंगलवार को हस्तक्षेप करने से इन्कार करते हुए कहा कि यह विषय न्यायिक निर्णय के दायरे में नहीं आता है। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई, न्यायमूर्ति आर. महादेवन और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ याचिकाकर्ता दर्पण अवस्थी की उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें उन्होंने मंदिर में कथित 'वीआईपी' को गर्भगृह में जलाभिषेक की अनुमति और आम श्रद्धालुओं पर पाबंदी को लेकर उच्च न्यायालय में उठाया था। सुप्रीम कोर्ट की अनिच्छा के बाद याचिकाकर्ता ने अपनी याचिका वापस लेने की अनुमति मांगी, जिसे पीठ ने स्वीकार कर लिया।

## संविधान को अपने से नीचे समझना ठीक नहीं: अखिलेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए कहा है कि सत्ता के अहंकार में डूबी भाजपा संविधान को अपने से नीचे समझने की भूल कर रही है, जो लोकतंत्र के लिए बेहद खतरनाक है। उन्होंने कहा कि जनता आज यह सवाल कर रही है कि जब अपने ऊपर दर्ज मुकदमे हटवाए गए, तब संविधान के किस अनुच्छेद के तहत यह कार्य किया गया।

मंगलवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि कुछ लोग लगातार मंचों से 'सनातनी संतों' का तिरस्कार कर रहे हैं और अपमानजनक उपमाओं का प्रयोग कर समाज में वैमनस्य फैला रहे हैं। उन्होंने कहा कि माघ मेले जैसे पवित्र आयोजन में भी नकारात्मक 'बुलडोजरी सोच' के समर्थन में नारे लगवाकर धार्मिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास किया गया, जबकि उपद्रव करने वालों के विरुद्ध मुकदमे दर्ज नहीं किए जा रहे हैं। सपा अध्यक्ष ने कहा कि सत्ताकामी भाजपा का धर्म-विरोधी चेहरा अब पूरी तरह बेनकाब हो चुका है। जो नुकसान होना था, वह हो चुका है और अब मजबूरी में मांगी गई माफी का कोई महत्व नहीं रह जाता। उन्होंने स्पष्ट किया कि माफी वही मायने रखती है, जो दिल से मांगी जाए। अखिलेश यादव ने शासनाधीशों को आगाह करते हुए कहा कि हठ हमेशा विनाश की ओर ले जाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा का विचार, वक्तव्य और व्यवहार लगातार असंवैधानिक रहा है। सत्ता के नशे में चूर संविधान-विरोधी भाजपा अब जनता के बीच अपनी विश्वसनीयता खो चुकी है।



सेंसेक्स 81857.48
निफ्टी 25175.40



सोना रु. 142601
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 287550
प्रति किलो



## बड़े उतार-चढ़ाव के बाद हरे निशान में बंद हुए शेयर बाजार

**मुंबई, वार्ता**

घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को काफी उतार-चढ़ाव देखा गया और शुरुआती गिरावट से उबरते हुए प्रमुख सूचकांक अंततः हरे निशान में बंद हुए। यूरोपीय संघ के साथ मुक्त व्यापार संधि (एफटीए) की घोषणा के बाद बाजार में निवेश धारणा को समर्थन मिला। दोनों पक्षों के बीच एफटीए पर वार्ता का समापन हो गया है।



इसमें 99 प्रतिशत भारतीय वस्तुओं को यूरोपीय संघ के देशों में प्राथमिकता के आधार पर प्रवेश देने की बात कही गई है। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 319.78 अंक (0.39 प्रतिशत) चढ़कर 81,857.48 अंक पर बंद हुआ। बीच कारोबार में इसमें करीब 996 अंक का उतार.चढ़ाव देखा गया। यह नीचे 81,088.59 अंक और ऊपर 82,084.92 अंक तक गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक 126.75 अंक यानी 0.51 प्रतिशत की मजबूती के साथ 25,175.40 अंक पर पहुंच गया। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये में रही तेजी से भी शेयर बाजार को समर्थन मिला। रुपया फिलहाल 27 पैसे की बढ़त में 91.63 रुपये प्रति डॉलर पर है। मझोली और छोटी कंपनियों में भी तेजी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.71 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.82 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। धातु, बैंकिंग, आईटी और वित्तीय क्षेत्रों की कंपनियों में लिवाली ज्यादा देखी गई। ऑटो, एफएमसीजी, मीडिया और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों के सूचकांक लाल निशान में रहे। सेंसेक्स की कंपनियों में अडानी पोर्ट्स का शेयर करीब साढ़े चार प्रतिशत चढ़ा। एक्सिस बैंक का शेयर भी चार प्रतिशत से अधिक चढ़ा। टाटा स्टील, टेक महिंद्रा, एनटीपीसी और भारतीय स्टेट बैंक में दो से तीन प्रतिशत तक की तेजी रही। अल्ट्राटेक सीमेंट, बीईएल, इंडिगो, आईसीआईसीआई बैंक, एलएंडटी और एचडीएफसी बैंक के शेयर भी एक प्रतिशत से अधिक चढ़े। ट्रेंट, इंफोसिस और एचसीएल टेक्नोलॉजीज के शेयर भी हरे निशान में रहे। महिंद्रा एंड महिंद्रा में चार प्रतिशत से अधिक की गिरावट रही। कोटक महिंद्रा बैंक का शेयर तीन फीसदी से अधिक टूटा। कमजोरी तिमाही परिणाम से एशियन पेंट्स में लगभग तीन फीसदी की गिरावट रही। इटरनल, मारुति सुजुकी, आईटीसी, बजाज फाइनेंस और बजाज फिनसर्व के शेयर एक से दो प्रतिशत के बीच टूटे। टाइटन और हिंदुस्तान यूनीलिवर में भी गिरावट रही।

## निजीकरण के विरोध में बिजली इंजीनियरों ने दी देशव्यापी हड़ताल की चेतावनी

**लखनऊ।** बिजली क्षेत्र के निजीकरण और विद्युत संशोधन विधेयक-2025 के विरोध में ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन (एआईपीईएफ) ने 12 फरवरी को देशव्यापी हड़ताल का नोटिस केंद्रीय ऊर्जा मंत्री को सौंपा है।

एआईपीईएफ के चेयरमैन शैलेन्द्र दुबे ने कहा कि सार्वजनिक बिजली क्षेत्र को कमजोर करने वाली नीतियों के खिलाफ बिजली कर्मियों में गहरा असंतोष है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि संसद के बजट सत्र में इलेक्ट्रिसिटी (अमेंडमेंट) बिल-2025 पेश किया गया, तो देशभर में तात्कालिक 'लाइटनिंग एक्शन' शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित संशोधन बिल और राष्ट्रीय विद्युत नीति-2026 सस्ती बिजली, सार्वजनिक स्वामित्व, संघीय ढांचे और राष्ट्रीय ऊर्जा सुरक्षा के लिए घातक हैं। फेडरेशन ने मल्टी-लाइसें. सिंग, स्मार्ट प्रीपेड मीटरिग, पीपीपी मॉडल और ठेकेदारीकरण का विरोध करते हुए इसे बिजली व्यवस्था को अस्थिर करने वाला बताया। एआईपीईएफ ने सरकार से बिल वापस लेने, निजीकरण पर पूर्ण विराम लगाने, संविदा कर्मियों के नियमितीकरण, रिक्त पदों पर भर्ती और पुरानी पेंशन योजना बहाल करने की मांग की है। फेडरेशन ने कहा कि यदि सरकार ने संवाद नहीं किया तो बिजली आपूर्ति में किसी भी व्यवधान की जिम्मेदारी सरकार की होगी।

## एयरबस के भारतीय हेलीकॉप्टर संयंत्र का उद्घाटन 'आने वाले सप्ताहों में'

**नई दिल्ली, वार्ता**

विमान एवं हेलीकॉप्टर बनाने वाली दुनिया की अग्रणी कंपनी एयरबस के कर्नाटक में बन रहे एच125 हेलीकॉप्टर संयंत्र का उद्घाटन फरवरी-मार्च में संभव है। फ्रांस की कंपनी एयरबस ने सोमवार को साल 2025 के प्रदर्शन की मुख्य बातें साझा करते हुए यह जानकारी दी।

कंपनी ने बताया कि अपनी विस्तार योजना के तहत वह कर्नाटक के वेमागल में एच125 हेलीकॉप्टर के लिए फाइनल असेम्बली लाइन लगा रही है। इसके लिए साल 2025 में काम शुरू हुआ था। कंपनी ने अपने बयान में कहा है, आने वाले सप्ताहों में उद्घाटन इसका उद्घाटन किया जाना है। यह एच125 हेलीकॉप्टर के लिए दुनिया में एयरबस का चौथा संयंत्र होगा, जो भारतीय बाजार के प्रति एयरबस की प्रतिबद्धता और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला की मजबूती को दिखाता है। इस संबंध में पूछे जाने पर कंपनी के एक प्रवक्ता ने दो. हराया कि उद्घाटन के बारे में 'आने वाले सप्ताहों में' और जानकारी मिल सकेगी। उन्होंने बताया कि इस संयंत्र से पहले हेलीकॉप्टर की डिलिवरी साल 2027 में होने की उम्मीद है। एयरबस ने बताया है कि साल 2025 में उसे 544 हेलीकॉप्टरों के ऑर्डर मिले जो नागरिक और सैन्य दोनों क्षेत्रों से मांग में मजबूत वृद्धि दर्शाता है। पचास देशों से 205 ग्राहकों से ये ऑर्डर मिले हैं। कंपनी ने साल के दौरान 392 हेलीकॉप्टरों की डिलिवरी की। साथ ही ड्रोनों के ऑर्डर में भी मजबूत वृद्धि दर्ज की गई। एयरबस हेलीकॉप्टर्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ब्रूनो ईवेन ने कहा कि रक्षा एवं सुरक्षा पर कंपनी का फोकस अपने उच्चतम स्तर पर है। साथ ही ड्रोन की बढ़ रही मांग को पूरा करने में कंपनी अग्रणी है।

## अलंकार अग्निहोत्री के निलंबन से उप्र में प्रशासनिक हलचल तेज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** बरेली के सिटी मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री का इस्तीफा अब उत्तर प्रदेश सरकार के साथ टकराव का रूप ले चुका है।

गणतंत्र दिवस के दिन कथित तौर पर 'ब्राह्मण अस्मिता' और यूजीसी नियमों के विरोध में इस्तीफा देने वाले अग्निहोत्री को राज्य सरकार ने निलंबित कर दिया है, जिससे प्रदेश की नौकरशाही में हलचल तेज हो गई है। निलंबन की सूचना के बाद अलंकार अग्निहोत्री ने सोमवार देर रात अपना सरकारी आवास खाली कर दिया। सूत्रों के अनुसार उनका सामान ट्रक के माध्यम से लखनऊ भेज दिया गया है। निलंबित अधिकारी को शामली जिलाधिकारी कार्यालय से संबद्ध किया गया है और निलंबन अवधि के दौरान उन्हें प्रतिदिन शामली में उपस्थित दर्ज कराने के निर्देश दिए गए हैं। मामले की जांच के लिए बरेली मंडलायुक्त को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। जांच में अग्निहोत्री की सोशल मीडिया गतिविधियों, राजनी. तिक टिप्पणियों और सेवा आचरण नियमों के कथित उल्लंघन की समीक्षा की जा रही है। विशेष रूप से इस बात की जांच की जा रही है कि किसी सेवारत अधिकारी द्वारा किसी राजनीतिक दल विशेषकर भाजपा के बहिष्कार की अपील करना, क्या गंभीर कदाचार या देशद्रोह की श्रेणी में आता है।

सूत्रों के मुताबिक यदि आरोप सिद्ध होते हैं, तो अलंकार अग्निहोत्री को सेवा से बर्खास्त भी किया जा सकता है। बताया जा रहा है कि विवादित मामलों में सरकार अक्सर औपचारिक जांच पूरी होने तक अधिकारी का इस्तीफा स्वीकार नहीं करती, जिससे संबंधित अधिकारी न तो सक्रिय सेवा में रहता है और न ही पूरी तरह सेवा मुक्त हो पाता है। इस बीच शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद द्वारा दिए गए कथित 'बड़े प्रस्ताव' और कई ब्राह्मण संगठनों के समर्थन ने अटकलों को और हवा दे दी है कि अलंकार अग्निहोत्री भविष्य में सामाजिक या धार्मिक भूमिका में उभर सकते हैं। उनके 'त्याग' के नैरेटिव को समाज के एक वर्ग का समर्थन मिलता दिख रहा है। निलंबन और सरकारी आवास खाली किए जाने के बावजूद अग्निहोत्री अपने रुख पर अडिग बताए जा रहे हैं। उनसे जुड़े लोगों के अनुसार उनका कहना है कि चूंकि उन्होंने पहले ही इस्तीफा दे दिया है, इसलिए निलंबन से उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता। उन्होंने कथित तौर पर कहा है कि वे अपने 'मूल्यों और सांस्कृतिक विरासत' की रक्षा के लिए हर परिणाम भुगतने को तैयार हैं।

## आर्थिक विकास के सरकार के आंकड़े जमीनी हकीकत के विपरीत: कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस ने कहा है कि सरकार आर्थिक विकास को लेकर जो आंकड़े पेश करती रही है वह जमीनी हकीकत के विपरीत है और खुद उसके आर्थिक सलाहकार का कहना है कि सकल घरेलू उत्पाद-जीडीपी का आंकड़ा ढाई प्रतिशत ज्यादा बताया गया है।



पार्टी ने कहा है कि देश में बेरोजगारी का आंकड़ा बढ़ रहा है, जिन गरीब, युवा, महिलाओं और किसानों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सबसे बड़ी जातियां बताया था और विकास प्रक्रिया में उन्हें प्राथमिकताएं देने का दावा किया था लेकिन उनकी बेहतरी की कोई ठोस योजना नहीं बनाई गई है। कांग्रेस रिसर्च विभाग के चेयरमैन राजीव गौड़ा तथा रिसर्च और मॉनिटरिंग विभाग के प्रमुख अमिताभ दुबे ने मंगलवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मोदी सरकार जीडीपी के जो आंकड़े देश के सामने पेश कर रही है, वह जमीनी सच्चाई से बहुत दूर है। सरकार की गत जुलाई से सितम्बर में जीडीपी की विकास दर 8.3 प्रतितश थी और महंगाई दर 0.5 प्रतिशत बताई, लेकिन सवाल है कि देश में ऐसा कौन सा परिवार होगा, जिसका बजट सालाना 0.5 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है। अगर ए आंकड़े सही हैं, तो इसका मतलब है कि सरकार ने मंहगाई को खत्म कर दिया है। वास्तविक स्थिति बताती है कि आंकड़ों के हिसाब से जमीनी हकीकत एकदम भिन्न है। उन्होंने कहा कि विकास दर बढ़ने की बात हो रही है, लेकिन रूपया एशिया की सबसे खराब करेंसी बन चुका है। इसका कारण ये है कि एफडीआई और पोर्टफोलियो फ्लो दोनों बाहर जा रहे हैं। नेट फ्लो नेगेटिव हो गया है। हर साल करीब पांच हजार करोड़पति देश छोड़ रहे हैं और वो अपना पैसा भी लगातार बाहर खींच रहे है। सवाल है- अगर हमारी अर्थव्यवस्था इतनी अच्छी है, तो ऐसा क्यों हो रहा है, मगर आजतक इन सवालों का जवाब नहीं मिला है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि मनरेगा योजना गरीबों का सबसे बड़ा सहारा थी, लेकिन इसके नियमों में जो बदलाव किए गए हैं और अब लोगों को पहले की तरह इसका लाभ नहीं मिलेगा। मनरेगा में पहले केंद्र 90 प्रतिशत पैसा देता था, लेकिन अब 60 प्रतिशत देगा। इसी तरह पहले मनरेगा हर ग्रामीण इलाके में उपलब्ध था, वो अब नहीं होगा और मनरेगा पहले डिमांड के हिसाब से चलता था, अब बजट के हिसाब से चलेगा। बड़ा बदलाव यह है कि पहले इसकी प्लानिंग ग्राम सभा करती थी, लेकिन अब अफसरशाही के मुताबिक इसकी योजना बनाई जाएगी। एक तरफ देश में असमानता बढ़ रही है, पूंजीपतियों का धन बढ़ता जा रहा है, वहीं दूसरी तरफ गरीबों को राहत देने के लिए जो कुछ योजनाएं चल रही थीं, उन्हें भी सरकार खत्म करने पर तुली है। युवाओं की बात करते हुए उन्होंने कहा कि इनके लिए नौकरियां कहां हैं।

### पीएमकेवीवाई की विफलता उजागर हुई

अप्रैल-सितम्बर 2025 में युवा श्रम बल की भागीदारी 42.0 प्रतिशत से गिरकर 41.3 प्रतिशत रह गई और युवा रोजगार 35.8 प्रतिशत से घटकर 35.2 प्रतिशत हो गई है। उक्त अवधि तक युवा बेरोजगारी 15 प्रतिशत तक बढ़ गई थी और शहरी इलाकों में यह 18.4 फीसदी हो गई थी।

इंटर्नशिप को उन्होंने कांग्रेस से मिला आईडिया बताया, लेकिन कहा कि गत नवम्बर के अंत तक पीएम इंटर्नशिप योजना के तहत केवल 2,066 इंटर्नशिप पूरी हुई, जिनमें से केवल 95 को नौकरी के प्रस्ताव मिले। इसी तरह से भारत कौशल रिपोर्ट में केवल 54.81 प्रतिशत स्नातक रोजगार योग्य हैं। कौशल विकास के लिए कैग की रिपोर्ट पीएमकेवीवाई की कार्यप्रणाली को एक शानदार विफलता के रूप में उजागर करती है।

# विद्यालयों में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया

■ छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर समा बांधा





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** सेपियंस विद्यालय, विकासनगर एवं हरबर्टपुर, ब्राइट एंजल स्कूल, जनजातीय पी.जी. कॉलेज, साहिया, बार एसोसिएशन, अल्टस इंटर नेशनल स्कूल, शिवा. लिक एकेडमी, सरस्वती विद्या मंदिर बाबूगढ़ विकासनगर व डाकपत्थर, वरिष्ठ नेता आकिल अहमद सेलाकुई, द एनफील्ड स्कूल, पछवादून व जौनसार बावर के सभी थानों व पुलिस चौकियों, नगर पालि. का परिषद विकासनगर व हरबर्टपुर के प्रांगण में 77वां गणतंत्र दिवस समारोह अत्यंत हर्षोल्लास, गरिमा एवं देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया।

सेपियंस स्कूल विकासनगर और हरबर्टपुर में कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातःकाल राष्ट्रीय ध्वज फहराने एवं राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस अवसर पर विद्यालय अध्यक्षा इंदिरा रानी सपरा एवं मुख्य अतिथि वंदना कपूर, नम्रता कपूर एवं प्रबंध समिति के सदस्यों द्वारा ध्वजारोहण किया गया, जिसके पश्चात उपस्थित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों ने तिरंगे को सलामी दी। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा ‘मिट्टी के बेटे’ देशभक्ति गीत, समूह नृत्य ‘मैं रहूं या न रहूं ये भारत रहना चाहिए’, सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ तथा वीर शहीदों के रूपों की भावपूर्ण झांकियाँ और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुती ने उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया। नर्सरी, एलकेजी, यूकेजी के नन्हे-मुन्ने बच्चों की प्रस्तुति विशेष आकर्षण का केंद्र रही। इसी अवसर पर सत्र 2025-26 के वार्षिक खेल पुरस्कार वितरित किए गए। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन रविकांत सपरा, रशिता सपरा, अश्विनी कुमार, नंदी बिष्ट, सुमालती उनियाल, विभु गोयल, विद्या जोशी, अदिति आले, पारुल, उमा पुंडीर, विनीता मोनिका शर्मा, कमल क्षेत्री, मानसी पंवार, विकास पंवार, निशा चौहान, शिवम गुप्ता, ऋषभ, मोनिका वर्मा सहित समस्त अध्यापकगण उपस्थित रहे।

सहिया। जनजातीय पी.जी. कॉलेज, साहिया में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सुशील, पदाधिकारी कृषि मंडी समिति साहिया द्वारा ध्वजारोहण के साथ हुआ। ध्वजारोहण के पश्चात सभी उपस्थितजनों ने सामूहिक रूप से राष्ट्रगान का गायन किया। महाविद्यालय के संस्थाध्यक्ष अनिल सिंह तोमर ने अपने संबोधन में भारतीय संविधान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए युवाओं से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के संस्थाध्यक्ष अनिल सिंह तोमर, उप प्राचार्य डा. प्रियंका जलाल, सुनील दत्त शर्मा, डॉ. चंद्रिका, डॉ. रेनू देवी, रिंकू दास भारती, वरुण सेमवाल, प्रदीप कुमार, आशा, रेखा, कार्यक्रम संयोजक डॉ. शशिकला, सह-संयोजक भरत सिंह, सुरभि, काजल, गीता, अनीता, खुशी, रीता तोमर, गंभीर तोमर, मनोज, सचिन, कशिश, नंदिनी, याशिका, सोनिया, मोनिका, सारिका सहित अनेक छात्र-छात्राएँ एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

विकासनगर। ब्राइट एंजेल्स स्कूल जीवनगढ़ विकासनगर में 77वां गणतंत्र दिवस समारोह बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के निदेशक कर्नल कादिर हुसैन व स्कूल के पुराने कर्मचारी लियाकत अली व स्कूल के छात्रों के साथ ध्वजारोहण कर किया गया। ध्वजारोहण के पश्चात सभी शिक्षकों व छात्र छात्राओं और कर्मचारियों ने राष्ट्रगान गाया। राष्ट्रगान की गूंज से पूरा विद्यालय परिसर देशभक्ति की भावना से ओत प्रोत हो गया। विद्यालय निदेशक कर्नल कादिर हुसैन व प्रधानाध्यापिका राणा अलमास ने गणतंत्र दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। इस मौके पर अजरा हुसैन, बसरिया, पंजाब सिंह, खुशीराम जोशी, प्रदीप कौर, लतिका मल्होत्रा, डा. बीना अरोड़ा, तबस्सुम खान, अपर्णा गुप्ता, बिंदिया सेठी, राधा जैन, मधुबाला, शिवानी राठौर, विनय गुप्ता, प्रशांत गुप्ता, अभिमन्यु, नाजिया, निशा, प्रीति नेगी, गौरव चौधरी, मनीष रावत, शीतल रावत, अनुप्रिया आदि मौजूद रहे। वहीं बार ऐसोसिएशन विकासनगर, वरिष्ठ राजनीतिक नेता आकिल अहमद, अल्टस इंटरनेशनल स्कूल, शिवा. लिक एकेडमी, सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल बाबूगढ़ व डाकपत्थर, द एनफील्ड स्कूल में गणतंत्र दिवस बडेघ् ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ध्वजारोहण के पश्चात कई कार्यक्रम आयोजित किए गए।



























































# समान न्याय दिलाने को सरकार प्रतिबद्ध

## यूसीसी के एक वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रम, मेयर गजराज ने किया शुभारंभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** राज्य में समान नागरिक संहिता लागू होने के एक वर्ष पूर्ण होने पर जनपद नैनीताल के सभी विकास खण्डों सहित विभिन्न स्थानों में यूसीसी दिवस के कार्यक्रम मंगलवार को एमबीपीजी कॉलेज में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मेयर गजराज बिष्ट, दर्जा राज्यमंत्री शंकर कोरंगा, डा. अनिल कपूर डब्बू, रेनू अधिकारी तथा जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस अवसर पर शत प्रतिशत यूसीसी में पंजीकरण कराने वाली ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधानों, ग्राम पंचायत विकास अधिकारी सहित यूसीसी से संबंधित विद्यालयों में कराई गई विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान मेयर गजराज बिष्ट ने कहा कि राज्य में समान नागरिक संहिता के लागू होने से विवाह, तलाक, लिव-इन रिलेशन, गोद लेने, भरण पोषण, सम्पत्ति तथा उत्तराधिकार आदि मामलों में सभी नागरिकों के लिए एक समान कानून की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा साफ और स्पष्ट है कि राज्य में नागरिकों को एक समान न्याय मिले। उन्होंने कहा कि यूसीसी के अन्तर्गत नगर निगम क्षेत्र में पंजीकरण हेतु नगर निगम में सहायता के लिए हेल्प डेस्क बनाया गया है। उन्होंने सभी पात्र व्यक्तियों से यूसीसी के अन्तर्गत अनिवार्य रूप से अपना-अपना पंजीकरण कराने की अपील की है। जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने यूसीसी लागू होने के एक वर्ष पूर्ण होने पर सभी को बधाई देते हुए कहा



कि राज्य सरकार द्वारा समान नागरिक संहिता लागू करके राज्य में एक समान न्याय की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि यूसीसी के अन्तर्गत पंजीकरण कराने पर भविष्य में हक, दावे, हिस्सा और अधिकार आदि मामलों में दिक्कत नहीं होगी। उन्होंने कहा कि यूसीसी विभिन्न पहलुओं को विस्तार से रेखांकित करता है। उन्होंने कहा कि अब तक नैनीताल जिले में 292 ग्राम सभाओं में शत प्रतिशत यूसीसी पंजीकरण हो चुका है। दर्जा राज्यमंत्री डा. अनिल कपूर डब्बू ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश में लागू किया गया यूनिफॉर्म सिविल कोड एक महत्वपूर्ण कानून है।दर्जा राज्यमंत्री शंकर कोरंगा ने कहा कि समान नागरिक संहिता का कानून लाकर प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने लिए गए संकल्प को धरातल पर उतारा है। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कमल किशोर पन्त ने कहा कि यूसीसी लागू होने से सभी को एक समान अधिकार प्राप्त हुए हैं, महिलाएं आसानी से अपने अधिकारों को पा सकती हैं, एक सामन रूप से व आसानी से न्याय पा सकते हैं। प्रो. अल्का शर्मा ने कहा कि राज्य में यूसीसी लागू करना एक क्रान्तिकारी कदम है, जिसके सुखद परिणाम भविष्य में देखने को मिलेंगे। इस अवसर पर यूसीसी के अन्तर्गत शतप्रतिशत पंजीकरण कराने वाली ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधानों, ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता भी आयोजित की गई तथा पूर्व में जिले के विभिन्न विद्यालयों में यूसीसी से संबंधित चित्रकला, रील, निबंध व स्लोगन प्रतियोगिता जो जूनियर व सीनियर वर्ग में आयोजित की गई थी, इन सभी प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त विजेताओं को प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर दर्जा राज्यमंत्री रेनू अधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी अरविन्द कुमार पाण्डे, अपर जिलाधिकारी शैलेन्द्र नेगी, नगर आयुक्त परितोष वर्मा, सिटी मजिस्ट्रेट गोपाल सिंह चौहान, प्राचार्य महिला डिग्री कॉलेज आभा शर्मा, एसडीएम राहुल शाह सहित क्षेत्रीय जनता व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## ठेके के बाहर खुलेआम बिकी शराब

- ढाबे व भोजनालय से दो गिरफ्तार
- वायरल वीडियो का संज्ञान
- एसएसपी ने डीएम को भेजा पत्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर शहर में ड्राई-डे के बावजूद शराब की अवैध बिक्री का मामला सामने आया है। पुलिस और आबकारी विभाग की निगरानी के बावजूद, कुछ लोगों ने खाने-पीने के स्थानों पर और शराब ठेके के बाहर खुलेआम शराब बेची। एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें तिकोनिया स्थित एक शराब ठेके के बाहर शराब बिकते हुए दिखाए गए हैं। पुलिस के अनुसार 26 जनवरी को मंडी पुलिस चौकी प्रभारी प्रेम विश्वकर्मा ने अपनी टीम के साथ गोरापड़ाव स्थित नवीन भोजनालय पर छापेमारी की। जांच के दौरान, पुलिस को भोजनालय के काउंटर से 12 बीयर की केन और 50 टेट्रा पैक देसी शराब बरामद हुई। पुलिस ने मौके पर मौजूद भोजनालय के मालिक विनोद कुमार (भजनपुरा, नॉर्थ ईस्ट दिल्ली) को गिरफ्तार कर लिया और उनके खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। वहीं, दूसरे मामले में तिकोनिया स्थित शराब ठेके का एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें दिखाया गया कि ठेका बंद था, लेकिन ठेके के बाहर खुलेआम शराब बेची जा रही थी। इस वीडियो के सामने आने के बाद एसएसपी डा. मंजुनाथ टीसी ने मामले को गंभीरता से लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आबकारी विभाग को इस पर कार्रवाई करने को कहा गया है, साथ ही जिलाधिकारी को पत्र भेजकर शराब ठेके के लाइसेंस के निरस्तीकरण और जुर्माने के लिए लिखा गया है। अब पुलिस और आबकारी विभाग अवैध शराब बिक्री के इन मामलों की जांच कर रहे हैं और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## दो माह बाद तालाब से मिला बुजुर्ग महिला का शव

**हल्द्वानी।** काठगोदाम थाना क्षेत्र के गौलापार से लापता हुई 85 वर्षीय बुजुर्ग महिला जयंती देवी की लाश दो महीने बाद उनके घर के पास स्थित तालाब से बरामद हुई है। यह शव उस समय देखा गया, जब तालाब में पानी भरने की वजह से शव ऊपर आ गया। पुलिस अब इस मामले की जांच कर रही है कि यह हादसा है या फिर आत्महत्या। पुलिस के अनुसार पश्चिमी खेड़ा गौलापार निवासी जयंती देवी 26 नवंबर को घर से दवा लेने के लिए निकली थीं, लेकिन इसके बाद वह वापस नहीं लौटीं। इसके बाद परिजनों ने काठगोदाम थाने में उनकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बीते 25 जनवरी को जयंती देवी का शव पश्चिमी खेड़ा स्थित एक बंद पड़े स्टोन क्रशर के पीछे स्थित तालाब से मिला। तालाब में पानी भरने के कारण शव ऊपरी सतह पर आ गया, और तभी लोगों की नजर पड़ी। शव मिलने की जगह मृतका के घर से केवल एक किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। काठगोदाम थानाध्यक्ष विमल मिश्रा ने बताया कि मृतका के शरीर पर कोई जेवरात सुरक्षित पाए गए हैं, जिससे हत्या की संभावना कम प्रतीत होती है। फिलहाल पुलिस हादसा या आत्महत्या की संभावना पर जांच कर रही है। जब जयंती देवी लापता हुई थीं, तब पुलिस ने डॉग स्क्वाड और सीसीटीवी की मदद से उनकी तलाश की थी, और आखिरी बार उन्हें अस्पताल से बाहर निकलते हुए देखा गया था।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बीते रविवार की रात एक युवक बाघ एक्सप्रेस ट्रेन के आगे आ गया। ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। आनन फानन में सूचना पर पहुंची जीआरपी पुलिस व स्थानीय पुलिस ने घायल को उपचार के लिए सुशीला तिवारी अस्पताल लाया गया जहां पर मौजूद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार गोरापड़ाव के हाथीखाल निवासी 25 वर्षीय विकास पुत्र जयपाल रविवार रात घर से घूमने की बात कहकर बाइक से निकला था। बताया जा रहा है कि तीनपानी फ्लाईओवर के पास वह देर रात करीब साढ़े 10 बजे के आसपास कान में ईयरफोन लगाकर रेलवे ट्रैक की ओर को चला गया। इसी दौरान काठगोदाम की तरह से आ रही बाघ एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आ गया। ट्रेन की चपेट में आने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची जीआरपी और मंडी पुलिस ने घायल को उठाकर सुशीला तिवारी अस्पताल लाया गया जहां पर मौजूद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। एसपी सिटी मनोज कत्याल ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला प्रेम प्रसंग के चलते खुदकुशी का लग रहा है। फिलहाल पुलिस पूछताछ में परिजनों ने भी किसी युवती से फोन पर बातचीत होने की बात कही है। पुलिस मृतक के पास से मिले दो मोबाइल फोन की जांच कर रही है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों को सौंप दिया है, और मामले की जांच शुरू कर दी।

**निर्माणाधीन कॉम्प्लेक्स से मिला युवक का शवः हल्द्वानी।** टीपीनगर स्थित निर्माणाधीन एक कॉम्प्लेक्स में बीते सोमवार की शात एक रिटायर्ड महिला होमगार्ड के बेटे का शव बरामद हुआ। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। मृतक युवक कुछ समय पहले घर छोड़कर मंडी क्षेत्र में ही काम करता था। जानकारी के अनुसार भालोनाथ गार्डन निवासी रिटायर्ड होमगार्ड महिला के 42 वर्षीय पुत्र मनोज वर्मा का शव टीपीनगर स्थित एक निर्माणाधीन एक कॉम्प्लेक्स में पड़ा हुआ था। शव की सूचना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। बताया जा रहा कि मनोज ने कुछ समय पहले ही घर छोड़ दिया था और वह मंडी में ही काम करता था वहीं रहता था। पुलिस के मुताबिक मृतक के शरीर में किसी प्रकार के बाहरी चोट के निशान नहीं पाए गए हैं, लेकिन मौत के कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही चल सकेगा। पुलिस को घटनास्थल से एक कंबल भी बरामद हुआ है। कोतवाल विजय मेहता ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों को सौंप दिया और मौत कैसे किन कारण से हुई इसका पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल पायेगा।

## डिस्ट्रिक्ट टेनिस एशोसियेशन व आप्टिमम टेनिस एकेडेमी ने धूमधाम से मनाया गणतंत्र दिवस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जिला टेनिस एशोसियेशन, नैनीताल और आप्टिमम टेनिस एकेडेमी, चूनाखान ने संयुक्त रूप से ओटीए, चूनाखान बैलपड़ाव परिसर में 77वां गणतंत्र दिवस बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय गान के साथ किया गया और ध्वजारोहण मुख्य अतिथि, पुलिस महानिरीक्षक सेवानिवृत्त डीएनएस बिष्ट द्वारा किया गया। इस दौरान टेनिस प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। कोर्ट नंबर 3, 4 और 5 में लगातार मुकाबले खेले गए। इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट टेनिस एशोसियेशन, नैनीताल के सचिव हेम कुमार पांडेय, आप्टिमम टेनिस एकेडेमी के डायरेक्टर डीएस रावत, बसंत वल्लभ जोशी, हरीशप्रसाद, ब्रिज मोहन सिंह बिष्ट, विकास पांडेय, मोहन सिंह बिष्ट, पूरन चंद्र जोशी, अभय, हरपाल शामिल थे।

## शिवेन्द्रालय संस्थान में गणतंत्र दिवस की धूम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शिवेन्द्रालय संस्थान में आज 77वां गणतंत्र दिवस गरिमामय और हर्षोल्लासपूर्ण वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नीरज



शारदा एवं रेणु शारदा मौजूद रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में अनुज महेश्वरी एवं देवांगना महेश्वरी थे। समारोह का शुभारंभ ध्वजारोहण के साथ किया गया और इसके पश्चात राष्ट्रगान गाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने देशभक्ति और राष्ट्रीय भावनाओं से ओत-प्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं, जिनमें नृत्य, गीत और नाट्य प्रदर्शन शामिल थे। मुख्य अतिथि नीरज शारदा ने बच्चों को संबोधित करते हुए संविधान के महत्व और नागरिक कर्तव्यों पर प्रकाश डाला तथा विद्यार्थियों को देश के प्रति जिम्मेदार और संवेदनशील नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर विद्यालय की प्रधानाचार्या तनुजा चुफाल, निदेशक भावना धौनी, मीता जोशी आदि मौजूद रहे।

# उल्लासपूर्वक मनाया 77वां गणतंत्र दिवस

## सरकारी, गैर सरकारी कार्यालयों, संस्थानों में तिरंगा फहराया, देशभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रमों ने मन मोहा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** 77वां गणतंत्र दिवस पूरे जिले सहित महानगर हल्द्वानी में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सभी सरकारी, गैर सरकारी कार्यालयों, संस्थानों में राष्ट्रीय ध्वज फहराने के साथ ही अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रातः प्रभात फेरी निकाली गई और देश के वीर बलिदानियों को याद करते हुए उन्हें श्रद्धाजलि अर्पित की गई। साथ ही संविधान के प्रति निष्ठा, एकता और अखंडता बनाए रखने की शपथ भी ली गई। नगर निगम कार्यालय में मेयर गजराज सिंह बिष्ट ने ध्वजारोहण किया और सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी। उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय में 77वाँ गणतंत्र दिवस गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में मनाया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नवीन चन्द्र लोहनी ने विश्वविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराया और विश्वविद्यालय परिवार को संबोधित किया। ध्वजारोहण से कुलपति प्रो. लोहनी ने विश्वविद्यालय परिसर में स्थित शौर्य दीवार पर पहुंचकर देश की रक्षा में अपने प्राण न्योछावर करने वाले वीर सपूतों को श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं दूसरी ओर 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर हल्द्वानी यातायात नगर में गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सिटी मजिस्ट्रेट हल्द्वानी एवं जिला विकास प्राधिकरण के संयुक्त सचिव गोपाल सिंह चौहान ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय पर्व का शुभारंभ किया। ध्वजारोहण के पश्चात सिटी













मजिस्ट्रेट श्री चौहान ने यातायात नगर कार्यालय में उपस्थित सभी ट्रांसपोर्टरों और व्यवसायियों को राष्ट्र के प्रति कर्तव्यों की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में ट्रांसपोर्ट नगर महासंघ अध्यक्ष राकेश जोशी, उमेश पांडे, दया किशन शर्मा, प्रदेश प्रवक्ता हरजीत सिंह चड्डा, आफताब हुसैन, खीमानंद शर्मा, प्रदीप सबरवाल, जसपाल सिंह, अंकित आर्य सहित बड़ी संख्या में ट्रांसपोर्टर, व्यापारी मौजूद रहे। इधर डीडी पंत पार्क में उत्तराखंड क्रांति दल (उक्रांद) की जिला कार्यकारिणी द्वारा गणतंत्र दिवस समारोह गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर तिरंगे को सलामी दी तथा देश और प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम में उत्तराखंड क्रांति दल के संस्थापक सदस्य खड़क सिंह बगडवाल, नैनीताल जिला अध्यक्ष प्रताप चौहान, केंद्रीय उपाध्यक्ष भुवन जोशी, पार्षद उत्तराखंड रवि बाल्मीकि, भुवन सिंह बिष्ट, उत्तम सिंह बिष्ट, हरीश कौटिल्या, मोहन कांडपाल, एनडी तिवारी, श्याम सिंह नेगी, मोहन सिंह नेगी, मदन मेर, सुरेश जोशी, नरेंद्र पांडे, कैप्टन महेश तिवारी, उस्मान सैफी, जाहिद सिद्दीकी आदि मौजूद रहे। वहीं साथी संगठन ने सुभाष नगर स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय में 77वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ नवनिर्मित मंच पर राष्ट्रीय तिरंगा फहराने और राष्ट्रगान के साथ हुआ। साथी संगठन के संस्थापक अध्यक्ष आनंद सिंह ठठोला ने विद्यालय पुस्तकालय के लिए अपनी स्वरचित पुस्तकें-पहाड़ का दर्द, दो अनाथ, कही अनकही, भारतीय समाज और संस्कृति, मन के उद्गार भेंट की। इस मौके पर विद्यालय की प्रधानाध्यापक फराहा खान, अध्यापिका पूजा कम्बोज, प्रिति पाण्डेय, ज्योति रावत, नीमा पाण्डेय सहित संस्था के अध्यक्ष आनंद सिंह भाकुनी, आनंद सिंह रावत, आरपी सिंह, भूवन जोशी, जेएस खोलिया, कमलेश पाण्डेय, भूवन उप्रेती, सुरेंद्र बिष्ट, हिमांशु पवार, केके जोशी, शंकर तिवारी, बसंती जोहार मौजूद रहे। उधर राजकीय मेडिकल कॉलेज, हल्द्वानी में 77वाँ गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर कॉलेज परिसर में प्राचार्य डा. जीएस तितियाल द्वारा राष्ट्रीय ध्वज का ध्वजारोहण किया गया तथा तिरंगे को सलामी दी गई। इस दौरान प्राचार्य डा. जीएस तितियाल एवं चिकित्सा अधीक्षक डा. अरुण जोशी ने गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए संकाय सदस्यों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं को राष्ट्र निर्माण में अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने का संदेश दिया। इस दौरान मेडिकल कॉलेज की छात्राओं द्वारा देशभक्ति से ओत-प्रोत गीतों की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। इस मौके पर राजकीय मेडिकल कॉलेज, डा. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय, नर्सिंग कॉलेज एवं पैरामेडिकल कॉलेज के संकाय सदस्य, चिकित्सकगण, नर्सिंग स्टाफ, अधिकारीगण, कर्मचारी सहित छात्र-छात्राएँ मौजूद रहे। इधर गणतंत्र दिवस के अवसर पर कांग्रेस भवन स्वराज आश्रम में नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य एवं विधायक सुमित हृदयेश ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया गया। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमें भारतीय संविधान के मूल मूल्यों न्याय, समानता, स्वतंत्रता और भाईचारे की निरंतर याद दिलाता है। आज आवश्यकता है कि हम संविधान की आत्मा की रक्षा करें। विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि भारतीय संविधान देश के प्रत्येक नागरिक को अधिकार, सम्मान और समान अवसर प्रदान करता है। इस मौके पर महानगर अध्यक्ष गोविंद सिंह बिष्ट, जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल, सतीश नैनवाल, हरीश मेहता, एनबी गुणवंत, विजय सिजवाली, शोभा बिष्ट, मलय बिष्ट, राधा आर्य, सुहैल सिद्दीकी, गोविन्द बगडवाल, जाकिर हुसैन, मनोज बिष्ट, मंजू पाण्डे, पुष्पा तिवारी, संजय जोशी, दीवान सिंह मटियाली, सूरज प्रकाश, धर्मवीर मौजूद रहे।

## आँचल में राष्ट्रभक्ति के साथ मना गणतंत्र दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लालकुआं।** नैनीताल आँचल दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड में 77वाँ गणतंत्र दिवस राष्ट्रभक्ति, उत्साह और उल्लास के वातावरण में धूमधाम से मनाया गया। संघ के प्रशासनिक भवन प्रांगण में अध्यक्ष मुकेश बोरा ने ध्वजारोहण किया, जिसके उपरांत राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर अध्यक्ष मुकेश बोरा ने उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी को पद्म भूषण सम्मान दिए जाने की घोषणा पर गहरी प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस की लोकतांत्रिक विजय और पद्म भूषण





सम्मान ये दोनों उपलब्धियाँ उत्तराखंड के लिए आत्मगौरव, शक्ति और राष्ट्रभक्ति का साझा प्रतीक हैं। प्रशासन एवं विपणन प्रभारी संजय सिंह भाकुनी ने कहा कि गणतंत्र दिवस उस ऐतिहासिक यात्रा का प्रतीक है, जिसने संविधान के माध्यम से देश को नई दिशा दी। यह दिन हमें देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता की रक्षा का संकल्प लेने की प्रेरणा देता है। इस मौके पर अध्यक्ष मुकेश बोरा, सामान्य प्रबंधक अनुराग शर्मा, संजय सिंह भाकुनी, दीपा रैकवाल, गोविन्द सिंह मेहता, उमेश पठालनी, सुभाष बाबू, धर्मेंद्र राणा, खलील अहमद, राजू दुम्का, रमेश आर्या, शांति कोरंगा, उमेश राणा, युगल किशोर, गीता ओझा, डा. रमेश मेहता, कमलेश कुमार सहित दुग्ध संघ के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## उत्थान मंच में भी फहराया गया तिरंगा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** हीरानगर स्थित पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच में 77वां गणतंत्र दिवस समारोह पूरे हर्षोल्लास और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान और ध्वजारोहण के साथ हुई, जिसमें मंच के संरक्षक हुकुम सिंह कुंवर एवं अध्यक्ष खड़क सिंह बगडवाल ने संयुक्त रूप से राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर देश की आज़ादी और गणतंत्र की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले वीर सपूतों को श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए।



समारोह के दौरान वक्ताओं ने कहा कि गणतंत्र दिवस केवल उत्सव का दिन नहीं, बल्कि संविधान के प्रति निष्ठा और जिम्मेदार नागरिक बनने की याद दिलाने का अवसर है। इस मौके पर मंच के उपाध्यक्ष गोपाल सिंह बिष्ट, सचिव देवेन्द्र तोलिया, कोषाध्यक्ष त्रिलोक बनौली, भुवन जोशी, शोभा बिष्ट, चंद्रशेखर परगांई, संदीप भैसोड़ा, धर्म सिंह बिष्ट, कमल किशोर, ब्रजमोहन बिष्ट, रितिक आर्या, सुरेश पाण्डे आदि मौजूद रहे।

## नारायणी सेवा समिति ने स्वतंत्रता सेनानियों को नमन किया



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर हीरानगर में नारायणी सेवा समिति की ओर से स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व.नंदन सिंह बिष्ट की स्मृति में बने मेमोरियल पार्क में माल्यार्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता और नारायणी सेवा समिति के संस्थापक अध्यक्ष रुद्राक्ष सिंह बिष्ट ने माल्यार्पण के बाद उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि 26 जनवरी 1950 को भारतीय संविधान लागू हुआ और यह दिन हमें संविधान के मार्ग पर सत्यनिष्ठा और कर्तव्यनिष्ठा से चलने की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर कांग्रेस प्रदेश सचिव राजेन्द्र सिंह बिष्ट रज्जी ने भी उपस्थित लोगों से संविधान के आदर्शों और मार्गदर्शक सिद्धांतों का पालन करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संविधान केवल कागज पर सीमित नहीं है, बल्कि यह जीवन और समाज की दिशा तय करता है और प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है कि वह इसके मूल्य व सिद्धांतों को अपने व्यवहार में उतारे। इस दौरान शोभा बिष्ट, विरेंद्र सिंह बिष्ट, सुधा बिष्ट, लता बिष्ट, कौशिक, सक्षम, प्रदीप बिष्ट, बीना बिष्ट, कुलदीप, आर्यन मित्तल, सार्थक, कमलेश पाण्डे मौजूद रहे।

## कांग्रेस नेताओं की देवभूमि अकैडमी में भेंट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** 77वें गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश, नैनीताल जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राहुल छिम्मवाल तथा महानगर कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह बिष्ट ने वार्ड



संख्या-56 की पार्षद भागवती बिष्ट के विद्यालय देवभूमि अकैडमी पहुंचकर आत्मीय भेंट की। इस अवसर पर विद्यालय परिवार को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की गईं। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं, जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं के बीच सौहार्दपूर्ण एवं सकारात्मक वातावरण में विचार-विमर्श हुआ। संवाद में कांग्रेस पार्टी की विचारधारा, संविधानिक मूल्य, सामाजिक न्याय, लोकतंत्र की मजबूती तथा जनहित से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया गया। कांग्रेस नेताओं ने भगवती बिष्ट का संगठन में पुनः स्वागत करते हुए विश्वास जताया कि उनके अनुभव, समर्पण और जनसेवा की भावना से पार्टी को भविष्य में नई ऊर्जा और मजबूती मिलेगी। कार्यक्रम आपसी सम्मान, विश्वास और पारिवारिक वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर सतीश नैनवाल, किरन माहरा, कृष्णा नेगी, मंजू पाण्डेय, भोला दत्त भट्ट, रेणु तोमर, गोविंद बिष्ट, मुन्नी जोशी, हेमा पांडेय, गीता, पुष्पा नेगी मौजूद रहे।

## सीपीयू एसआई जगत सिंह भंडारी सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** हल्द्वानी में सीपीयू के उपनिरीक्षक जगत सिंह भंडारी को उनके उत्कृष्ट सेवा और समर्पित कार्य के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर



कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत और आईजी रिद्धिम अग्रवाल ने उन्हें प्रशंसा पत्र और सम्मानित किया। उपनिरीक्षक जगत सिंह भंडारी ने पिछले वर्ष में हल्द्वानी क्षेत्र में सर्वाधिक 3,909 चालान वसूल कर 16,92,400 रुपये का जुर्माना वसूला। इसके साथ ही, उन्होंने राहगीरों की मदद करते हुए कई लोगों के खोए हुए पर्स सुरक्षित लौटाए। कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत ने कहा कि उपनिरीक्षक भंडारी की निष्ठा और सेवा भावना अन्य कर्मचारियों के लिए प्रेरणास्रोत है। आईजी रिद्धिम अग्रवाल ने उनके कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के प्रयास शहर में कानून और व्यवस्था के प्रति जनता का विश्वास बढ़ाते हैं।

### गणतंत्र दिवस पर रस्सा-कस्सी और महिलाओं की वॉक रेस

हल्द्वानी। 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला खेल कार्यालय द्वारा हल्द्वानी स्टेडियम में रस्सा-कस्सी प्रतियोगिता और महिलाओं की वॉक रेस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण के साथ हुआ। रस्सा-कस्सी मुकाबला जिला क्रीड़ा अधिकारी की टीम और उपनिदेशक खेल की टीम के बीच खेला गया। मुकाबले में उपनिदेशक खेल की टीम विजेता रही, जबकि जिला क्रीड़ा अधिकारी की टीम उपविजेता रही। महिलाओं की वॉक रेस में लगभग 20 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इसमें प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान हासिल करने वाली प्रतिभागियों को खेल विभाग द्वारा आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए गए। मुख्य अतिथि विनोद वर्मा, सेवानिवृत्त सहायक निदेशक खेल कुमाऊं ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए। इस मौके पर खेल विभाग के सभी अधिकारी, कर्मचारी, खेलों के कोच और बच्चों के अभिभावक मौजूद रहे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286

मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# सम्मान के साथ मनाया गया 77वां गणतंत्र दिवस

■ प्रभारी मंत्री गणेश जोशी ने किया ध्वजारोहण



शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** 77वां गणतन्त्र दिवस का मुख्य कार्यक्रम पुलिस लाईन में आयोजित हुआ। कृषि एवं कृषक कल्याण, सैनिक कल्याण तथा जनपद प्रभारी मंत्री गणेश जोशी ने बतौर मुख्य अतिथि पुलिस लाइन पहुंचकर ध्वजारोहण किया व पुलिस परेड की सलामी ली। परेड में नागरिक पुलिस, पीएसी, होमगार्ड, अग्निशमन, पीआरडी, एनसीसी के साथ ही विभिन्न विभाग की झाकियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

कृषि मंत्री ने कार्यक्रम में सम्बोधित करते हुए आज 77वें गणतंत्र दिवस के पावन पर्व पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि आज का दिन उन अमर शहीदों को नमन करने का है, जिनके बलिदान से हमें यह स्वतंत्र और संप्रभु राष्ट्र प्राप्त हुआ। आज का यह पावन दिन हमें उस ऐतिहासिक क्षण की याद दिलाता है, जब 26 जनवरी 1950 को हमारा संविधान लागू हुआ और भारत एक संपूर्ण प्रभुत्व-संपन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक गणराज्य बना। इस अवसर पर श्री जोशी ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी व उनके परिजनों को पौधा देकर सम्मानित किया। साथ ही पुलिस अधीक्षक स्वप्न किशोर सिंह सहित 26 पुलिस कर्मियों को उत्कृष्ठ कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कृषि, उद्यान, स्वास्थ्य विभाग, बाल विकास, ग्राम्य, शिक्षा विभाग, आपदा विभाग, नगर निगम आदि द्वारा मनमोहक झांकी निकाली गई। इस अवसर पर विधायक शिव अरोरा, महापौर विकास शर्मा, दर्जा राज्य मंत्री उत्तम दत्ता, फरजाना बेगम, पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, विवेक सक्सेना, अमित नारंग, जिला जज सिकंद कुमार त्यागी, जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा, मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी, वीसी जिला विकास प्राधिकरण जय किशन, अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, अपर पुलिस अधीक्षक निहारिका तोमर, डा. उत्तम सिंह नेगी, मुख्य चिकित्साधिकारी डा. केके अग्रवाल, नगर आयुक्त शिप्रा जोशी, उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट, गौरव पाण्डेय, जिला विकास अधिकारी सुशील मोहन डोभाल, मुख्य शिक्षा अधिकारी केएस रावत, जिला युवा कल्याण अधिकारी बीएस रावत, तहस.ीलदार दिनेश कुटौला, जिला आपदा प्रबन्धन अधिकारी उमा शंकर नेगी, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरूद्ध, जिला प्रोवेशन अधिकारी व्योमा जैन आदि उपस्थित थे।

## आरएएन में गणतंत्र दिवस समारोह का हुआ भव्य आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** आरएएन पब्लिक स्कूल में 76वां गणतंत्र दिवस अत्यंत हर्षोल्लास, देशभक्ति और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय परिसर में ध्वजा रोहण के साथ हुआ, जिसें वद्यालय के चेयर मैन विंग कमांडर एचके राय ने सम्पन्न किया।

मुख्य अतिथि संतोष कुमार गुलेरिया एवं सरिता गुलेरिया, कमांडेंट, 15वीं बटालियन एनडीआरएफ, गदरपुर, रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में डा. एएस नैन, निदेशक, कृषि विभाग, गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्व विद्यालय, पंतनगर ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। अतिथियों में विंग कमांडर एचके राय (चेयरमैन, आरएएन एजुकेशन सोसाइटी), मोहित राय निदेशक, निधि राय प्रशासिका, ममता बिष्ट प्रधानाचार्या (डिबडिबा) एवं रेखा कर्नाटक (प्रधानाचार्या, आर.ए.एन. किड्स) विशेष रूप से उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में भूरारानी शाखा की प्रधानाचार्या भावना भनोट ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा आज का यह दिन न केवल हमारे देश की भावना का जश्न मनाने का अवसर है, बल्कि यह हमारे छात्रों की उपलब्धियों और विद्यालय की सामूहिक प्रगति पर विचार करने का भी दिन है।



## होली चाइल्ड स्कूल में देशभक्ति की भावना से मनाया गया गणतन्त्र दिवस

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** होली चाइल्ड के प्रांगण में 77 वें गणतन्त्र दिवस को बड़े उत्साह व देशभक्ति की भावना से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उद्योगपति व समाज सेवी योगराज बत्रा के कर कमलों द्वारा ध्वजारोहण कर किया गया। तत्पश्चात् सामूहिक राष्ट्रगान किया गया। राष्ट्रीय गान के पश्चात् मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। विद्यार्थियों ने गायन, सांस्कृतिक नृत्यों और देशभक्ति नाटक के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। शिक्षकों ने भी काव्य पाठ और भावपूर्ण गीतों से इसमें भाग लिया। इस अवसर पर विद्यालय के वाइस चेयरमैन विकास बत्रा, प्रधानाचार्य एम दुबे, चेयरमैन रोहिताश बत्रा, एमडी पूजा बत्रा, विनय बत्रा, मिंटू दूबे, उप-प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार जोशी, उप-प्रधानाचार्या, मंजू अधिकारी एवं समस्त शिक्षकों ने सभी को हार्दिक शुभकामनाएं दीं।



## एक नजर

### उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारी हुए सम्मानित

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** 77वां गणतंत्र दिवस जनपद में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने जिला कार्यालय में ध्वजारोहण किया और स्वतंत्रता सैनानी एवं उनके आश्रितों को फूल माला व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को भी सम्मानित किया।



जिलाधिकारी ने देश के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को नमन करते हुए सभी को गणतंत्र दिवस की बधाई दी। उन्होने कहा भारत का संविधान सबसे बड़ा सशक्त व सार्वभौमिक है। हमे अपने संविधान को अंगिकृत करते हुए कार्य करने चाहिए।

मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी ने विकास भवन में ध्वजारोहण कर गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए कहा कि हमारा आचरण, व्यवहार कार्यालय और कार्यालय के बाहर भी अच्छा होना चाहिए ताकि सब के मन में सरकार और कर्मचारियों के प्रति अच्छी अवधारणा बने। उन्होंने कहा कि सभी टीम भावना से एकजुट होकर काम करें क्योंकि टीम भावना से काम आसान हो जाते हैं। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, कौस्तुभ मिश्र, उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट, तहसीलदार दिनेश कुटौला, जिला आपदा प्रबन्धन अधिकारी उमा शंकर नेगी सहित कार्यालय के कर्मचारी व अधिकारी आदि उपस्थित थे।

### 77वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया

शाह टाइम्स संवाददाता

**जसपुर।** आवास विकास कार्यालय में 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर भव्य एवं रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अपर आयुक्त सुनील कुमार राजवंशी ने की। इस अवसर पर खेल प्रतियोगिताएं, सांस्कृतिक नृत्य, देशभक्ति गीतों पर आधारित प्रस्तुतियां तथा विभिन्न खेल गतिविधियां आयोजित की गईं। जिनमें आसपास के क्षेत्रों के कई विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति नृत्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित सभी लोगों का मन मोह लिया।



कार्यक्रम के अंत में विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभाशाली बच्चों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता रविश जैन, केशव अग्रवाल, मुमताज सम्राट सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### गणतंत्र दिवस पर चला स्वच्छता अभियान

शाह टाइम्स संवाददाता

**बाजपुर।** उधम सिंह नगर के जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में गणतंत्र दिवस के अवसर पर बाजपुर विकासखंड के अंतर्गत सोमवार को ग्राम महेशपुरा एवं कनोरा में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान नेशनल हाईवे-74 के किनारे लंबे समय से जमा गंदगी को हटाकर क्षेत्र को स्वच्छ किया गया।



स्वच्छता अभियान का नेतृत्व खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) शेखर जोशी एवं एडीओ पंचायत सतीश सैनी द्वारा किया गया। अभियान में ग्राम पंचायत कर्मियों के साथ-साथ स्थानीय लोगों ने भी बढ़-चढ़कर सहभागिता की। हाईवे किनारे फैले कूड़े-कचरे को साफ कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर बीडीओ शेखर जोशी ने कहा कि स्वच्छता केवल एक दिन का अभियान नहीं, बल्कि इसे हमारी दैनिक आदत में शामिल करना चाहिए। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे अपने आसपास सफाई बनाए रखें और सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी न फैलाएं।

### पशु प्रदर्शनी में गुरमुख सिंह की गाय बनी चैंपियन

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** पशुपालन विभाग की तरफ से ग्राम रामेश्वरपुर में विकासखंड स्तरीय पशु प्रदर्शनी आयोजित की गई, जिसमें 80 पशुपालकों द्वारा अपने पशुओं के साथ प्रतिभाग किया गया।



पशु प्रदर्शनी में गाय हीफर वर्ग में मनवीर सिंह, नरेंद्र सिंह पाहवा, महेश एवं भैंस हीफर वर्ग में राम प्रसाद, माया देवी, मुकेश की भैंस ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। दुधारू गाय वर्ग में गुरु चरण सिंह, नरेंद्र सिंह एवं करमजीत सिंह की गाय ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। गुरमुख सिंह की गाय को चैंपियन घोषित किया गया तथा अन्य वर्गों की गाय एवं भैंसों को भी पुरस्कृत किया गया। प्रदर्शनी में नरेंद्र सिंह, संता सिंह, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर आशुतोष जोशी, वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी डा. पंकज पाठक, डॉ मृगेश चौधरी, डॉ राजेंद्र, पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुमित कौर, डॉक्टर संदीप तलवार एवं डा.सुधा कश्यप उपस्थित रहे।

### लिटिल किंगडम स्कूल में धूमधाम से मना गणतंत्र दिवस




शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** डीडी चौक पर स्थित लिटिल किंगडम स्कूल में 77 वा गणतंत्र दिवस को बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल की वरिष्ठ प्रशासक हरविंदर पुरी और विद्यालय प्रशासिका परविंदर पुरी के द्वारा ध्वजारोहण करके हुई ।

गणतंत्र दिवस हमारा राष्ट्रीय पर्व है। राष्ट्रीय पर्व होने के कारण इसका महत्व सभी जाति और सभी संप्रदाय के लोगों के लिए समान है। 15 अगस्त, 1947 को भारत आजाद हुआ था। आजादी की प्राप्ति के बाद भी भारत को गणतंत्र बनाने के लिए संविधान निर्माण में ढाई वर्ष लग गए। भारत का संविधान बना और उसे 26 जनवरी, 1950 से लागू किया गया। तभी से 26 जनवरी का दिन प्रतिवर्ष गणतंत्र दिवस के रूप में मनाया जाता है। विद्यालय में प्ले ग्रुप से लेकर कक्षा पांचवी तक बच्चों ने विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए। स्कूल की वरिष्ठ प्रशासिका परविंदर पुरी ने कहा कि बच्चों की देशभक्ति और धर्म के प्रति रुचि देखकर बहुत ही प्रसन्नता हुई। कहा आज हम अपने देश के 77 वें गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर एक ऐसे देश के रूप में खड़े हैं जो न केवल अपनी पुरानी सांस्कृतिक धरोहर पर गर्व करता है, बल्कि तेजी से आगे बढ़ते हुए एक शक्तिशाली और आत्मनिर्भर राष्ट्र बनने की दिशा में भी कार्य कर रहा है। यहां विद्यालय की प्रधानाचार्या गायत्री खन्ना, उपप्रधानाचार्या सिमरन पुरी, विद्यालय संचालक लक्ष्य शर्मा, कार्यालय प्रभारी मानसी व सहायक-अध्यापिकाएं मौजूद रहे।


## कोलम्बस परिवार ने धूमधाम से मनाया गणतंत्र दिवस

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** स्थानीय मॉडल कॉलोनी स्थित शहर के प्रतिष्ठित कोलम्बस पब्लिक स्कूल के प्रांगण में देश का 77वां गणतन्त्र दिवस बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम विद्यालय के चेयरमैन केसर दास खेड़ा ने ध्वजारोहण कर, विद्यालय परिवार संग सामूहिक रूप से राष्ट्रगान गाकर सभी को गणतन्त्र दिवस की बधाई दी। तत्पश्चात् विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज कुमार ने गणतन्त्र दिवस की बधाई प्रेषित कर छात्र-छात्राओं को देश-प्रेम व सत्य के मार्ग पर चलने हेतु प्रेरित किया साथ ही उन्होंने कहा कि हमारा कर्तव्यहै कि हम अपने देश को और भी मजबूत और समृद्ध करें, ताकि हम आने वाली पीढ़ियों कोउत्कृष्ट भविष्य का मौका दे सकें। इसके उपरान्त विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने देश भक्ति से सराबोर रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।




विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक मनोज खेड़ा जी ने अपने सम्बोधन में छात्र-छात्राओं को गणतन्त्र दिवस की बधाई दी। उन्होंने भारतीय संविधान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमें संविधान का पालन करते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर देश सेवा में अपना योगदान सुनिश्चित करना चाहिए। विद्यालय की उपप्रधानाचार्या डा. कामेश मित्तल ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया। इस दौरान राज कुमार त्यागी, भरत लाल शाह, रामेश्वर शाह, मनमोहन सिंह, एसवकेव नैय्यर, प्रबंध समिति के सदस्यगण, अभिभावकगण व समस्त विद्यालय परिवार मौजूद रहा।



## सिक्स सिग्मा में मनाया गया 77 वां गणतंत्र दिवस समारोह

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** क्षेत्र के प्रतिष्ठित संस्थान सिक्स सिग्मा इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस में 77वें गणतंत्र दिवस को बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण तथा राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस शुभ अवसर पर छात्र-छात्राओं ने अत्यंत आकर्षक और मोहित कर देने वाले रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए।



कार्यक्रम का शुभारम्भ संस्थान की निदेशिका डॉ. सीमा अरोरा, प्रधानाचार्य ललित सिंह बिष्ट, उप-प्रधानाचार्य मुकेश कुमार, प्रधानाचार्य (फार्मेसी) डा. प्रकाश पन्त, प्रधानाचार्य (नर्सिंग) विवेक त्रिवेदी ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट हेड रजत धवन, सीएओ अनुभव बाठला, प्रमोशन हेड शिवम् शर्मा एवं सभी शिक्षको ने सर्वप्रथम मां सरस्वती वंदना की तत्पश्चात स्वागत गीत गया तथा गणतंत्र दिवस के कार्यक्रम को प्रारंभ किया। बीबीए की छात्रा मीनाक्षी के द्वारा बताया गया इसी दिन वर्ष 1950 में हमारे देश में संविधान लागू हुआ और भारत एक संपूर्ण गणतंत्र राष्ट्र बना। बीएससी प्रथम वर्ष के छात्रो द्वारा ऑपरेशन सिंदूर एक्ट किया तथा जीएनएम के छात्रों द्वारा देशभक्ति गाने पर सांस्कृतिक कार्यक्रम नर्सिंग के छात्रों द्वारा रानी लक्ष्मी एक्ट और बीबीए की छात्र द्वारा पहाड़ी देशभक्ति का कार्यक्रम प्रस्तुत किया। यहां संस्थान की निर्देशिका डॉ सीमा अरोरा, फार्मेसी के प्रधानाचार्य डा. प्रकाश पंत, विवेक त्रिवेदी, राजेश डावर, प्रीत ग्रोवर, सीए शिव अरोरा, वंश डावर, शौर्य अरोरा, ललित भट्ट, चन्दन सिंह राणा, नीता कोरंगा, दिव्या आदि थे।

## भानु प्रताप स्कूल में जोश के साथ मना गणतंत्र दिवस

शाह टाइम्स संवाददाता




**रुद्रपुर।** भानु प्रताप पब्लिक स्कूल ने 77वां गणतंत्र दिवस बड़े उत्साह, गरिमा और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया। पूरा कैंपस राष्ट्रीय गौरव से भर गया, क्योंकि छात्र, शिक्षक और कर्मचारी स्वतंत्रता सेनानियों और भारतीय संविधान के जनक डॉ. भीम राव अंबेडकर को दिल से श्रद्धांजलि देने के लिए एक साथ आए।

प्रिंसिपल ने अपने प्रेरणादायक भाषण में संविधान में निहित मौलिक अधिकारों और मौलिक कर्तव्यों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि एक मजबूत और एकजुट राष्ट्र बनाने के लिए हर भारतीय को अपने कर्तव्यों का ईमानदारी, नैतिकता और जिम्मेदारी से पालन करना चाहिए। सांस्कृतिक कार्यक्रम ने उत्सव में रंग और जान डाल दी। कक्षा 2 और 3 के छात्रों ने एक मनमोहक देशभक्ति नृत्य प्रस्तुत किया, जिसने अपनी मासूमियत और ऊर्जा से सभी का दिल जीत लिया। कक्षा 9 की लड़कियों ने एक और सुंदर और शक्तिशाली नृत्य प्रदर्शन प्रस्तुत किया, जिसमें आत्मविश्वास, तालमेल और गहरी देशभक्ति की भावना दिखाई दी। कार्यक्रम में छात्रों जीविका चंद्र, अराना, श्रेया, मोहसिन और नजराना, इशिका और अक्षिता चंद्र ने लोगों का मन मोह लिया। यहां मनीषा, नेहा, कोमल गुप्ता, ज्योति, अखिलेश, अक्षय, महिपाल, रजनेश आदि मौजूद रहे।

## उदय भारतीयम पब्लिक स्कूल में मना गणतंत्र दिवस



शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** विधायक शिव अरोड़ा, विद्यालय प्रबंधक मुकेश पाल एवं अन्य गणमान्य लोगों के साथ विद्यालय स्टाफ के द्वारा उदय भारतीयम पब्लिक स्कूल में 77 वां गणतंत्र दिवस समारोह ध्वजारोहण राष्ट्रगान एवं रंगारंग देशभक्ति, संस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। नन्हे मुन्ने बच्चों के द्वारा देशभक्ति गीतों के साथ श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। इस अवसर पर पूर्व मेयर रामपाल सिंह, अनिल चौहान, नेत्रपाल मौर्य, तरुण दत्ता, रोशन अरोड़ा, मोर सिंह यादव, धीरज गुप्ता, जितेंद्र सिंधु, प्रेमपाल गंगवार, अजय मौर्या, समीर गॉड, जितेंद्र मौर्य, वेद प्रकाश मौर्य, विशाल गंगवार, रामावतार शर्मा, कृष्ण पाल गंगवार विद्यालय परिवार एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## जोश से मनाया गया गणतंत्र दिवस




शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** द ऑक्सफोर्ड अकादमी में पूरे जोश और उत्साह के साथ गणतत्र दिवस मनाया गया। प्रबन्ध समिति सदस्य प्रीती पपनेजा एवं प्रधानाचार्य केएस नेगी द्वारा सामूहिक रूप से ध्वजारोहण किया गया। तत्पश्चात राष्ट्रगान व राष्ट्र गीत का गायन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

नृत्य, गीत और देश भक्ति संबधित सभी कार्यक्रमों ने सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया।

इस दौरान प्रबंध समिति के सदस्य रोहताश बत्रा, वैभव बत्रा, अमित जिन्दल, सुरेन्द्र मिड्ढा ने देश के 77वें गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएंदी।

## चाणक्य लॉ कॉलेज में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया



शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** चाणक्य लॉ कॉलेज में भारत के 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्रों, शिक्षकगण और प्रशास. निक स्टाफ ने देशभक्ति की भावना के साथ भाग लिया। समारोह की शुरुआत कॉलेज के चेयरमैन एसपी सिंह द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराने और राष्ट्रगान के साथ हुई।

विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, नाटक, और कविता पाठ के माध्यम से संविधान के मूल्यों, एकता भाईचारे और लोकतंत्र की अहमियत पर अपने विचार प्रस्तुत किए। जिनमें वंश साहा देश भक्ति भाषण, पल्लवी कविता पाठ और अनामिका, तनुश्री, खुशमिलन, सतनाम द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति गीत प्रमुख आकर्षण का केन्द्र रहे। चेयरमैन एसपी सिंह कहा गया कि कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल 26 जनवरी का उत्सव मनाना है, बल्कि छात्रों में राष्ट्रीय चेतना और कर्तव्य परायणता की भावना को भी मजबूत करना है।

यहां संस्थान के मैनेजिंग डायरेक्टर रवीन्द्र सिंह बिष्ट, प्राचार्या डा. दीपाक्षी जोशी, उमरा मलिक, सलीम अहमद, अनिल कुमार, डा. रूबीना, उपासना तिवारी, मनप्रीत कौर, आकांक्षा रघुवंशी, हिमानी फुलारा, सिद्धि अग्रवाल, वर्णिका वर्मा, केके अवस्थी, अनुज सिंकदार, मनोज आर्या, प्रियंका, दीपक, आर0एस सिंह एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## धूमधाम से मनाया गया 77 वां गणतंत्र दिवस



शाह टाइम्स संवाददाता

**जसपुर।** इंदिरा गांधी राजकीय इंटर कॉलेज बढियोवाला में गणतंत्र दिवस बड़े धूमधाम व हर्षोल्लास से मनाया गया । वहीं विद्यालय के शारीरिक शिक्षक ने अपनी माता की पुण्य स्मृति में राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय विजेता खिलाड़ियों व कोच को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया ।

विद्यालय के प्रधानाचार्य जगदीश प्रसाद ने ध्वजारोहण किया। वहीं छात्र-छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया ।इस मौके पर विद्यालय के शारीरिक शिक्षक संजय वर्मा ने अपनी स्वर्गीय माता संतोष वर्मा की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय, राज्य व जिला स्तरीय विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया, जिसमें मनीषा, हिमांशी, काजल, योगिता, उपकार राठोड, शिवम, केशव, दीपक, अमन, हिमांशु, उजमा समेत कोच हरिओम राठौड शामिल हैं । इनके अलावा प्रवक्ता अनूप सक्सेना, कनिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी अभिनव चौधरी, लोकेश शर्मा व भरतसिह को भी पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर ओमपाल सिंह, केके शर्मा, संजय वत्सल, बृजेश कुमार, बीके सिंह, सूरज शर्मा, रंजीत सिंह, परविंदर सिंह, अरविंद सिंह, राहुल बिश्नोई, पंकज अग्रवाल, लोकेश सोनिका, तेजस्वी गौतम, सुमन व सैकड़ों विद्यार्थी मौजूद रहे।

## हर्षोल्लास से मनाया गया गणतंत्र दिवस



शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** सीर गोटिया स्थित शिक्षण संस्थान मदरसा बागियातुल हसनात में गणतन्त्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। ध्वजारोहण मदरसे के प्रबन्धक सचिव मुहम्मद फैजान रजा अशरफी एवं मुख्य अतिथि उत्तराखण्ड राज्य हज समिति के सदस्य गुफ्ती मन्नान रजा द्वारा किया गया। मदरसे के स्टाफ एवं विद्यार्थियों के द्वारा राष्ट्र गाया गया। मुफ्ती मन्नान रजा ने कहा कि हमारे लिए देश की स्वतंत्रता और गणतन्त्र दोनों ही गर्व की चीजे हैं और ये दोनों ही चीजें हमें बहुत कुर्बानियों के बाद प्राप्त हुई है। इस अवसर पर मदरसे के प्रबन्धक सचिव गुहम्मद फैजान रजा अशरफी, उप-प्रधानाचार्य जीशान, अध्यापकगण सबीहा नाडा, साबिरा, इरम, सादिया नाज, मुहम्मद जाहिद, आसिया बी, सोनी, शिफा एवं समस्त विद्यार्थी आदि मौजूद रहे।

## डिजिटल वर्ल्ड स्कूल में लगा नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर

शाह टाइम्स संवाददाता



रुद्रपुर। महाराजा अग्रसेन हॉस्पिटल, रुद्रपुर की ओर से डिजिटल वर्ल्ड स्कूल के सहयोग से एक नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में शहर व आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर अपनी आंखों की जांच कराई। विशेषज्ञ नेत्र चिकित्सकों द्वारा मरीजों की मोतियाबिंद, काला मोतिया, आंखों से पानी आना, धुंधला दिखाई देना, आंखों में खुजली, लालिमा, सूखापन, टेढ़ापन, भेंगापन व नाखूना जैसी समस्याओं की आधुनिक मशीनों से नि:शुल्क जांच की गई। आयोजकों ने बताया कि शिविर के दौरान कई मरीजों में मोतियाबिंद की पहचान की गई, जिनका आयुष्मान कार्ड उपलब्ध होने पर नि:शुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। शिविर में आए मरीजों को परामर्श के साथ-साथ आवश्यक मार्गदर्शन भी दिया गया।

# राजनीति में उबाल: इधर मीना का धरना उधर ठुकराल पर दर्ज हुआ मुकदमा

**पूर्व विधायक पर महिला कांग्रेस नेत्री के चरित्र हनन का गंभीर आरोप**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** रुद्रपुर की राजनीति उस समय गरमा गई जब नगर पालिका परिषद की पूर्व चेयरमैन व उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस की वरिष्ठ उपाध्यक्ष मीना शर्मा ने पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल पर चरित्र हनन जैसे गंभीर आरोप लगाए। सोशल मीडिया पर वायरल एक आपत्तिजनक ऑडियो को लेकर कोतवाली रुद्रपुर में तहरीर दी गई, जिसके बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मीना शर्मा ने आरोप लगाया है कि वायरल ऑडियो में उनके और उनके पति के खिलाफ अत्यंत अश्लील, अमर्यादित और मानहानिक. ारक भाषा का प्रयोग किया गया है। उनका कहना है कि यह पूरी घटना राजनीतिक दुर्भावना और साजिश का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य उनकी बढ़ती राजनीतिक सक्रियता और सामा. जिक प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाना है। तहरीर के अनुसार मीना शर्मा वर्ष 2022 में कांग्रेस पार्टी के टिकट पर रुद्रपुर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ चुकी हैं और वर्तमान में महिला कांग्रेस की वरिष्ठ उपाध्यक्ष होने के साथ-साथ एक सामा. जिक संस्था की अध्यक्ष भी हैं। उनके पति अनिल शर्मा भी कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता रह चुके हैं। दंपति की क्षेत्र में लंबे समय से साफ-सुथरी छवि और मजबूत राजनीतिक पकड़ मानी जाती है। मीना शर्मा का आरोप है कि 11 जनवरी 2024 को वायरल हुए ऑडियो में पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल की आवाज बताई जा रही है, जिसमें उनके चरित्र पर अभद्र टिप्पणियां की गई हैं। यह ऑडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ, जिससे न केवल राजनीतिक गलियारों में हलचल मच गई बल्कि आम जनता में भी आक्रोश देखने को मिला।

तहरीर में यह भी उल्लेख है कि जब कुछ सोशल मीडिया संपादकों द्वारा पूर्व विधायक से इस ऑडियो को लेकर संपर्क किया गया तो उन्होंने इसे पुराना बताया, लेकिन यह स्पष्ट रूप से नहीं कहा कि आवाज उनकी नहीं है। कई लोगों द्वारा आवाज की पहचान किए जाने के बाद मामला और भी संवेदनशील हो गया। मीना शर्मा ने कहा कि इस घटना से उन्हें और उनके परिवार को गहरा मानसिक आघात पहुंचा है और सार्वजनिक रूप से उनकी प्रतिष्ठा को ठेस लगी है। उन्होंने इसे महिलाओं के सम्मान के खिलाफ बताते हुए कहा कि राजनीति में इस तरह की भाषा लोकतांत्रिक मूल्यों और सनातन संस्कृति दोनों के विपरीत है। कोतवाली रुद्रपुर पुलिस ने तहरीर के आधार पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की छानबीन शुरू कर दी है। मुकदमा दर्ज होते ही रुद्रपुर की राजनीति में बयानबाजी तेज हो गई है और आने वाले दिनों में इस मामले के और तूल पकड़ने की संभावना जताई जा रही है।

# माध्यमिक विद्यालय में मनाया गया समान नागरिक संहिता दिवस




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रेंहटा में समान नागरिक संहिता (यूनिफॉर्म सिविल कोड-UCC) दिवस गरिमामय एवं अनुशासित वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को समान नागरिक संहिता जैसे महत्वपूर्ण संवैधानिक विषय के प्रति जागरूक करना रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य धूम बहादुर सिंह चौहान द्वारा किया गया। अपने उद्घाटन संबोधन में उन्होंने कहा कि समान नागरिक संहिता समाज में समता, एकता और न्याय की भावना को मजबूत करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यूसीसी का उद्देश्य किसी भी वर्ग को अलग करना नहीं, बल्कि सभी नागरिकों को समान अधिकार और समान दायित्व प्रदान करना है, जिससे राष्ट्र की एकता एवं सामाजिक समरसता सुदृढ़ हो। कार्यक्रम में वरिष्ठ शिक्षक दीपक शर्मा, डी. आर. बाराकोटी, सोमनाथ सिंह, अनुर्रहमान,राजकिशोर, देवेंद्र सिंह तथा वरिष्ठ सहायक, देवेंद्र कुमार सहित समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम प्रभारी डी.आर. बाराकोटी द्वारा किया गया।

## एक नजर

### बसपा छोड़ योगेश कुमार हुए सपा में शामिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** समाजवादी पार्टी कार्यालय, बाजपुर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान बहुजन समाज पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधानसभा प्रत्याशी पति योगेश कुमार ने अपने समर्थकों सहित समा. जवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। उन्हें समाजवादी पार्टी यूथ बिग्रेड के राष्ट्रीय महासचिव अरविंद यादव ने पार्टी की सदस्यता दिलाई। इस अवसर पर योगेश कुमार ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) नीति की सराहना करते हुए कहा कि वे इस विचारधारा से प्रभावित होकर सपा में शामिल हुए हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में समाजवादी पार्टी को मजबूत करने और संविधान निर्माता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के मिशन को आगे बढ़ाने के लिए वे तन-मन-धन से कार्य करेंगे। कार्यक्रम में पार्टी में शामिल होने पर अरविंद दिवाकर (प्रदेश अध्यक्ष, बाबा साहब वाहिनी), अमित कुमार (प्रदेश अध्यक्ष, यूथ बिग्रेड), मोहम्मद आजम (विधानसभा अध्यक्ष) एवं सुनील कुमार सोनू कंबोज सहित अन्य पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने योगेश कुमार का स्वागत करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।



### विद्यालयों से लेकर नगर पालिका तक फहराया तिरंगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** बाजपुर क्षेत्र में 77वां गणतंत्र दिवस पूरे हर्षोल्लास,गरिमा और देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया। राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रेंहटा से लेकर नगर पालिका परिसर तक राष्ट्रध्वज फहराया गया और संविधान के प्रति आस्था प्रकट की गई। राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रेंहटा में प्रधानाचार्य धूम बहादुर सिंह चौहान द्वारा ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने संविधान की प्रस्तावना की सामूहिक शपथ ली। विद्यालय परिसर कुमाऊनी, गढ़वाली एवं देशभक्ति गीतों तथा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से गूंज उठा।कार्यक्रम का सफल संचालन कार्यक्रम प्रभारी डी.आर. बाराकोटी द्वारा किया गया। वहीं नगर पालिका परिसर में नगर पालिका अध्यक्ष गुरजीत सिंह गित्ते ने विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों एवं सभासदों की उपस्थिति में राष्ट्रगान के साथ ध्वजारोहण किया। पालिका अध्यक्ष ने कहा कि गणतंत्र दिवस भारत का गौरवशाली पर्व है, जो हमें संविधान के मूल्यों और कर्तव्यों की याद दिलाता है। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संविधान का सच्चा प्रहरी बताते हुए उनके योगदान की सराहना की। इस अवसर पर नगर पालिका के समस्त अधिकारी, कर्मचारी एवं सभासदगण उपस्थित रहे।



### मृतक के खिलाफ अवैध पिस्टल रखने का मुकदमा हुआ दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** युवक आत्महत्या करने के बाद पुलिस न उसके खिलाफ अवैध पिस्टल रखने के लिए आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने मौके से एक अवैध पिस्टल 32 बोर मय एक खोखा व 5 कारतूस बरामद किए।

एसआई अशोक कांडपाल ने बताया कि 25 जनवरी 2026 को बैंतखेड़ी निवासी लवप्रीत मण्ड पुत्र चंचल सिंह ने सूचना दी कि बन्नाखेड़ा सोसाइटी के सामने गुरप्रताप सिंह (43 वर्ष) पुत्र बलकार सिंह के मकान में किराये पर रहने वाले व्यक्ति गुरजीत सिंह पुत्र जोगेन्दर सिंह ने अपने आप को गोली मार कर आत्महत्या कर ली है। सूचना पर कार्रवाई करते हुए एएसआई भरत सिंह, कां.सुनील कुमार, विपिन, गिरीश पाटनी व मनोज के साथ मौके पर पहुंचे तो देखा कि कमरे में गुरजीत का शव पड़ा है। मृतक के पास बेड पर एक अवैध पिस्टल 32 बोर पड़ी है।पूछताछ करने पर मृतक के भाई गुरपिन्दर सिंह ने बताया कि उसका भाई गुरजीत सिंह और भाभी संदीप कौर गुरप्रताप सिंह के घर में किराये पर रहते हैं। आज वह अपनी माता, पत्नी, बच्चे तथा अपनी भाभी संदीप कौर के साथ गुरुद्वारे गये थे। जब वह 2.00 बजे के आस-पास वापस आये तो भाभी ने उसे रोककर कहा कि आपके भाई दरवाजा नहीं खोल रहे हैं अंदर से कुण्डी लगा रखी है जिसके बाद उसने कई बार दरवाजा पीटा परन्तु उसके भाई का कोई जवाब नहीं आया। उसके बाद उसके लड़के अभिजोत सिंह ने घर के पीछे जाकर घर की खिड़की में लगे शीशे व जाली को तोड़कर लकड़ी की मदद से परदा हटाकर देखा तो उसका बड़ा भाई बैड पर चित अवस्था में पड़ा था, जिसके पैर के पास एक पिस्टल पड़ी थी। गुरपिन्दर सिंह ने बताया कि यह देखकर उसकी भाभी संदीप कौर यह देखकर भावुक हो गयी, उसने पिस्टल पकड़ ली, यह देख उसने कुछ सोचे बिना अपनी भाभी संदीप कौर के हाथ से उक्त पिस्टल छीन ली तथा उसकी मैग्जीन निकाल ली तथा चैम्बर खाली कर दिया, इसी दौरान यहां लोगों की भीड़ लग गयी। बरामद पिस्टल के बारे में मृतक के भाई से जानकारी की गयी तो उनके द्वारा इस सम्बन्ध में जानक. ारी नहीं होना बताया गया तथा बताया कि उसके भाई के पास कोई शस्त्र लाइसेंस भी नहीं है। पिस्टल मृतक गुरजीत सिंह के पास से बरामद हुआ है जो जुर्म धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अपराध है। मृतक के भाई गुरपिन्दर सिंह को मृतक के जुर्म धारा 3/25 आर्म्स एक्ट से अवगत कराया गया और मृतक गुरजीत सिंह के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच एसआई संदीप शर्मा के हवाले की गई है।

# गणतंत्र दिवस समारोह में सम्मान की गूंज

**25 पुलिसकर्मी विशिष्ट सेवा के लिए पुरस्कृत**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चम्पावत।** पुलिस लाइन में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह केवल परेड और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह सम्मान, सेवा और समर्पण का उत्सव भी बन गया। समारोह का संचालन एसओजी प्रभारी कमलेश भट्ट एवं "तिलू रौतेली पुरस्कार" से सम्मानित समाजसेविका सोनिया आर्या ने संयुक्त रूप से किया।

इस अवसर पर जनपद में उत्कृष्ट एवं विशिष्ट सेवाएं देने वाले 25 पुलिस कर्मियों को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मान पाने वालों में टनकपुर के थाना प्रभारी चेतन रावत, इंस्पेक्टर हयात सिंह रावत, टनकपुर के एसएसआई पूरन सिंह तोमर, मीडिया सेल चम्पावत के एसआई मनीष खत्री, सीसीटीएनएस उप निरीक्षक ललित पांडे, प्रभारी सुमन पांडे, महिला डेस्क, एसआई सोनू सिंह प्रभारी एएनटीएफ चम्पावत, एसओजी प्रभारी एसआई कमलेश भट्ट, एएसआई थाना तामली मनोहर रावत, एएसआई प्रेम सिंह पुलिस लाइन, एचसी थाना टनकपुर विनोद यादव, यातायात चम्पावत त्रिभुवन सिंह, अभिसूचना मनीष यादव, दूरसंचार के पवन नाथ, बलदेव प्रसाद, सिपाही पुलिस कार्यालय गोपाल गिरी, यातायात चम्पावत योगेश जोशी, एलएफएम संतोष जोशी टनकपुर , डीवीआर टनकपुर देवेंद्र नेगी, फायरमैन दीपक रावत टनकपुर, बलवीर सिंह बिष्ट चम्पावत, विक्रम गिरी टनकपुर, मोहम्मद सलीम टनकपुर, चालाक भैरव सिंह सामिल थे।

सभी को मुख्य अतिथियों द्वारा सम्मानित कर उत्साहवर्धन किया गया।

# हर्षोल्लास से मनाई गई यूसीसी लागू होने की प्रथम वर्षगांठ

**पंजीकरण में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को जिलाधिकारी ने किया पुरस्कृत**




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के लागू होने की प्रथम वर्षगांठ के अवसर पर रामलीला मैदान (नगर निगम के निकट) में एक भव्य, सुव्यवस्थित एवं जन-जागरूकता उन्मुख कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समान नागरिक संहिता के एक वर्ष की उपलब्धियों को रेखांकित करना, इसके सामाजिक एवं विधिक महत्व से आमजन को अवगत कराना तथा समाज में समानता, न्याय एवं एकरूपता के संदेश को सशक्त रूप से स्थापित करना रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी आशीष भटगांई द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। अपने संबोधन में जिलाधिकारी ने कहा कि समान नागरिक संहिता सामाजिक सुधार की दिशा में एक ऐतिहासिक एवं दूरदर्शी पहल है, जिससे समाज में लैंगिक समानता, न्यायसंगत व्यवस्था एवं संवैधानिक मूल्यों को मजबूती मिली है। उन्होंने कहा कि यूसीसी के सफल क्रियान्वयन में प्रशासन, जनप्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों की सहभागिता अत्यंत सराहनीय रही है। कार्यक्रम के दौरान एलईडी स्क्रीन के माध्यम से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के लाइव संबोधन का सजीव प्रसारण किया गया, जिसे उपस्थित नागरिकों, जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा गंभीरता से सुना गया। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में समान नागरिक संहिता को प्रदेश के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए इसके प्रभावी क्रियान्वयन में सहयोग हेतु जनपदवासियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में दर्जा राज्यमंत्री गणेश भंडारी, अध्यक्ष जिला पंचायत जितेन्द्र प्रसाद, जिलाध्यक्ष भाजपा गिरीश जोशी, नगर निगम महापौर कल्पना देवलाल, पूर्व विधायक चंद्रा पंत, जिला महामंत्री इन्द्र लूंठी, दीपिका बोहरा, पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका राजेन्द्र रावत, जगत सिंह खाती, ब्लॉक प्रमुख कनालीछीना महिमन कन्याल, मनोज सामंत, कच्चाहारी बाबा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

सभी अतिथियों द्वारा यूसीसी को सामाजिक समरसता एवं समान अधिकारों की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया गया।

# आईटीबीपी 36वीं बटालियन में गणतंत्र दिवस की गर्जना



**कमांडेंट ने वीर जवानों को दिलाया राष्ट्ररक्षा का संकल्प**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर आज आईटीबीपी की 36वीं बटालियन में पूरे सैन्य अनुशासन और जोश के साथ भव्य परेड का आयोजन किया गया। परेड का नेतृत्व सहायक सेनानी अनिल कुमार ने किया। ड्यूटी का मानतकारी दायित्व बेगराज मीणा के पास रहा, जो सुबह से ही जिम्मेदारी संभाले रहे।

परेड में उप सेनानी अभिषेक मधुकर, सहायक सेनानी गौरव कुमार, अक्षय गणपति असर बाटुल, इंस्पेक्टर गोपाल वर्मा एवं जी.एस. राठौर सहित कई अधिकारी शामिल रहे। मार्च पास्ट की सलामी लेने के उपरांत कमांडेंट ने जवानों को संबोधित करते हुए कहा कि गणतंत्र दिवस हमें यह याद दिलाता है कि देश की आन, बान और शान की रक्षा के लिए हम हर समय तैयार रहें। इस अवसर पर आईटीबीपी की परंपरा के अनुसार पूर्व जवानों एवं सेवा. निवृत्त अधिकारियों को आमंत्रित कर उन्हें सम्मानित किया गया।

### बंद घर के ताले तोड़ लाखों की चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** नैना कॉलोनी निवासी सत्यपाल अरोड़ा पुत्र दीवान चंद अरोड़ा ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह बीती नौ जनवरी को अपने घर पर ताला लगाकर देहरादून गए थे। उनकी पत्नी भी उस दौरान बिजनौर गई हुई थीं। सोमवार, 26 जनवरी को जब वह अपनी पत्नी के साथ सुबह करीब सवा ग्यारह बजे घर वापस लौटे, तो मुख्य गेट का ताला लगा हुआ मिला। लेकिन जब वे घर के भीतर कमरों में दाखिल हुए तो उनके होश उड़ गए। कमरे का दरवाजा खुला था और अंदर सारा सामान बिखरा पड़ा था। चोरों ने डबल बेड और सेफ को खंगालते हुए उसमें रखे 6 तोला सोने के आभूषण और डेढ़ लाख रुपये की नकदी चोरी कर ली। पीड़ित के अनुसार, नकदी बेटी की स्कूल फीस जमा करने के लिए घर में रखी गई थी। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। पुलिस ने तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया है।

### रेट की मांग को लेकर खनन ट्रांसपोर्टरों का धरना जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** 22 रुपये प्रति कुंतल रेट की मांग को लेकर खनन ट्रांसपोर्टरों का धरना बंजारी द्वितीय गेट, कोसी नदी पर मंगलवार को भी जारी रहा। धरने की अगुवाई कोसी नदी वाहन स्वामी यूनियन के अध्यक्ष एडवोकेट सतनाम सिंह कर रहे हैं। खनन ट्रांसपोर्टरों ने स्टोन क्रेशर संचालकों पर मनमानी और उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए कहा कि इसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



खनन ट्रांसपोर्टरों का कहना है कि वे गत रविवार से धरने पर बैठे हैं, लेकिन अब तक उनकी समस्याओं की कोई सुध नहीं ली गई है। इससे आक्रोशित ट्रांसपोर्टरों ने बुधवार को जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया का घेराव करने का ऐलान किया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक स्टोन क्रेशर संचालक खनन ट्रांसपोर्टरों के रेट नहीं बढ़ाते, तब तक खनन घाटों का संचालन नहीं होने दिया जाएगा। धरना स्थल पर मंगलवार को यूनियन अध्यक्ष एडवोकेट सतनाम सिंह ने कहा कि स्टोन क्रेशर संचालकों द्वारा लगातार खनन ट्रांसपोर्टरों का उत्पीड़न किया जा रहा है, जिसे अब और सहन नहीं किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि मांगें पूरी न होने की स्थिति में आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इस मौके पर यूनियन अध्यक्ष प्रतिनिधि मलकीत सिंह, उपाध्यक्ष रंजीत सिंह, सचिव हरकेश सिंह केशी, उप सचिव जगदीश सिंह, कोषाध्यक्ष जसवंत सिंह चमकीला, सदस्य अजमेर सिंह, जसवंत सिंह, राज सिंह, गज्जन सिंह, युवराज सिंह, निरवैर सिंह, जसपाल सिंह, बलदेव सिंह, विजय काम्बोज, गुरमीता सिंह सहित दर्जनों खनन ट्रांसपोर्टर मौजूद रहे।

### यूसीसी के एक वर्ष पूर्ण होने पर हुआ भव्य कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** समान नागरिक संहिता के एक पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मंगलवार को भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर तहसील परिसर में एक शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें शिक्षा विभाग, नगर पालिका परिषद, राजस्व विभाग, पुलिस विभाग, विकास खंड विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के द्वारा स्टॉल लगाए गए। इस मौके पर समान नागरिक सं. हता के बारे में आम जनता को जानकारी दी गई। शिविर में एक यूसीसी प्रमाण पत्र भी जारी किया गया तथा 12 यूसीसी पंजीकरण किए गए। इस मौके पर उपस्थित नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा समान नागरिक संहिता को पूर्ण हुए आज एक वर्ष पूर्ण हो चुका है। जिसमें अब बेटियों को भी बेटों के समान अधिकार मिलेंगे और इसके साथ ही माता-पिता की संपत्ति में भी समान अधिकार मिलेगा। इस मौके पर नगर पालिका अधिशासी अधिकारी प्रियंका आर्या, तहसीलदार वीरेंद्र सजवान, सभासद असलम अंसारी आदि मौजूद रहे।



# धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस रामनगर में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी,अर्ध सरकारी, स्कूलों,कॉलेजों और विभिन्न संस्थानों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।


विधायक दीवान सिंह बिष्ट ने अपने कार्यालय पर झंडा रोहण किया। एसडीएम प्रमोद कुमार ने तहसील मुख्यालय में झंडा रोहण किया। नगर पालिका परिषद में नगर पालिका अध्यक्ष हाजी मोहम्मद अकरम ने झंडा रोहण किया। इस दौरान अधिशासी अधिकारी आलोक उनियाल, सफाई निरीक्षक लल्ला मियां, सभासद तनुज दुर्गापाल, सभासद शमीम अहमद आदि मौजूद रहे। जल संस्थान में अधिशासी अभियंता मनोज कुमार गंगवार, बिजली विभाग में अधिशाषी अभियंता गोविंद कार्की और एसडीओ दरपण सिंह निखुरपा, कार्बेट में डायरेक्टर डॉक्टर साकेत बड़ोला ने किया। तराई पश्चिम वन प्रभाग में डीएफओ प्रकाश चंद्र आर्य ने किया। वन प्रभाग में डीएफओ ध्रुव मर्तोलिया, रामनगर रेंज में रेंजर धर्मानंद सुनाल, कोसी रेंज में रेंजर शेखर चंद्र तिवारी ने किया। बेलपड़ाव रेंज में रेंजर विजेंद्र अधिकारी, बिजरानी रेंज में रेंजर नवीन पाण्डे, ढेला रेंज में रेंजर भानु प्रकाश हरबोला, ढिकाला रेंज के रेंजर उमेश चंद्र आर्य,सर्पदुली रेंज में रेंजर संजय पाण्डे, कोटा रेंज में रेंजर संजीव कुमार, देचोरी रेंज के रेंजर रमेश चंद्र ध्यानी,आमपोखरा रेंज में रेंजर पुरण सिंह खनायत, उत्तराखंड शिक्षा बोर्ड में विनोद सीमल्टी,खंड विकास कार्यालय में ब्लॉक प्रमुख मंजू नेगी,ज्येष्ठ उप प्रमुख संजय नेगी और खंड विकास अधिकारी गिरीश पांडे, सीओ ऑफिस में सुमित पांडे, कोतवाली में कोतवाल सुशील कुमार ने किया। राजकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डा. एमसी पांडे, पिरुमदारा पुलिस चौकी में इंचार्ज वीरेंद्र सिंह बिष्ट,मालधन पुलिस चौकी में इंचार्ज धर्मेन्द्र कुमार, बड़ी मस्जिद के मैदान में छात्रसंघ उपाध्यक्ष मनोज पांडे, सदर सईद अख्तर, मुफ्ती मोहम्मद अकील ने संयुक्त रूप से किया। आबकारी विभाग में आबकारी निरीक्षक उमेश पाल ने किया।

# 50 वाद्य यंत्र बजाकर 10 वर्षीय किरन ने बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** नगर की 10 वर्षीय बालिका किरन कोटनाला ने एक साथ 50 वाद्य यंत्र बजाकर वर्ल्ड रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज कराकर प्रदेश व नगर का नाम पूरे विश्व मे रोशन किया है।

दस वर्षीय बाल कलाकार किरन ने वर्ल्ड रिकॉर्ड बुक में नाम दर्ज करवाया है। रामनगर में गुरुनानक स्कूल में पांचवीं की छात्रा किरन कोटवाल ने अपनी मेहनत से बड़ी उपलब्धि हासिल की है, जो नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा है। किरन ने सबसे कम उम्र (नौ साल तीन माह और 28 दिन) की बाल कलाकार के रूप मे 50 म्यूजिकल वाद्य यंत्रों को बजा कर इन्फुलेंसर बन अपना नाम वर्ल्ड रिकॉर्ड बुक मे दर्ज कराया जो एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। किरन को 25 जनवरी 2026 को जयपुर इंटरनेशनल सेंटर में अवार्ड कार्यक्रम में ये सम्मान दिया गया। किरन अपने पिता प्रकाश कोटनाला की पैठ पड़ाव म्यूजिक क्लास में अपने पापा के साथ हर पल रियाज मं डूबी रहती हैं। इस उपलब्धि को पाने के लिए उसने काफी अभ्यास किया है और अपने इस लक्ष्य को आखिरकार हासिल कर लिया है।



# गणतंत्र दिवस समारोह में दिखी देश की संस्कृति




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सुल्तानपुर पट्टी।** राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में गणतंत्र दिवस का समारोह अत्यंत गरिमा, उत्साह एवं देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। यह कार्यक्रम भारतीय संविधान के मूल्यों, राष्ट्रीय एकता एवं नागरिक कर्तव्यों को समर्पित रहा।

इस विशेष अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेता राजेश कुमार को आमंत्रित किया गया। विद्यालय की प्रभारी प्रधानाचार्या श्रीमती नीलम सैनी की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण के साथ हुआ। इसके पश्चात सभी ने राष्ट्रगान गाकर मातृभूमि के प्रति अपनी निष्ठा प्रकट की। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति गीत, भाषण, कविताएँ एवं रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं, जिन्होंने उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया।

मुख्य अतिथि ने अपने विचार व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों को संविधान के आदर्शों को अपनाने, नैतिक मूल्यों पर चलने और एक जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर विद्यालय की शिक्षिकाएं एवं छात्राएं मौजूद रही सुल्तानपुर पट्टी नगर पंचायत अध्यक्ष राजीव सैनी नितिन टंडन, सनद कुमार, भाजपा मंडल गुरमुख सिंह, सभासद मंगल खां, राजेश सैनी आदि मौजूद रहे।

### तीन छात्र-छात्राएं राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में चयनित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** नोजगे पब्लिक स्कूल ट्विंकल के तीन छात्र-छात्राओं का राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में चयन हुआ है। जिसमें शशांक भंडारी व अमीशी बंसल कक्षा 8 तथा पलक राणा कक्षा 9 सम्मिलित है। तीनों छात्र रुद्रपुर में आयोजित ट्रायल कराटे चैंपियनशिप के बाद 3 फरवरी को देहरादून में आयोजित होने वाली कराटे प्रतियोगिता में प्रतिभा करेंगे। विद्यालय प्रबंधिका ट्विंकल दत्ता ने चयनित खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।



# संविधान ने हमें अधिकारों के साथ कर्तव्यों का बोध कराया

## सरोवर नगरी में गणतंत्र दिवस पर देशभक्ति के साथ रंगारंग कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** सरोवर नगरी नैनीताल में 77वां गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। नगर के सभी सरकारी, गैर सरकारी कार्यालयों तथा संस्थानों आदि में सुबह 9.30 बजे पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया गयाए साथ ही संविधान के प्रति निष्ठा, एकता और अखंडता बनाए रखने की शपथ ली गई।

कुमाऊँ कमिश्नरी में आयुक्त कुमाऊँ व सचिव मुख्यमंत्री दीपक रावत ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया तथा सभी को गणतंत्र दिवस की बधाई दी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि देश के संविधान ने हमें अधिकारों के साथ अपने कर्तव्यों का बोध कराया जबकि जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने नैनीताल कलेक्ट्रेट परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराया, साथ ही सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी विवेक राय, शैलेन्द्र सिंह नेगी, उपजिलाधिकारी नवाजिश खालिक सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। पुलिस लाईन में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा. मंजू नाथ टी सी जबकि विकास भवन भीमताल में मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार पाण्डे सहित विभिन्न शासकीय कार्यालयों में कार्यालयाध्यक्ष द्वारा व तहसील स्तर पर उपजिलाधिकारियों द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया तथा मिष्ठान्न वितरित किया गया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर नैनीताल के मल्लीताल स्थित फ्लैट्स में भव्य पुलिस परेड एवं झांकी के साथ ही रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कराया गया। मुख्य अतिथि कुमाऊं आयुक्त व सचिव मुख्यमंत्री दीपक रावत द्वारा ध्वजारोहण किया गया तथा पुलिस परेड की सलामी ली व उसका निरीक्षण किया। इससे पूर्व एसएससी डा. मंजूनाथ टीसी द्वारा सभी आगन्तुकों का स्वागत करते हुए गणतंत्र दिवस की बधाई दी। इस अवसर पर जिले में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस कार्मिकों को सममानित किया गया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों की ओर से विकास झांकी भी निकाली गई। कार्यक्रम में विधायक नैनीताल सरिता आर्या, मुख्य विकास अधिकारी अरविंद पाण्डे, अपर जिलाधिकारी विवेक राय व शैलेंद्र सिंह नेगी, पुलिस अधीक्षक जगदीश चंद्रा, मनोज कत्याल, रेवाधर मठपाल सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि वगणमान्य नागरिक सहित अन्य उपस्थित रहे। पुलिस परेड का नेतृत्व पुलिस क्षेत्राधिकारी रविकांत सेमवाल द्वारा किया गया।गणतंत्र दिवस के अवसर पर जनपद में विभिन्न विभागों के द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत विशेष सफाई अभियान चलाया गया।













कुविवि के डीएसबी परिसर नैनीताल में कुलपति कर्नल प्रोफेसर दीवान सिंह रावत ने राष्ट्र ध्वज फहराया, निदेशक प्रो. नीता बोरा शर्मा ने सभी को बधाई देते हुए धन्यवाद किया। संचालन करते हुए कार्यकारी डीएसडब्लू प्रो. ललित तिवारी ने संविधान को विशेषता के साथ बताया कि ये तिरंगा हमारी आन बान शान है तथा देश हित सर्वोपरि है। राजकीय इंटर कालेज मंगोली में प्रधानाचार्य चंद्रशेखर जोशी ने झंडारोहण किया। कार्यक्रम का संचालन केएन कर्नाटक ने किया। नैंसी कॉन्वेंट ज्योलीकोट में डीन ऑफ एक्टिविटीज देवेंद्र भंडारी के निर्देशन में किया गया। राष्ट्रीय ध्वज का ध्वजारोहण निदेशक डा. संजय कुमार सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्राचार्या सुश्री हिना उपस्थित रहीं। विद्यालय कप्तान वेदिका सिंह ने प्रेरणादायक देशभक्ति भाषण दिया जबकि उप कप्तान ईशान सिंह एवं सचिव सुआह्वा जीवी ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

नगर के दुर्गापुर स्थित पार्वती प्रेमा जगती सरस्वती विहार में गणतंत्र दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण से हुआ, जिसके पश्चात राष्ट्रगान एवं देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। प्रधानाचार्य डा. सूर्य प्रकाश ने अपने संबोधन में कहा कि गणतंत्र दिवस हमारे राष्ट्र के लिए अत्यंत गौरव का पर्व है। यह दिन हमें उस संविधान की याद दिलाता है, जिसकी बदौलत भारत एक संप्रभु, लोकतांत्रिक एवं गणराज्य राष्ट्र बना। कार्यक्रम में शैक्षिक प्रभारी उमेश शर्मा, समन्यवयक अरुण कुमार, डा. माधव प्रसाद त्रिपाठी, अतुल पाठक, संजय मिश्रा सहित पूरा विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

गणतंत्र दिवस पर ग्राम पंचायत लोहाली में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा की वरिष्ठ नेता व सामाजिक कार्यकर्ता हेम चंद्र आर्य व विशिष्ट अतिथि दिलीप बोहरा रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान लोहाली निर्मला बिष्ट ने की। प्राथमिक विद्यालय के बच्चों ने सरस्वती वंदना से कार्यक्रम की शुरुआत की गई वहीं स्कूली बच्चों ने नृत्य और भाषण के माध्यम से मनमोहक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन सामाजिक कार्यकर्ता त्रिभुवन द्वारा की गई। मुख्य अतिथि हेम आर्य ने बच्चों को सम्मानित किया।

नैनीताल बैंक के प्रधान कार्यालय में गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर बैंक द्वारा अपने सामाजिक दायित्वों के निर्वहन के तहत एक प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बैंक द्वारा स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को स्वरोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सिलाई मशीनों का वितरण किया गया।कार्यक्रम में नैनीताल बैंक के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार लाल द्वारा महिलाओं को सिलाई मशीनें प्रदान की गईं। ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी भीमताल परिसर में गणतंत्र दिवस राष्ट्रीय थीम बंदे मातरम् के 150 वर्ष के अनुरूप अत्यंत गरिमा और देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत निदेशक भीमताल परिसर द्वारा एनसीसी टुकड़ी के निरीक्षण से हुई जिसमें सार्जेंट सारांश बिष्ट ने उत्कृष्ट नेतृत्व करते हुए परेड की कमान संभाली। इसके पश्चात निदेशक ने अनुशासित एवं सुसज्जित एनसीसी दल का निरीक्षण किया और पूरे सम्मान के साथ राष्ट्रीय ध्वज फहराया। राष्ट्रगान की गूंज से पूरा परिसर देशभक्ति के रंग में रंग गया। बेतालघाट विकासखंड के राईका गरगोली व राप्रावि व्यासी में छोटे छोटे बच्चों के द्वारा आयोजित रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व राज्य दर्जा मंत्री पीसी गोरखा रहे। बेतालघाट विकासखंड के ऊँचाकोट राजकीय इंटर कॉलेज में युवा नेता शीलू कुमार ने छात्रों को संबोधित किया। उन्होंने मेधावी छात्रों को स्कूल बैग सहित अन्य शैक्षणिक सामग्री वितरित की।

### वन दरोगा कांडपाल हुए सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** गणतंत्र दिवस के विशेष मौके पर प्रमुख वन संरक्षक उत्तराखंड देहरादून द्वारा भूमि संरक्षण विभाग के वरिष्ठ वन दरोगा जीवन कांडपाल को वन पंचायत के प्रबंधन में सराहनीय कार्य करने पर सम्मानित किया गया। नैनीताल जनपद के अंतर्गत के अंतर्गत 490 वन पंचायत के सापेक्ष भूमि संगठन वन विभाग नैनीताल में 343 वन पंचायत में अवस्थित है उनके द्वारा वन पंचायत के प्रबंधन एवं उनमें कार्यो के प्रस्ताव प्रभागीय बना अधिकारी भूमि संरक्षण वन विभाग नैनीताल के निर्देशन में निर्मित किए जाते हैं वन पंचायत के संबंध में राजस्व विभाग से भी समन्वय किया जाता है। वन पंचायत के क्षेत्रफल नकशे खाता खतौनी आदि को विभागीय वेबसाइट में अपलोड की कार्रवाई भी के द्वारा पूर्ण की गई है।



### भैसोड़ा को सेवा मेडल

**नैनीताल।** पुलिस महकमें के कुमाऊं परीक्षेत्रीय कार्यालय नैनीताल में नियुक्त (निरीक्षक नागरिक पुलिस) कैलाश सिंह भैसोड़ा को सेवा के आधार पर पुलिस महानिदेशक द्वारा प्रशस्ति सिल्वर डिस्क (सेवा के आधार पर मेडल से सम्मानित किया गया। आईजी ने समस्त पदक धारकों को शुभकामनाएं व बधाई दी है।



# राजस्व न्यायालयों पर फूटा अधिवक्ताओं का गुस्सा

## अनियमितताओं के खिलाफ ज़ोरदार प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** राजस्व न्यायालयों सहित विभिन्न प्राधिकरणों में व्याप्त अनियमितताओं के विरोध में अधिवक्ताओं ने मंगलवार को जिलाधिकारी कार्यालय परिसर में धरना प्रदर्शन किया। अधिवक्ताओं के धरने की सूचना पर जिले के सीडीओ अरविंद कुमार पांडेय धरना स्थल पर पहुंचे और जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन लिया।

इस दौरान धरने को संबोधित करते हुए अधिवक्ताओं ने कहा कि पूर्व में दो बार जिलाधिकारी को पत्र सौंपे जा चुके हैं लेकिन इसके बावजूद व्यवस्थाओं में कोई सुधार नहीं हुआ और राजस्व न्यायालयों की स्थिति जस की तस बनी हुई है। अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया है कि राजस्व न्यायालयों में ऐसे बाहरी व्यक्ति कार्य कर रहे हैं जिनके पास कोई वैधानिक अधिकार नहीं है इसके साथ ही अधिकारियों द्वारा निर्धारित समय पर न्यायालयों में न बैठने की शिकायत भी सामने आ रहा है।

अधिवक्ताओं ने बताया कि पत्रावलियों में क्रमांक अंकित नहीं किए जाते जबकि पटवारी और कानूनगो समय पर रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं कर रहे, जिससे वादकारियों को अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने अधिकारियों के रवैये पर भी कड़ा एतराज जताते हुए कहा कि अधिवक्ताओं के सम्मान के साथ किसी भी तरह का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। इसके अतिरिक्त प्राधिकरण कार्यालयों में भी फाइलों को अनावश्यक रूप से अटकाने का आरोप लगाते हुए अधिवक्ताओं ने व्यवस्था सुधार की मांग की धरना स्थल पर पहुंचे सीडीओ अरविंद पांडेय ने अधिवक्ताओं की समस्याओं से संबंधित ज्ञापन लेते हुए जिलाधिकारी से वार्ता कर शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। इस दौरान जिला बार एसोसिएशन के सचिव दीपक रुबाली ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र व्यवस्थाओं में सुधार नहीं किया गया तो हल्द्वानी व रामनगर बार एसोसिएशन के साथ 11 फरवरी बुधवार से अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन किया जाएगा जिसके संबंध में बार एसोसिएशन का लिखित पत्र प्राप्त हो चुका है दोनों ही एसोसिएशन ने नैनीताल बार को अपना समर्थन दिया है। प्रदर्शन में जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष भगवत प्रसाद तथा सचिव दीपक रुबाली समेत एसोसिएशन के पदाधिकारी व सदस्य मौजूद थे।

# हमारा उत्पीड़न कर रही है सरकार: भोजनमाताएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** प्रगतिशील भोजनमाता संगठन उत्तराखण्ड नैनीताल इकाई ने मल्लीताल आर्य समाज पार्क में सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान तुलसी देवी ने बताया भोजन माताएं लंबे समय से अपने न्यूनतम वेतन और स्थाई नौकरी के लिए संघर्ष कर रही हैं। सरकार हमारी मांगों को लगातार अनसुना कर रही है। भोजनमाताएं कई सालों से सरकारी व अर्ध सरकारी विद्यालय में भोजन बनाने का काम कर रही। कहा कि सरकार ने भोजन माता शब्द तो दिया और माता शब्द के सम्मान के नाम पर उत्तराखंड सरकार शोषण उत्पीड़न कर रही है। भोजनमाताओं की मांग है कि उन्हें न्यूनतम वेतन, पीएफ, एसआई पेंशन, आकस्मिक अवकाश तथा प्रस्तुति अवकाश तथा भोजनमाताओं को चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी घोषित किया जाए तथा निकली गई भजन माता को पुन: वापस लिया जाए। कहा कि यदि माँग पूरी नहीं हुई तो 02 फरवरी सोमवार को सभी भोजनमाताएं तल्लीताल गांधी चौक में धरना प्रदर्शन कर कार्य बहिष्कार किया जाएगा। इस दौरान ममता,चंपा देवी, सबीना, हेमा रौतेला, अनीता देवी, दीपा नेगी तथा पुष्पा देवी आदि मौजूद रहे।




### आरएसएस की बैठक में विराट हिन्दू सम्मेलन की कामयाबी पर गहन मंथन

**नैनीताल।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूरे होने पर नैनीताल जिले के भीमताल विकास खंड के ग्राम बजून स्थित वैली व्यू में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का उद्देश्य न्याय पंचायत खुर्पाताल में विराट हिन्दू सममेलन का आयोजन कराना था। सर्वप्रथम बैठक में आयोजन समिति का गठन कर आयोजन समिति को श्री गोल्ज्यू देवता समिति नाम दिया गया। इसके उपरांत बैठक में आयोजन समिति के पदाधिकारियों का चयन किया गया। जिसके अनुसार श्री गोल्ज्यू देवता समिति न्याय पंचायत खुर्पाताल के संयोजक जीवन सिंह नेगी, अध्यक्ष गणेश सिंह मेहरा, उपाध्यक्ष गीता पाण्डे, हेमन्त सिंह कनवाल, विक्रम सिंह कनवाल, कोषाध्यक्ष, त्रिलोक सिंह राठौर जबकि सह कोषाध्यक्ष तारा सिंह कनवाल को नियुक्त किया गया। इसके अलावा समिति के अन्य सदस्यों के नाम भी तय किये गये। कार्यक्रम का संचालन श्री गौरव गोस्वामी द्वारा किया गया। समिति की बैठक में आगामी विराट हिन्दू सम्मेलन का स्थान और तारीख भी निर्धारित की गई। जिसके तहत श्री गोल्ज्यू देवता समिति न्याय पंचायत खुर्पाताल के नेतृत्व में विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन 22 फरवरी रविवार को श्री रामलीला मैदान मंगोली में किया जायेगा। इसके अलावा बैठक में आयोजन से संबंधित अन्य प्रमुख विषयों पर सकारात्मक चर्चा हुई। बैठक में पेयजल अनुश्रवण परिषद दर्जा राज्य मंत्री राखण्ड सरकार दिनेश आर्य, हेम आर्य, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संपर्क प्रमुख डा. माधव प्रसाद त्रिपाठी, खण्ड कार्यवाह दीवान सिंह, मीडिया प्रभारी, गौरव गोस्वामी ,श्री गोल्ज्यू देवता समिति न्याय पंचायत खुर्पाताल के पदाधिकारी एवं सदस्य तथा विभिन्न संगठनों के सदस्य मौजूद रहे।

### समान नागरिक दिवस पर पालिका में कार्यक्रम

**नैनीताल।** नगर पालिका परिषद नैनीताल के अंतर्गत समान नागरिक संहिता के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर मंगलवार को समान नागरिक दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अधिशासी अधिकारी (ग्रेड वन) रोहिताश शर्मा द्वारा उपस्थित महिला समूह व अन्य जन समूह को समान नागरिक संहिता के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की। अभियोजन विभाग से उपस्थित सुनीता बोरा तथा शिवांजलि शर्मा द्वारा समान नागरिक संहिता की कानूनी जानकारी विस्तृत रूप से प्रदान की। कार्यक्रम का संचालन चंदन भंडारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में अधिशासी अधिकारी ग्रेड टू दीपेंद्र बमोला, लेखाकार सिद्धार्थ शर्मा, सीएम सीमा पांडे, मुख्य सफाई निरीक्षक अमित चौधरी, सीमा कुंवर तथा सोनू तिवारी सहित महिला समूह की महिलाएं उपस्थित थी।

# धारी तहसील के ग्राम कौल में अवैध रूप से बना डाली सड़क

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नैनीताल जिले के धारी तहसील क्षेत्र के ग्राम कौल में अवैध रूप से कई पेड़ काट डाले और भूमि खुदान व अवैध रूप से सड़क बनाने का मामला सामने आया है। धारी तहसील प्रशासन ने मामले में कड़ा रुख अपनाते हुए क्षेत्र में अवैध रूप से चल रही एक जेसीबी का पता लगाने के प्रयास तेज कर दिए हैं। जानकारी के अनुसार जेसीबी से भूमि में बिना परमिशन के खोदाई व अवैध रूप से सड़क बना ली गयी है। सूचना पर धारी तहसील में तैनात उपजिलाधिकारी अंशुल भट्ट व राजस्व उपनिरीक्षक निर्मल बोरा के साथ में वन रेंजर विजय भट्ट ने मौके पर जाकर निरीक्षण किया। इस दौरान पाया गया कि कार्य पूरी तरह अवैध है और इसके लिए किसी भी प्रकार की कोई अनुमति नहीं ली गई है। प्रशासनिक कार्यवाही करते हुए जेसीबी को सीसी टीवी फुटेज में देख जानकरी लेने का प्रयास कर रहे हैं। राजस्व उपनिरीक्षक निर्मल बोरा ने मौके की पूरी रिपोर्ट तैयार कर उपजिलाधिकारी को सौपी है, इस पर उपजिलाधिकारी धारी अंशुल भट्ट ने कहा कि अवैध रूप से जो पेड़ काटे गया हैं उनकी गिनती की जा रही है जिस पर चलानी कार्यवाही की जाएगी। जेसीबी का पता लगने पर जेसीबी को भी सीज किया जाएगा।



# सामाजिक मसरसता का प्रतीक है यूसीसी: डा. बिष्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता नबब के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर मंगलवार को प्रथम यूसीसी दिवस नैनीताल जिले के भीमताल विकास खंड में मनाया गया। मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख डा. हरीश सिंह बिष्ट ने कानून की महत्ता पर प्रकाश डाला। प्रमुख ने कहा यूसीसी का उद्देश्य समाज के हर नागरिक को समान अधिकार देना और दशकों से चली आ रही कानूनी विसंगतियों को दूर करना है। यह दिवस भविष्य में सामाजिक समरसता के प्रतीक के रूप में याद किया जाएगा। कार्यक्रम में स्थानीय जनता को यूसीसी के संबंध में जानकारी प्रदान की गई जिससे यूसीसी के माध्यम से विवाह पंजीकरण, उत्तराधिकार और अन्य पारिवारिक मामलों में सरलता आएगी। आए लोगों ने भी इस नई व्यवस्था के प्रति अपनी जिज्ञासाएं साझा की और कानून की बारीकियों को समझा। इस अवसर पर बीडीओ हर्षित गर्ग, ईओ राहुल साह, एडीओ पंचायत भूपाल बिष्ट समेत ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य, ग्राम पंचायत अधिकारी तथा ग्राम विकास अधिकारी सहित अन्य उपस्थित रहे।




जिले के विकासखंड ओखलकाडा में भी प्रथम यूसीसी दिवस धूमधाम से बनाया गया। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों को पुरस्कृत भी किया गया। विकास खंड के नोडल अधिकारी एवं सहायक जिला पंचायत अधिकारी असलम अली ने बताया कि ओखल कांडा विकासखंड मे जनप्रतिनिधियों एवं ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों के पारस्परिक सहयोग एवं परिश्रम से विकासखंड को दिए गए लक्ष्य को निर्धारित समय से पूर्व पूर्ण कर शानदार कार्य किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए ब्लॉक प्रमुख केशव दत्त रुबाली ने कहा कि सरकार ने प्रदेश में समान नागरिक संहिता लागू कर देश में एक कीर्तिमान स्थापित किया है तथा एक भारत एक कानून की नई और सशक्त परिभाषा स्थापित की है। देश में इससे ना सिर्फ महिलाओं को सुरक्षा की भावना बढ़ेगी बल्कि उनके अधिकार भी सुरक्षित होंगे। संचालन हिमेश रावत सहायक विकास अधिकारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सुमन देवी, शोभा चिलवाल, कुसुमा देवी, त्रिलोचन, पुष्पा देवी, लता मेहरा, बीना चिलवाल, चांदनी थुवाल, कमल बोरा, बलवीर सिंह आदि ग्राम प्रधानों सहित दीपचंद, कृष्ण कुमार, शहनवाज आलम तथा हिमेश रावत ग्राम पंचायत विकास अधिकारी को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में देशराज खण्ड विकास अधिकारी सुरेंद्र नगदली, ज्येष्ठ प्रमुख राजेंद्र कुमार कनिष्ठ प्रमुख सहित विकासखंड के जनप्रतिनिधि एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# नैनीताल में चरमराई यातायात व्यवस्था

## रोडवेज स्टेशन में दिनभर सीट पाने के लिए लोगों को बहाना पड़ रहा खूब पसीना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नैनीताल में बीते 23 जनवरी यानी शुक्रवार को हुई पहली बर्फ बारी के बाद पर्यटकों के साथ ही पर्यटक वाहनों की भारी जमावड़े ने नैनीताल नगर की यातायात व्यवस्था को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। शहर से हल्द्वानी और मैदानी क्षेत्रों की ओर जाने वाले यात्रियों को तल्लीताल बस स्टेशन पर भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बसों की कमी के कारण यात्रियों को कई कई घंटे इंतजार करना पड़ रहा है। बता दें बस में सीट पाने की होड़ में यात्रियों के बीच धक्का मुक्की और अफरातफरी का माहौल देखा जा रहा है। टिकट काउंटर पर भी लंबी कतारें लगी रहीं जहां लोगों को घंटों लाइन में लगने के बाद टिकट मिल पा रहा है।



टिकट मिलने के बाद भी यात्रियों को बस में जगह की गारंटी नहीं मिल रही क्योंकि बसें पहले से ही खचाखच भरी पहुंच रही हैं। यात्रियों ने बताया कई घंटे से टिकट के लिए कतार में लगी हुई है टिकट के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, वह पिछले कई घंटे से टिकट के इंतजार में खड़ी है प्रशासन को इस पर व्यवस्था करनी चाहिए। पिछले कई घंटे से लाइन पर लगे हुए हैं टिकट के लिए। जैसे ही टिकट लेने के लिए टिकट काउंटर पर गए काउंटर द्वारा उन्हें गुमराह किया गया, जिससे यात्रियों में काफी आक्रोश है।

कई घंटे से बस के इंतजार में अपने परिवार के साथ खड़े हैं बस रास्ते ही सवारी भरकर ला रही है। कहा व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है। कहा की बस के कंडटर द्वारा अधिक पैसा लेकर अन्य लोगों को बस में बैठाया जा रहा है। मोहम्मद हनीफ ने बताया विभाग की व्यवस्था पूरी तरह से ठीक है। कुछ हुड़दंगियों द्वारा माहौल खराब किया जा रहा है। लाइन लगाकर यात्रियों को भेजा जा रहा है महिलाओं व बच्चों का विशेष ध्यान दिया जा रहा है, टिकट देने के बाद उन्हें बस पर बैठाया जा रहा है, कुछ लोगों द्वारा टिकट देने वाले कर्मचारियों के साथ अभ्रदता की जा रही है यहां तक की गाड़ियों के शीशे तक तोड़े गए जिसका जुर्माना कौन भरेगा। बसों में कटौती नहीं की गई है लगातार बसें जा रही है, हल्द्वानी बस स्टेशन में भीड़ नहीं है जिस वजह से बसों को आने में देर हो रही है।

# नैनीताल में होने वाली क्रिकेट प्रतियोगिता विवादों में घिरी

## नगर पालिका और खेल विभाग में विवाद, पिच में धरने पर बैठीं पालिकाध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नैनीताल के मल्लीताल स्थित फ्लैट्स मैदान में मंगलवार से शुरू होने वाली क्रिकेट प्रतियोगिता से पहले ही नगर पालिका और खेल विभाग के मध्य विवाद हो गया। विवाद बढ़ने के बाद प्रतियोगिता स्थगित करनी पड़ी। बता दें खेल विभाग की मंगलवार से नैनीताल लोकल क्रिकेट प्रतियोगिता प्रस्तावित थी जब इसकी भनक नगर पालिका प्रशासन को पड़ी तो पालिकाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल व अन्य सभासद सुबह 8 बजे ही मैदान में पहुंच गए और इसका विरोध किया, साथ ही पालिकाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल सभासदों के साथ क्रिकेट पिच पर धरने पर में बैठ गईं। यह देख खेल विभाग ने इसका विरोध दर्ज कर मल्लीताल कोतवाली में शिकायत की, जिसके बाद एसएसआई डीसी जोशी पालिकाध्यक्ष डा.सरस्वती खेतवाल से वार्ता करने मैदान में पहुंचे। जिसके बाद मामला शांत कराया गया। इस दौरान सभासद मनोज साह जगाती, जितेंद्र पांडे जीनू, अंकित चंद्रा, रमेश प्रसाद, सुरेंद्र कुमार, राकेश पवार, भगवत रावत, गजाला कमाल समेत पवन बिष्ट, त्रिलोक सिंह जीना, अंकुश रौतेला, भगवत मेर तथा कमलेश आदि मौजूद रहे।

### बिना पालिका की अनुमति के कोई भी गतिविधियां नहीं होंगी: पालिकाध्यक्ष

**नैनीताल।** पालिकाध्यक्ष डा.सरस्वती खेतवाल ने कहा कि खेल मैदान में पालिका का स्वामित्व है, बिना पालिका की अनुमति के कोई भी गतिविधियां यहां नहीं होने दी जाएगी।

### प्रतियोगिता को किया प्रभावित: जिला क्रीड़ाधिकारी

**नैनीताल।** नैनीताल जिले की जिला क्रीड़ाधिकारी निर्मला पंत ने कहा कि खेलों को बढ़ावा दिए जाने के उद्देश्य से खेल विभाग की ओर से पहले आओ-पहले पाओ के तहत 32 टीमों को निशुल्क पंजीकरण कराया गया था। पालिकाध्यक्ष व सभासदों ने विरोध कर प्रतियोगिता प्रभावित की है जिसका खामियाजा खिलाड़ियों को भुगतना पड़ रहा है।

# न्यूजीलैंड-भारत का चौथा टी-20 आज



### भारत ने पहले तीन मैच जीतकर पांच मैचों का मुकाबला पहले ही अपने नाम कर लिया

**विशाखापत्तनम, वार्ता।** इस समय भारतीय टीम में एक खास तरह का आत्मविश्वास है, और जैसे-जैसे न्यूजीलैंड के खिलाफ चौथा टी-20 इंटरनेशनल मैच पास आ रहा है, यह आत्मविश्वास सीरीज की मुख्य और वायरल कहानी बन गया है। भारत ने पहले तीन गेम जीतकर पांच मैचों का मुकाबला पहले ही अपने नाम कर लिया है, लेकिन नतीजों से ज्यादा, उनके क्रिकेट के तरीके ने सबका ध्यान खींचा है। हेड कोच गौतम गंभीर और कप्तान सूर्यकुमार यादव के तहत, यह टीम इतने निडर इरादे से खेली है कि विरोधी टीम गेंद फेंके जाने से पहले ही अपने प्लान पर दोबारा सोचने लगती है। यह साफ सोच, तेज एग्जीक्यूशन और सबसे जरूरी, इस विश्वास के साथ खेला जाने वाला क्रिकेट है कि कोई भी टारगेट बहुत बड़ा नहीं है और कोई भी स्थिति बहुत मुश्किल नहीं है। इस कहानी के केंद्र में अभिषेक शर्मा हैं। युवा ओपनर ने ऐसे बैटिग की जैसे उन्हें एक आसान सा निर्देश दिया गया हो: बॉल देखो, बॉल मारो, और जोर से मारो। नागपुर में 35 गेंदों पर उनके 84 रन और गुवाहाटी में सिर्फ 20 गेंदों पर जबरदस्त 68 रन कोई लाप. रवाही नहीं थी, बल्कि सोचा-समझा अग्रेसन था-ऐसा अग्रेसन जो बॉलिग टीम को पहले तीन ओवर में ही बैकफुट पर ला देता है। पुराने जमाने की भाषा में कहें तो, उन्होंने गेम जल्दी ही छीन लिया, और यह भारत के लिए बहुत कीमती रहा है।

कैप्टन सूर्यकुमार यादव की फॉर्म में वापसी ने कहानी में एक और परत जोड़ दी है। 2025 की शुरुआत में एक खराब दौर के बाद, वह हर तरह से ऐसे बैटर दिखे हैं जो दो ओवर के अंदर मैच बदल सकते हैं। जहां कोई गैप नहीं लगता, वहां गैप ढूंढ़ने की उनकी काबिलियत ने एक बार फिर सभी को याद दिलाया है कि वह भारत के टी-20 प्लान में इतने जरूरी क्यों हैं। रायपुर में ईशान किशन की वापसी वाली पारी, जो आजादी और कॉन्फिडेंस के साथ खेली गई, ने भारत के बैटिग रिजर्व की गहराई को और दिखाया है। भारतीय थिक-टैंक को शायद सबसे ज्यादा खुशी टीम के बैलेंस से हुई है। शिवम दुबे, रिंकू सिंह और हार्दिक पांड्या के साथ मिडिल ऑर्डर ने बिना ज्यादा दिखावे के ठीक-ठाक काम किया है, जबकि बॉलर्स ने एक अच्छी तरह से प्रैक्टिस की हुई यूनिट की तरह काम किया है। जसप्रीत बुम. राह ने कंट्रोल और इंटेलिजेंस के साथ लीड किया है, अर्शदीप सिंह ने लेफ्ट-आर्म वैरायटी दी है, और स्पिनर्स ने इंडियन कंडीशंस का इस्तेमाल मिस्ट्री के बजाय मैच्योरिटी के साथ किया है। न्यूजीलैंड के लिए, कहानी बहुत अलग रही है। वनडे सीरीज में अच्छे प्रदर्शन के बाद, वे टी-20 फॉर्मेट में इंडिया की तेजी का मुकाबला करने के लिए स्ट्रगल कर रहे हैं। ग्लेन फिलिप्स ने कड़ी टक्कर दी है, और कप्तान मिचेल सेंटनर ने लीडरशिप दिखाई है, लेकिन टी-20 क्रिकेट में पैसेंजर्स को जगह नहीं मिलती, और उनके कई मेन प्लेयर्स जरूरी मौकों पर चुप रहे हैं। इस फॉर्मेट में, हिचकिचाहट की अक्सर सजा मिलती है, और इंडिया ने ठीक वैसा ही किया है। जैसे ही सीरीज चौथे टी-20 के लिए डा. वाईएस राजशेखर रेड्डी एसीए-वीडीसीए क्रिकेट स्टेडियम में आगे बढ़ रही है, यह मैच एक और जीत या हार से कहीं ज्यादा इंपॉर्टेंस रखता है। इंडिया के लिए, यह होम वर्ल्ड कप से पहले एक टेम्पलेट को मजबूत करने के बारे में है, यह दिखाते हुए कि यह एग्रेसिव अप्रोच सिचुएशनल नहीं बल्कि स्ट्रक्चरल है।

न्यूजीलैंड के लिए, यह जवाब खोजने के बारे में है, और जल्दी से। क्रिकेट, हमेशा की तरह, एक बेहतरीन लेवलर बना हुआ है, लेकिन इस समय, इंडिया मॉडर्न टी-20 क्रिकेट की जरूरतों के हिसाब से एक टीम दिख रही है।

# केन रिचर्डसन ने प्रोफेशनल क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की

● **केन रिचर्डसन ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 25 वनडे 36 टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले है**

**मेलबर्न, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज केन रिचर्डसन ने 34 साल की उम्र में प्रोफेशनल क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के लिए 25 वनडे और 36 टी-20 इंटरनेशनल मैच खेले और 2021 में टी-20 वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम का हिस्सा थे। घरेलू स्तर पर नॉर्दर्न टेरिटरी और साउथ ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व करते हुए, रिचर्डसन ने 2008-09 सीजन में लिस्ट-ए में डेब्यू किया और उनका इंटरनेशनल डेब्यू 2013 में श्रीलंका के खिलाफ एक वनडे मैच में हुआ। रिचर्डसन का बीबीएल करियर शानदार रहा और वह उन कुछ खिलाड़ियों में से एक हैं जिन्होंने हर सीजन में खेला है। उन्होंने एडिलेड स्ट्राइकर्स के साथ छह सीजन खेले, जिसके बाद 2017-18 में मेलबर्न रेनेगेड्स में चले गए, और 2025-26 सीजन से पहले सिडनी सिक्सर्स के साथ एक साल का करार करने से पहले आठ सीजन तक उनका प्रतिनिधित्व किया। वह 142 विकेट के साथ इस टूर्नामेंट में पांचवें सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज के रूप में अपना करियर खत्म करते हैं। रिचर्डसन एक ग्लोबल खिलाड़ी भी थे, जिन्होंने आईपीएल सहित अलग-अलग टूर्नामेंट में फ्रेंचाइजी टीमों का प्रतिनिधित्व किया। रिचर्डसन के एक बयान में कहा गया कि 2009 में डेब्यू करने से लेकर अब तक, मुझे लगता है कि मैंने खुद का हर कतरा निचोड़ लिया है।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### भारत ने सैफ फुटसल चैंपियनशिप में पाकिस्तान को हरा सिल्वर पदक जीता

**थाईलैंड, वार्ता।** भारतीय पुरुष फुटसल टीम के लिए यह 77वां गणतंत्र दिवस यादगार रहा, जिसने यहां हुआ माक इंडोर स्टेडियम में सैफ फुटसल चैंपियनशिप 2026 में अपने विरोधी पाकिस्तान को 4-1 से हराकर सिल्वर मेडल पक्का किया। फुटसल टाइगर्स, जो फीफा पुरुष फुटसल रैंकिंग में 133वें स्थान पर हैं, ने छह मैचों में 11 पॉइंट्स के साथ चैंपियनशिप खत्म की, जो मालदीव (109वें स्थान पर) से सात पॉइंट्स पीछे है। 114वें स्थान पर काबिज नेपाल ने भी 11 पॉइंट्स के साथ चैंपियनशिप खत्म की, लेकिन कम गोल डिफरेंस के कारण सिर्फ ब्रॉन्ज मेडल ही जीत पाया। लालसावम्पुइया (25', 40') ने दो गोल किए, जबकि विन्सेंट लाल्टलुआंगजेला (6') और निखिल माली (32') ने भारत के लिए एक-एक गोल किया।

### पाक ने कीवियों को आठ विकेट से पीटा

**हरारे, वार्ता।** अब्दुल सुभान (4 विकेट) और अली रजा (3 विकेट) की घातक गेंदबाजी से पाकिस्तान ने न्यूजीलैंड को अंडर 19 विश्व कप के सुपर सिक्स के ग्रुप दो मुकाबले में मंगलवार को 197 गेंदें शेष रहते आठ विकेट से पीट दिया। न्यूजीलैंड को 28.3 ओवर में 110 रन पर ढेर करने के बाद पाकिस्तान ने 17.1 ओवर में दो विकेट पर 112 रन बनाकर एकतरफा जीत हासिल की। समीर मिन्हास ने नाबाद 59 गेंदों में 10 चौकों और दो छक्कों की मदद से नाबाद 76 रन की मैच विजई पारी खेली। उस्मान खान ने 24 गेंदों पर 15 रन बनाए। सुपर सिक्स में पाकिस्तान की यह दूसरी जीत है। इससे पहले टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने उतरे पाकिस्तान के लिए अब्दुल सुभान ने 11 रन पर चार विकेट और रजा ने 36 रन पर तीन विकेट लेकर न्यूजीलैंड की पारी को ध्वस्त कर दिया।

# स्कॉटलैंड ने विश्व कप टीम घोषित की

● **स्कॉटलैंड ने लगभग दो दशक पहले 2007 में टूर्नामेंट के पहले संस्करण में भाग लिया था**



**एडिनबर्ग, वार्ता।** नए हेड कोच ओवेन डॉकिन्स की देखरेख में और रिची बेरिंगटन की कप्तानी में, स्कॉटलैंड ने आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप में अपनी सातवीं भागीदारी के लिए टीम की घोषणा की है। इस यूरोपीय टीम ने लगभग दो दशक पहले 2007 में टूर्नामेंट के पहले संस्करण में भी भाग लिया था। जैनुल्लाह एहसान को पहली बार टीम में शामिल किया गया है, यह अफगान मूल का तेज गेंदबाज हाल ही में स्कॉटलैंड के लिए खेलने के योग्य हुआ है। टीम में पूर्व न्यूजीलैंड अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी टॉम ब्रूस भी शामिल हैं, जो उनकी बल्लेबाजी लाइनअप को मजबूत करेंगे। 34 वर्षीय ब्रूस ने स्कॉटलैंड के लिए खेलने से पहले ब्लैक कैप्स के लिए 17 टी-20 मैच खेले हैं। आईसीसी के अनुसार, क्रिकेट स्कॉटलैंड के हेड ऑफ परफॉर्मेंस स्टीव स्नेल को उम्मीद है कि टीम उपमहाद्वीप की परिस्थितियों में खेलने की विभिन्न चुनौतियों के लिए तैयार है। बांग्लादेश की जगह विश्व कप में शामिल किया गया स्कॉटलैंड इस कॉम्पिटिशन के ग्रुप सी का हिस्सा है और इंग्लैंड, इटली, नेपाल तथा वेस्टइंडीज का सामना करेगा। उनका पहला मैच 7 फरवरी को ईडन गार्डन्स में वेस्टइंडीज के खिलाफ होगा।

**स्कॉटलैंड टीम**-रिची बेरिगटन, टॉम ब्रूस, मैथ्यू क्रॉस, ब्रैडली करी, ओलिवर डेविडसन, क्रिस ग्रीव्स, जैनुल्लाह एहसान, माइकल जोन्स, माइकल लीस्क, फिनले मैकक्रीथ, ब्रैंडन मैकमुलेन, जॉर्ज मुन्से, सफ्यान शरीफ, मार्क वाट, ब्रैडली व्हील।

ट्रैवलिग रिजर्व: जैस्पर डेविडसन, जैक जार्विस, नॉन-ट्रैवलिग रिजर्व: मैकेंजी जोन्स, क्रिस मैकब्राइड, चार्ली टियर।

# पाक का टी-20 विश्व कप खेलने को लेकर फैसला 2 फरवरी तक

● **पीसीबी के चेयरमैन ने इस मामले पर अंतिम मुहर लगाने के लिए शुक्रवार या आगामी सोमवार तक का समय दिया**



**इस्लामाबाद, वार्ता।** पाकिस्तान की टी-20 विश्व कप 2026 में शिरकत को लेकर संशय बरकरार है। पीसीबी के चेयरमैन मोहसिन नकवी ने इस मामले पर अंतिम मुहर लगाने के लिए शुक्रवार या आगामी सोमवार तक का समय दिया है। इस सिलसिले में नकवी ने सोमवार को मुल्क के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से मुलाकात कर विस्तृत चर्चा की। गौरतलब है कि दो दिन पहले ही नकवी ने सार्वजनिक रूप से यह स्पष्ट कर दिया था कि टूर्नामेंट में हिस्सा लेने का आखिरी अधिकार

# सबालेंका-एलिना सेमीफाइनल में भिड़ेंगी

**मेलबर्न, वार्ता।** दुनिया की नंबर 1 आर्यना सबालेंका ने मंगलवार को मेलबर्न में तेज गर्मी को नजरअंदाज करते हुए ऑस्ट्रेलियन ओपन के क्वार्टर फाइनल में टीनएजर इवा जोविक को हरा दिया।

सबालेंका ने 2023 और 2024 में मेलबर्न पार्क में जीता अपना टाइटल वापस पाने की तरफ एक और कदम बढ़ाया। टूर्नामेंट के पहले हफ्ते में कुछ पल ऐसे भी थे जब सबालेंका का फॉर्म ठीक नहीं था, लेकिन उन्होंने 18 साल की जोविक पर 89 मिनट में 6-3, 6-0 से जीत हासिल करते हुए तेज और शांत खेल दिखाया। सेमीफाइनल में सबालेंका का एलिना स्वितोलिना से मुकाबला होगा जो पहली बार ऑस्ट्रेलियन ओपन के सेमीफाइनल में पहुंची हैं। सबालें. का ने जीत के बाद नरमी से कहा कि यह एक मुश्किल मैच था। स्कोर मत देखो, यह बिल्कुल भी आसान नहीं था। मैं जीत से बहुत खुश हूं। मंगलवार को तापमान 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का अनुमान था और मैच शुरू होने तक यह 35 डिग्री तक पहुंच गया था। रॉड लेवर एरिना में अभी भी छत बंद नहीं हुई थी, सबालें. का की हैवी बॉल स्ट्राइकिग ने जोविक पर लगातार प्रेशर बनाए रखा। बेलारूसी खिलाड़ी ने 31 विनर्स और सात एसेस के साथ मैच खत्म किया। इस बीच में 12वीं सीड एलिना स्वितोलिना को नंबर 3 सीड कोको गॉफ को 6-1, 6-2 से हराकर अपनी जीत का सिलसिला 10 सीधे मैचों तक बढ़ाने में सिर्फ 59 मिनट लगे। वह अपने करियर के चौथे ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल और ऑस्ट्रेलियन ओपन में पहली बार पहुंची हैं। पिछले सितम्बर में, स्वितोलिना ने ठीक होने और रिचार्ज होने की जरूरत बताते हुए 2025 सीजन जल्दी खत्म कर दिया था। 31 साल की खिलाड़ी ने वापसी पर शानदार शुरुआत की है। उन्होंने साल की शुरुआत में ऑकलैंड में अपना 19वां करियर खिताब जीता, और अब वह अपने करियर की तीसरी सबसे लंबी टूर-लेवल


सभी प्रदेश वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

परियोजना प्रबंधक
निर्माण इकाई
उत्तराखण्ड पेयजल संसाधन, विकास एवं निर्माण विभाग

कार्यालय-ए- 31 प्रथत तल, रिंग रोड, आवास विकास, रुद्रपुर, उधमसिंहनगर

कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, ऊधमसिंह नगर



सभी प्रदेश वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

मुख्य चिकित्सा अधिकारी, ऊधमसिंह नगर



विज्ञापनदाताओं, पाठकों व शुभचिंतकों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



नवीन अरोरा
शाह टाइम्स कार्यालय प्रभारी
काशीपुर (उत्तराखण्ड)
मोबाइल-9837350860

Best wishes from.....

R. K. AGRAWAL AGRO SEEDS LTD.

Fact. : R.K. Puram, Manpur Road
KASHIPUR-244713
(UTTARAKHAND)
Tel : 05947-275300, 276300
Fax : 05947-260300

Happy 77th Republic Day
With best compliments from

INDIA GLYCOLS LIMITED

(An ISO 9001: ISO 14001: OHSAS 18001: ISO 22000 : FSSC : 22000 : SA 8000 : ISO 50001 )

Manufacturers of :
- Ethylene Glycols & Poly Ethylene Glycols
- Glycol Ether & Acetates
- Industrial Gases- Oxygen, Nitrogen, $Co_2$ & Argon
- Natural Gums and their derivatives
- Extra Neutral Alcohol & Potable Liquors (IMFL & CL)

WORKS & Regd. Office :
A-1, Industrial Area, Bajpur Road, Kashipur-244713
Distt. Udham Singh Nagar (Uttarakhand)
Phone- +91-5947-269000, 269500
Fax- +91-5947-279315

HEAD OFFICE :
Plot No. 2-B, sector 126, NOIDA-201304
Distt. Gautam Buddha Nagar (U.P.)
Phone-+91-120-3090100, 3090200
Fax-+91-120-3090111, 3090211

J.R.L HAPPY REPUBLIC DAY

JINDAL REFINERIES LIMITED

Gangapur Industrial Area
5 Km. Moradabad Road, Kashipur-244713
Tel:+91 5947 278724, 278031 Fax: 275372
www.jindalrefineries.com

कार्यालय नगर पालिका परिषद, सितारंगज (ऊधमसिंह नगर)

पत्रांक :मीमों/न0पा0/2025-26 दिनांक: 24/01/2026

सभी प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाऐं

1. नगर को स्वच्छ बनानें में सहयोग करें।
2. गृहकर व अन्य देयकों का भुगतान समय से करें।
3. नगर पलिका सीमान्र्तगत सार्वजनिक मार्गो व नालियों पर अतिक्रमण न करें।
4. जन्म व मृत्यु पंजीकरण समय से करायें।
5. प्रतिबन्धित सामग्री पालीथीन तथा थर्माकोल से बनें उत्पादों का प्रयोग न करें।
6. अपने घरों से गीला व सुखा कुड़ा अलग अलग दे।
7. यू0सी0सी0 में अपना पंजीकरण करवाना सुनिश्चित करें।

सुखदेव सिंह
चेयरमैन
नगर पालिका परिषद सितारगंज
ऊधमसिंह नगर

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद सितारगंज
ऊधमसिंह नगर

उत्तराखण्ड पॉवर कारपोरेशन लि०
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम) कॉरपोरेट आईडेन्टीटी नं0 UA40109UP2001SGC025867/2358
विक्टोरिया क्रॉस विजेता गबर सिंह उर्जा भवन, कॉवली रोड, देहरादून-248001
दूरभाष संख्या : 0135-2763672-75, फैक्स: 0135-2760289 वेबसाईट: www.uktenders.gov.in

पत्रांक :73/EE(CM)/UPCL/A-2 दिनांक : 27.01.2026

ई-निविदा सूचना
निविदा विशिष्टीकरण संख्या सीसीपी-II/19/2025-2026

उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0, देहरादून निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित करता है, जिसका विवरण निम्नवत् है:-

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (₹ करोड़) | विगत पाँच वित्तीय वर्षो मे से सबसे अच्छे तीन वित्तीय वर्षों का औसत टर्न ओवर (MAAT) (₹ करोड़) | धरोहर राशि (₹ लाख) | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी0एस0टी0 सहित (₹ में) | निविदा क्रय करने एवं निविदा प्रपत्र आनलाईन एवं आफलाईन जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | आनलाईन एवं आफ लाईन निविदा भाग-एक खुलने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | देहरादून एवं हल्द्वानी के शहरी क्षेत्रों में 2.5 एमवीए 33/0.433 केवी एवं 33/11 केवी डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम की स्थापना का कार्य। | 27.97 | 41.96 | 52.97 | 29 500 | 16.02.2026 को 17.00 बजे तक | 17.02.2026 को 15.30 बजे |

अन्य विवरण के लिए कृपया हमारी वेबसाईट www.uktenders.gov.in को देखें।

अधीक्षण अभियन्ता
कारपोरेट (अनुबन्ध एवं क्रय-द्वितीय)

"राष्ट्र हित में बिजली बचायें, बिजली बचाने हेतु एल0ई0डी0 बल्ब का प्रयोग करें।
(टोल फ्री नं0 1912 )" विद्युत बिलों के 24X7 ऑनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जाएँ।
(विद्युत चोरी की सूचना टोल फ्री नं0 1800 180 4185/ फैक्स संख्या 0135-2760911 पर दें)

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, अनुरक्षण खण्ड, उत्तराखण्ड जल संस्थान
60/1, एक्वा हाऊस, इन्दिरा नगर (अनुराग चौक के पास) देहरादून-248006
Phone No./Fax: 0135-2532509 Email: eemdujs@rediffmail.com

पत्रांक : 4241/निविदा सूचना/2025-26 दिनांक: 27.01.2026

अल्पकालीन निविदा सूचना

मुख्य महाप्रबंधक, उत्तराखण्ड जल संस्थान, देहरादून की ओर से जनपद देहरादून की अनुरक्षण खण्ड शाखा के हरबर्टपुर इकाई की शेरपुर पेयजल योजना में पाइप लाईन मरम्मत एवं तत्सम्बन्धित कार्य हेतु शाखा में पंजीकृत ठेकेदारो/फर्मों से मुहरबंद निविदायें दिनांक 11.02.2026 की सायं 3.00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं, जो उसी दिन सायं 3.30 बजे उपस्थित निविदादाताओं अथवा उनके प्रतिनिधियों के सम्मुख अधोहस्ताक्षरी अथवा मनोनीत अधिकारी द्वारा कार्यालय अधिशासी अभियंता, अनुरक्षण खण्ड, उत्तराखण्ड जल संस्थान, देहरादून में खोली जाएंगी, निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में (राजकीय/सार्वजनिक अवकाश को छोडकर) निर्धारित शुल्क जमा कर दिनांक 10.02.2026 सांय 5.00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से प्राप्त किये जा सकतें हैं।

| क्रं0 सं0 | इकाई का नाम | कार्य का नाम | धरोहर राशि | निविदा मूल्य | कार्यावधि | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हरबर्टपुर इकाई | हरबर्टपुर इकाई की शेरपुर पेयजल योजना में पाइप लाईन मरम्मत एवं तत्सम्बन्धित कार्य। | 12100.00 | 1000.00+ 18% GST | 02 माह | डी0 एवं उच्चतर |

नोट-निविदा से सम्बन्धित समस्त जानकारी एवं शर्ते विभागीय नोटिस बोर्ड पर चस्पा है।

अधिशासी अभियन्ता

"जल संचय-जीवन संचय"

उत्तराखण्ड शासन

देवभूमि रजत उत्सव



# समान नागरिक संहिता

## उत्तराखण्ड, 2024





"21वीं सदी के विकसित भारत के निर्माण के दो प्रमुख स्तंभ हैं। पहला, अपनी विरासत पर गर्व और दूसरा, विकास के लिए हरसंभव प्रयास। आज उत्तराखण्ड, इन दोनों ही स्तंभों को मजबूत कर रहा है। ये दशक उत्तराखण्ड का दशक है।"

**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

"समान नागरिक संहिता हर नागरिक को समान अधिकार, सम्मान और सुरक्षा देने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है।"

**पुष्कर सिंह धामी**
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

## देश का पहला राज्य उत्तराखण्ड

### जहाँ हर नागरिक के लिए एक कानून

**एक अधिकार | एक सम्मान**

**संपत्ति अधिकार**
01 सभी धर्म-समुदायों के सभी वर्गों के लिए बेटा-बेटी को संपत्ति में समान अधिकार।

**वैवाहिक आयु निर्धारित**
02 सभी धर्मों में विवाह की न्यूनतम उम्र लड़कों के लिए 21 वर्ष और लड़कियों के लिए 18 वर्ष निर्धारित।

**वैवाहिक पंजीकरण**
03 विवाह के तय समय के भीतर विवाह पंजीकरण करवाना अनिवार्य। एक पति-पत्नी नियम समान रुप से लागू।

**समान अधिकार**
04 पत्नी को पति जैसा समान अधिकार, सभी धर्म और सम्प्रदायों के महिला-पुरुषों को समान अधिकार।

**माता-पिता हेतु**
05 किसी व्यक्ति की मृत्यु के पश्चात उसकी सम्पत्ति में माता-पिता का भी समान अधिकार होगा।

**अनुसूचित जनजाति**
06 अनुसूचित जनजाति को समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के दायरे से बाहर रखा गया है।

**लिव-इन रिलेशन**
07 लिव-इन रिलेशन में जन्मे बच्चों को जैविक संतान के समान सभी विधिक अधिकार

## UCC - 1 साल

### ऑनलाइन पंजीकरण
* लगभग 5 लाख विवाह पंजीकरण
* लगभग 100% ऑनलाइन प्रक्रिया
* औसतन 1400 पंजीकरण प्रतिदिन
* पहले जहाँ प्रतिदिन केवल 67 पंजीकरण होते थे
* अब औसतन 5 दिन में प्रमाणपत्र जारी

### UCC - सिर्फ कानून नहीं, व्यवस्था में परिवर्तन
* सोच बदली
* प्रक्रिया बदली
* व्यवस्था बदली
* उत्तराखण्ड बना मॉडल राज्य

### महिला और बाल अधिकारों की सुरक्षा
* विवाह और तलाक में समान नियम
* महिलाओं को कानूनी सुरक्षा और सम्मान
* बच्चों के अधिकारों को मजबूती
* कुप्रथाओं पर प्रभावी नियंत्रण

### न्याय की नई परिभाषा
* कानून से आगे बढ़कर सुशासन
* समानता को व्यवहार में उतारने का उदाहरण
* नागरिकों का विश्वास मजबूत
* संविधान की भावना का सशक्त क्रियान्वयन

### डिजिटल सुविधा | पारदर्शी व्यवस्था
* घर बैठे ऑनलाइन आवेदन
* वीडियो बयान की सुविधा
* दंपत्ति व गवाह कहीं से भी प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं
* सब-रजिस्ट्रार कार्यालय जाने की बाध्यता समाप्त
* समय, श्रम और खर्च की बचत
* AI के माध्यम से 22 अधिसूचित भारतीय भाषाओं में पंजीकरण सुविधा।



**रजिस्ट्रेशन करने हेतु लॉग इन करें....ucc.uk.gov.in**

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी।

www.uttarainformation.gov.in | uttarakhandDIPR | DIPR_UK | uttarakhand DIPR

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

बुधवार, 28 जनवरी 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# यूजीसी नियमों पर शोर

जिस तरह यूनिवर्सिटी ग्रांट कमीशन (यूजीसी) के नियमों में बदलाव किया है, उसका विरोध शुरू हो गया है। विरोध बढ़ता देख नई दिल्ली में यूजीसी हैड क्वार्टर के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी है। उप्र के लखनऊ, रायबरेली, वाराणसी, मेरठ, प्रयागराज और सीतापुर में छात्रों, युवाओं, संगठनों ने मंगलवार को जगह-जगह प्रदर्शन किए। रायबरेली में तो भजापा किसान नेता रमेश बहादुर सिंह और गौरव रक्षा दल के महेंद्र पाण्डेय ने सवर्ण सांसदों को चूड़ियां तक भेज दी। बात यहीं समाप्त नहीं होती बरेली के सिटी मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री ने तो नए नियमों के विरोध में इस्तीफा तक दे दिया। असल में 13 जनवरी को देश के उच्च शिक्षण संस्थानों में जातिगत भेदभाव को जड़ से मिटाने के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने एक नई नियमावली लागू की है, इन नियमों का उद्देश्य एससी, एसटी और ओबीसी समुदाय के छात्रों और शिक्षकों के लिए परिसर में सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करना है। नियमों के मुताबिक इससे जाति आधारित भेदभाव समाप्त होगा। यह अलग बात है कि इन नियमों ने आरक्षण जैसे नए विवाद को जन्म दे दिया है और सवर्ण समाज के विभिन्न संगठनों ने सड़क पर प्रदर्शन शुरू कर दिया है। हालांकि केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने यूजीसी के नए नियमों पर हो रहे विवाद पर सरकार की तरफ से सफाई दी है और कहा है कि किसी के साथ भेदभाव या अत्याचार नहीं होने दिया जाएगा। उनके अनुसार इस मामले में जो भी व्यवस्था होगी वह संविधान के दायरे में होगी। उन्होंने यह भी साफ किया कि यूजीसी को लेकर जो व्यवस्था आई है वह सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में है। असल में जो नियमों में बदलाव किया है, उसके अनुसार इसमें जाति आधारित भेदभाव को रोकने के लिए समिति, हेल्पलाइन आदि कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं। ये टीमें खासतौर पर एससी, एसटी और ओबीसी छात्रों की शिकायतें देखेंगी। सरकार का मानना है कि यह बदलाव उच्च शिक्षण संस्थानों में निष्पक्षता व जवाबदेही लाने के लिए किया गया है, लेकिन जनरल कैटेगरी के लोग ऐसा नहीं मानते और वह नियमों को जनरल कैटेगरी के खिलाफ एक षड्यंत्र के रूप में देख रहे हैं। उनका कहना है कि सवर्ण छात्र स्वाभाविक अपराधी बनाए गए हैं। ये नियम कॉलेज या यूनिवर्सिटी कैंपस में सवर्णों के खिलाफ भेदभाव को बढ़ावा दे सकते हैं। इससे कॉलेजों में अराजकता हो सकती है। जगद्गुरु परमहंस आचार्य भी इस विवाद में शामिल हो गए हैं। उनका कहना है कि नय नियमों की वापसी को लेकर उन्होंने पीएम मोदी को लेटर लिखा है और यदि नियम वापस नहीं लिए जाते, तो उन्होंने इच्छा मृत्यु की मांग की है। निश्चित रूप से यह स्थिति किसी भी सरकार के लिए ठीक नहीं है। इसका विरोध उप्र में अधिक देखने में आ रहा है, जहां अगले वर्ष ही चुनाव होने हैं। ऐसे में योगी सरकार के लिए बड़ी चुनौती है।

## जानबूझकर अपमानित करने का काम



मोदी सरकार जानबूझकर विपक्ष को अपमानित करने का काम करती है और इसी का परिणाम है कि गणतंत्र दिवस परेड के दौरान संसद के दोनों सदनों, राज्यसभा तथा लोकसभा में विपक्ष को नेताओं को तीसरी पंक्ति में बिठाया गया, सरकार ने संविधान, कांग्रेस, विपक्ष और उनका अपमान किया है, ऐसा क्यों किया गया, इस बात का सरकार से उन्हें जवाब चाहिए, मैं सीनियर मोस्ट लीडर हूं, मेरे और राहुल गांधी के पास कैबिनेट रैंक है, लेकिन हमें गणतंत्र दिवस समारोह में तीसरी लाइन में बैठा दिया गया, जहां स्टेट मिनिस्टर और बच्चे बैठे थे, इतना ही नहीं, हमने अपने सेक्रेटरी को भेजकर जगह तलाश की, उनके जरिये पास का इंतजाम किया, भाजपा की हमेशा किसी न किसी बहाने से कांग्रेस और श्री राहुल गांधी को बदनाम करने की कोशिश रहती है, उसके सारे आरोप गलत हैं।

**-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष**

# बुजुर्गों की सेवा में 'समय बैंक'





**विनीत नारायण**

भारत जैसे देश में, जहां बुजुर्गों की संख्या तेजी से बढ़ रही है और पारंपरिक परिवार संरचना कमजोर पड़ रही है, बुजुर्गों की देखभाल एक बड़ी चुनौती बन गई है। सरकारी पेंशन योजनाएं और सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रम तो हैं, लेकिन वे अक्सर अपर्याप्त साबित होते हैं। ऐसे में, स्विट्जरलैंड की 'समय बैंक' अवधारणा एक प्रेरणादायक मॉडल प्रस्तुत करती है, जो न केवल बुजुर्गों की देखभाल को सुनिश्चित करती है बल्कि समाज में सहानुभूति और सामुदायिक भावना को भी मजबूत करती है। यह अवधारणा, जो स्विट्जरलैंड के संघीय सामा. जिक सुरक्षा मंत्रालय द्वारा विकसित की गई है, युवाओं को बुजुर्गों की सेवा करने का अवसर देती है और बदले में उन्हें भविष्य में खुद की देखभाल के लिए 'समय' जमा करने की अनुमति देती है। भारत सरकार को इस मॉडल को अपनाने पर विचार करना चाहिए, क्योंकि यह हमारी सांस्कृतिक मूल्यों से मेल खाता है और आर्थिक बोझ को कम कर सकता है।

स्विट्जरलैंड में इस कार्यक्रम की शुरुआत बुजुर्गों की बढ़ती आबादी और उनकी देखभाल की जरूरतों को ध्यान में रखकर की गई थी। कार्यक्रम के अनुसार, स्वस्थ और संवाद करने में कुशल व्यक्ति बुजुर्गों की मदद करते हैं, जैसे खरीदारी करना, कमरा साफ करना, सूरज की रोशनी में बाहर ले जाना या बस बातचीत करना। प्रत्येक घंटे की सेवा को सामाजिक सुरक्षा प्रणाली के व्यक्तिगत 'समय खाते' में जमा किया जाता है। जब व्यक्ति खुद बुजुर्ग हो जाता है या बीमार पड़ता है, तो वह इस जमा समय को निकाल सकता है और अन्य स्वयंसेवक उसकी देखभाल करेंगे। यह प्रणाली न केवल पैसे की बचत करती है बल्कि मानवीय संबंधों को भी मजबूत करती है।

कल्पना कीजिए, एक युवा व्यक्ति जो सप्ताह में दो बार दो घंटे बुजुर्गों की सेवा करता है। एक साल बाद, 'समय बैंक' उसके कुल सेवा समय की गणना करता है और उसे एक 'समय बैंक कार्ड' जारी करता है। इस कार्ड से वह भविष्य में 'समय और समय ब्याज' निकाल सकता है। यानी, जमा समय पर ब्याज भी मिलता है, जो प्रोत्साहन का काम करता है। स्विट्जरलैंड में यह प्रथा अब सामान्य हो गई है और सरकार ने इसे समर्थन देने के लिए कानून भी पारित किया है। यह मॉडल पेंशन व्यय को कम करता है और समाज को अधिक सहयोगी बनाता है।

भारत में इस अवधारणा को लागू करने की संभावनाएं अपार हैं। एक अनुमान के तहत, 2030 तक हमारे देश में बुजुर्गों की आबादी 19 करोड़ से अधिक हो जाएगी और कई परिवारों में बच्चे शहरों में बस जाते हैं, जिससे बुजुर्ग अकेले रह जाते हैं। पारंपरिक रूप से, भारत में बुजुर्गों की देखभाल परिवार की जिम्मेदारी रही है, लेकिन आधुनिकीकरण ने इस संरचना को प्रभावित किया है। 'समय बैंक' जैसा कार्यक्रम युवाओं को प्रोत्साहित कर सकता है कि वे बुजुर्गों की सेवा करें और बदले में उन्हें सुरक्षा का आश्वासन मिले। यह न केवल सरकारी संसाधनों पर दबाव कम करेगा बल्कि बेरोजगार युवाओं को सार्थक कार्य प्रदान करेगा। उदाहरण के लिए, स्विट्जरलैंड की एक कहानी से प्रेरणा लें। वहां एक 67 वर्षीय सेवानिवृत्त शिक्षिका क्रिस्टीना एक 87 वर्षीय बुजुर्ग की देखभाल करती थीं। उन्होंने कहा कि वह पैसे के लिए नहीं, बल्कि 'समय बैंक' में समय जमा करने के लिए ऐसा कर रही थीं। जब वे खुद घायल हुईं, तो 'समय बैंक' ने तुरंत एक नर्सिंग कार्यकर्ता भेजा, जो उनकी देखभाल करने लगा। कुछ दिनों में वे स्वस्थ हो गईं और फिर से सेवा में लग गईं। यह कहानी दर्शाती है कि कैसे यह प्रणाली व्यावहारिक और प्रभावी है। भारत में भी, यदि केंद्र और राज्य सरकारें मिलकर ऐसा कार्यक्रम शुरू करें, तो लाखों बुजुर्गों का जीवन बेहतर हो सकता है।

हालांकि, भारत में इसे लागू करने से पहले कुछ चुनौतियों पर विचार करना जरूरी है। सबसे पहले, कार्यक्रम की निगरानी के लिए एक मजबूत डिजिटल प्लेटफार्म की जरूरत होगी, जहां सेवा घंटों को रिकॉर्ड किया जा सके। आधार कार्ड और डिजिटल इंडिया जैसे मौजूदा सिस्टम इसमें मदद कर सकते हैं। दूसरा, स्वयंसेवकों की ट्रेनिंग जरूरी है, ताकि वे बुजुर्गों की भावनात्मक और शारीरिक जरूरतों को समझ सकें। तीसरा, दुरुपयोग को रोकने के लिए सख्त सत्यापन प्रक्रिया होनी चाहिए, जैसे कि समय निकासी के समय पहचान जांच। इसके अलावा, ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट की कमी एक समस्या हो सकती है, इसलिए ऑफलाइन मोड भी विकसित किया जाना चाहिए। सरकार को दिल्ली या मुंबई जैसे शहरों में इसे पायलट प्रोजेक्ट की तरह से शुरुआत करनी चाहिए। यदि सफल रहा, तो इसे राष्ट्रीय स्तर पर विस्तारित किया जा सकता है। यह आयुष्मान भारत या राष्ट्रीय वृद्धजन स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम के साथ एकीकृत किया जा सकता है। निजी क्षेत्र की भागीदारी भी महत्वपूर्ण होगी। कॉर्पोरेट घराने एनजीओ को अपने कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) फंड्स और स्थानीय समुदायों द्वारा इसे सहयोग करें। इससे न केवल बुजुर्गों की देखभाल सुनिश्चित होगी बल्कि युवाओं में सामाजिक जिम्मेदारी की भावना बढ़ेगी। इस अवधारणा के सामाजिक लाभ भी कम नहीं हैं। आज के दौर में, जहां अकेलापन एक महामारी बन गया है, 'समय बैंक' लोगों को जोड़ सकता है। बुजुर्गों से बातचीत करने से युवाओं को जीवन के अनुभव मिलेंगे, और बुजुर्गों को भावनात्मक समर्थन। यह भारतीय मूल्योंकृजैसे 'सेवा परमो धमर्रू' से मेल खाता है। स्विट्जरलैंड में यह प्रणाली पेंशन को पूरक बनाती है, जहां पेंशन इतनी अच्छी है कि भोजन और आवास की चिंता नहीं होती, लेकिन भारत में जहां पेंशन सीमित है, यह एक क्रांतिकारी कदम साबित हो सकता है। आर्थिक दृष्टि से भी यह फायदेमंद है। भारत में बुजुर्ग देखभाल पर खर्च बढ़ रहा हैनर्सिंग होम और अस्पताल महंगे हैं। 'समय बैंक' से स्वयंसेवी देखभाल बढ़ेगी, जिससे सरकारी व्यय कम होगा। विश्व बैंक की रिपोर्ट्स बताती हैं कि एजिंग पॉपुलेशन विकासशील देशों के लिए चुनौती है, लेकिन ऐसे नवाचारी मॉडल से इसे अवसर में बदला जा सकता है। स्विट्जरलैंड में यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक चल रहा है और अब दुनिया के अन्य देशों को इसे अपनाना चाहिए। भारत सरकारकेंद्र और राज्य स्तर परको इस 'समय बैंक' अवधारणा पर विचार करना चाहिए। इसे लागू करने के लिए एक टास्क फोर्स गठित की जाए, जो स्विट्जरलैंड के मॉडल का अध्ययन करे और भारतीय संदर्भ में अनुकूलित करे। यदि हम आज कदम उठाएं, तो कल के बुजुर्ग, जो आज के युवा हैंकृएक सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन जी सकेंगे। यह न केवल एक नीति है, बल्कि मानवता का निवेश है। समय सबसे मूल्यवान मुद्रा है और इसे बैंक में जमा करने का विचार दुनिया को बदल सकता है। आइए, हम इसे अपनाएं और एक बेहतर समाज बनाएं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# पहला परजीवी कीट जो आज तक हमारे साथ है

**खटमल तो हमारा खून तब से चूसते आ रहे हैं जब हमारे पूर्वज बस्तियां बनाकर रहने लगे थे। वैसे कई शोधकर्ताओं का मत है कि खटमल को यह खिताब देने से पहले यह समझना होगा कि कई अन्य जंतुओं को लेकर ऐसे अध्ययन हुए ही नहीं हैं। कुछ खटमल चमगादड़ों से खून ग्रहण करते हैं, जबकि कुछ मनुष्यों से अपना खून चूसते हैं।**



हमें रेल्वे स्टेशनों पर मंडराते चूहे या घर की रसोई में विचरते कॉकरोच तो खूब नजर आते हैं और हम मान लेते हैं कि ये शहरी नाशी-कीटों में सर्वोपरि हैं, लेकिन हाल ही में बायोलॉजी लेटर्स में प्रकाशित एक अध्ययन कहता है कि इन सबसे पहले खटमल ने शहरी बस्तियों को त्रस्त किया था। जी हां, वही खटमल जो ट्रेन की सीटों में, टॉकीजों में और घरों के बिस्तरों में रहता है और खून चूसता है।

खटमलों की कई प्रजातियां हम पर आश्रित हैं और उनका जीवन हमारा खून पीकर ही चलता है, लेकिन जेनेटिक साक्ष्य बताते हैं सुदूर अतीत में खटमलों का पसंदीदा या शायद एकमात्र शिकार चमगादड़ हुआ करते थे। जेनेटिक प्रमाण यह भी बताते हैं कि लगभग 2 लाख 45 हजार वर्ष पूर्व कुछ खटमलों ने छलांग लगाकर मनुष्यों को अपना पोषक बना लिया। कहते हैं कि इस छलांग के चलते खटमलों के दो वंश उभरे थे, एक जो चमगादड़ों का खून चूसते रहे और मुख्य रूप से गुफाओं तथा यूरोप और मध्य पूर्व के प्राकृत वासों में बसे रहे। दूसरे वंश ने आधुनिक बस्तियों में मनुष्य को साथी बनाया। इस प्रक्रिया को समझने के प्रयास में वर्जीनिया पोलीटेक्निक इंस्टिट्यूट के जीव वैज्ञानिक वॉरेन बूथ और उनके साथियों ने चेक गणतंत्र में रहने वाले आम खटमलों की 19 किस्मों (10 चमगादड़ों का खून चूसने वाले और 9 पूर्णतः मनुष्यों पर आश्रित) के संपूर्ण जीनोम्स का विश्लेषण किया। इन दो समूहों के डीएनए में हुए उत्परिवर्तनों की तुलना की और यह मॉडलिंग किया इस तरह के परिणाम आने के लिए प्रत्येक समूह की आबादी कितनी रही होगी। इस आधार पर बूथ समूह ने अनुमान लगाया कि प्रत्येक खटमल किस्म की आबादी में दसियों हजार सालों में कैसे उतार-चढ़ाव आए होंगे। उन्होंने पाया कि चमगादड़-सम्बंधी खटमलों की आबादी 60,000 सालों तक निरंतर घटती गई जबकि मानव सम्बंधी वंशों की आबादी भी 60,000 साल पहले घटी थी, लेकिन 13,000 साल पहले और 7000 साल पहले यह फिर से बढ़ी थी। इस परिवर्तन के कारण के तौर पर बूथ की टीम का मत है कि ठंडी होती जलवायु ने खटमलों की आबादी में शुरुआती गिरावट पैदा की, लेकिन जब मनुष्य घुमंतू जीवन शैली छोड़कर बसने लगे तो खटमलों ने नए आरामदायक जीवन का फायदा उठाया और उनकी आबादी बढ़ी। और 7000 साल पहले तो बड़ी शहरी बस्तियों के विकास ने उन्हें एक और मौका दे दिया। यदि यह कालक्रम सही है, तो खटमल को दुनिया का सबसे पहला शहरी नाशी-कीट होने का खिताब मिलेगा, जो पूरी तरह मनुष्यों पर आश्रित हैं। तुलना के लिए देखें कि कॉकरोच ने हमसे निकट सहवासी सम्बंध मात्र 2000 साल पहले तथा काले चूहे ने मात्र 5000 साल पहले स्थापित किया है।

**-स्रोत फीचर्स**

# सनातन, संत, सत्ता और संग्राम



**तनवीर जाफरी**



गत दिनों मौनी अमावस्या के दिन प्रयागराज में उस समय के एक अजीब स्थिति पैदा हो गई जबकि माघ मेला में मेला प्रशासन व पुलिस द्वारा शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को संगम में स्नान करने से रोका गया? मेला प्रशासन के अनुसार सुरक्षा कारणों से उनके वाहन (पालकी) को रोका गया और स्नान हेतु पैदल जाने को कहा गया, परन्तु शंकराचार्य जी ने इस प्रशासनिक निर्देश को प्रोटोकॉल का उल्लंघन मानते हुए अस्वीकार कर दिया। घटना के सम्बन्ध में प्राप्त ब्यौरे के अनुसार स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद मौनी अमावस्या के दिन अपनी पालकी पर सवार होकर अपने सैकड़ों भक्तों व अनुयायियों के साथ संगम नोज की तरफ बढ़ रहे थे। उसी समय मेला प्राधिकरण की ओर से तैनात पुलिस ने भारी भीड़ बताकर उनकी पालकी को रोक दिया और शंकराचार्य जी से सीमित अनुयायियों के साथ पैदल स्नान स्थल तक पहुंचने व स्नान करने का अनुरोध किया। परन्तु शंकराचार्य ने पूरे सम्मान और प्रोटोकॉल की मांग की, जो अस्वीकार होने पर उन्होंने स्नान नहीं किया और अनशन पर बैठ गए। इस संबंध में मेला व पुलिस प्रशासन का पक्ष है कि शंकराचार्य को स्नान से नहीं, बल्कि वाहन से स्नान लिए जाने से रोका गया था और सुरक्षा व भीड़ प्रबंधन के लिए यह जरूरी भी था परन्तु शंकराचार्य जी व उनके शिष्यों द्वारा जो आरोप लगाए गए हैं वे बेहद गंभीर हैं। कहा जा रहा है कि पुलिस द्वारा शंकराचार्य जी महाराज के शिष्यों की चोटी (शिखा) को पकड़कर घसीटा गया,उन्हें बुरी तरह पीटा गया व अपमानित किया गया। इस घटना को केवल एक कृत्य या हिंसा नहीं, बल्कि इसे सुनियोजित सांस्कृतिक अपमान बताया जा रहा है। क्योंकि यह सब उस समय हुआ जब शंकराचार्य, साधु,संत, शिष्य और श्रद्धालु किसी विरोध या प्रदर्शन के लिए नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि और ईश्वर आराधना के लिए संगम घाट पर आए थे। लिहाजा क्या वजह है कि सनातन धर्म व संतों की रक्षा व इसके मान सम्मान की दुहाई देने वाली भाजपा सरकार के शासन काल में शंकराचार्य स्तर के सम्मानित संतों व उनके गुरुकुल के शिष्यों का धर्म क्षेत्र प्रयागराज में इस तरह अपमान किया गया ?

इस घटना के फौरन बाद जिस तरह 19 जनवरी को प्रशासन ने एक नोटिस चिपका कर 24 घंटे में शंक. राचार्य जी से यह बताने को कहा गया कि अविमुक्तेश्वरानंद जी शंकराचार्य कैसे हैं ? गोया शंक. राचार्य को स्नान से रोके जाने की बात यहां तक जा पहुंची कि अविमुक्तेश्वरानंद जी शंकराचार्य हैं या नहीं? शंकराचार्य कैसे बनते हैं और कौन बना सकता है? क्या सरकार तय करेगी कि कौन शंकराचार्य है और कौन नहीं ? यानी भीड़ को बहाना बनाकर शंकराचार्य की पालकी को रोकना उनके अनुयायियों से मारपीट करना व उन्हें अपमानित करना फिर उसके बाद उनकी शंकराचार्य की पदवी को ही चुनौती देने का अर्थ है कि उन्हें किसी पूर्वाग्रह के चलते ही रोका गया। साथ ही जिसतरह कई संत सरकार की भाषा बोलते व सरकार का पक्ष लेते दिखाई दिए उससे भी साफ हो गया कि उन्हें रोकना व अपमानित करना न केवल सत्ता के अहंकार का एक उदाहरण है बल्कि इसके पीछे शंक. राचार्य अविमुक्तेश्वरानंद जी के विरुद्ध सत्ता का पूर्वाग्रह भी नजर आता है। हालांकि देश का अधिकांश संत समाज अविमुक्तेश्वरानंद जी व उनके शिष्यों व अनुयायियों के साथ हुए दुर्व्यवहार व अपमान से आहत नजर आया। इस घटना के बाद जिस तरह देश के कोने कोने से शंकराचार्य के अनुयाई व अनेक संत संगम तट पर इकठ्ठा होने शुरू किया इससे भी सरकार की काफी फजीहत हुई है।

यदि आप शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद जी के विगत कुछ वर्षों की सक्रियता व उनकी कारगुजारियों पर नजर डालें तो हम यह देखेंगे कि वे बे हिचक और बिना लाग लपेट के और बिना सत्ता की परवाह किए अपनी बात कहने वाले संत हैं। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने जनवरी 2024 में अयोध्या राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का विरोध करते हुए कहा था कि उस समय चूंकि मंदिर का शिखर, कलश और ध्वज स्थापित नहीं थे लिहाजा अधूरे मंदिर में प्रतिष्ठा करने से मूर्ति में आसुरी शक्ति प्रवेश कर सकती है, जो शास्त्रों के विरुद्ध है। इसी तरह उन्होंने नवंबर 2025 में भी ध्वजारोहण पर यह कहते हुए सवाल उठाए थे कि शास्त्रों में ध्वजारोहण का उल्लेख नहीं है, बल्कि शिखर प्रतिष्ठा होती है, जो अभी बाकी थी। उन्होंने इस आयोजन को मनमाना और शास्त्र-विरोधी भी बताया था तथा शंकराचार्यों को न बुलाने पर भी नाराजगी जताई थी। शंकराचार्य ने प्रयागराज के महाकुंभ में हुई भगदड़ के लिए भी योगी आदित्यनाथ सरकार की कड़ी आलोचना की थी। उस वक्त उन्होंने कहा था कि सरकारी प्रबंधों के दावों की पोल खुल गई है और राज्य सरकार को खुद ही हट जाना चाहिए। शंकराचार्य ने कहा था कि श्महाकुंभ में 40 करोड़ श्रद्धालुओं के आने का दावा करने वाली सरकार को व्यापक तैयारी करनी चाहिए थी, लेकिन भगदड़ ने सरकार की नाकामी उजागर कर दी। इसी तरह शंक. राचार्य जी ने वाराणसी में काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के विकास कार्यों के नाम पर प्राचीन मंदिरों को तोड़े जाने का कड़ा विरोध किया था। उन्होंने गोविंदेश्वर महादेव मंदिर को तोड़े जाने पर धरना दिया था और प्रशासन पर शिवलिंग गायब करने का आरोप लगाया था । स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद जी ने इसे हिंदू धार्मिक परंपराओं के खिलाफ बताया था और कहा था कि विकास के नाम पर मंदिर नष्ट नहीं किए जाने चाहिए। उन्होंने स्कंद पुराण में उल्लिखित मंदिरों का हवाला देते हुए विरोध प्रदर्शन किया और धर्म संसद भी बुलाई थी।

इसी तरह स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी ने केदारनाथ मंदिर से 228 किलोग्राम सोने के गायब होने की मीडिया में प्रसारित खबरों पर प्रतिक्रिया करते हुए इसे सोना घोटाला करार दिया था।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

